डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार | 27 अगस्त 2025 | वर्ष-31, अंक-310, पृष्ठ-12 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 04, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com ₹2.00

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ॐ गं गणपतये नमो नम:
श्री सिध्दीविनायक नमो नम: अष्टविनायक नमो नम: गणपती बाप्पा मोरया...
विघ्न हर, विघ्न विनाशन, हे देवान्तक,तेरा नाम और इक- लंबोदर !

**एक नजर**

### हजारीबाग भूमि घोटाला में रिटायर्ड आईएएस विनोद चंद्र झा गिरफ्तार

**रांची।** हजारीबाग भूमि घोटाले में एसीबी, हजारीबाग की टीम ने मंगलवार को रिटायर्ड आईएएस विनोद चंद्र झा को गिरफ्तार कर लिया। वह रांची के धुर्वा स्थित साईं सिटी में रहते थे। एसीबी ने उन्हें गिरफ्तार करने के बाद हजारीबाग जेल भेज दिया है। इसी मामले में एसीबी ने आईएएस विनय चौबे को गिरफ्तार किया था। वह अभी रांची जेल में बंद है। विनोद चंद्र झा हजारीबाग में समाज कल्याण पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित थे। उस वक्त हजारीबाग के डीसी के पद पर विनय चौबे पदस्थापित थे, उन्होंने श्री झा को खास महल पदाधिकारी का भी प्रभार दिया था। आरोप है कि उसी दौरान खासमहल जमीन में कथित घोटाला हुआ। इस घोटाले को लेकर एसीबी, हजारीबाग ने करीब 18 साल बाद प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद एसीबी ने शराब घोटाले में गिरफ्तार विनय चौबे को इस मामले में भी गिरफ्तार किया था। शराब घोटाले में जमानत मिलने के बाद एसीबी ने विनय चौबे को इसी मामले में रिमांड किया है। इस कारण वह जेल से बाहर नहीं निकल सके हैं।

## फॉरेस्ट गार्ड नियुक्ति की नियमावली तीन माह में तैयार करे सरकार : हाईकोर्ट



- सरकार ने बताया : रेंज अफसर और एसीएफ की नियुक्ति के लिए जेपीएससी को अधियाचना भेजी गई
- फॉरेस्ट गार्ड की नियुक्ति नियमावली कैबिनेट को भेजी गयी है, समय लगेगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार को फॉरेस्ट गार्ड की नियुक्ति के लिए नियमावली बनाकर 25 नवंबर तक कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने स्वतः संज्ञान लिए मामले की सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार को वन विभाग में रिक्त पदों पर नियुक्ति पर जानकारी मांगी थी। मंगलवार को अदालत को बताया गया कि रेंज फॉरेस्ट अफसर और असिस्टेंट कंजरवेटिव फॉरेस्ट अफसर के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए अधियाचना भेज दी गई है। फॉरेस्ट गार्ड के लिए सरकार नियमावली बना रही है। संबंधित फाइल कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा गया है। इस कारण इसमें अभी समय लगेगा और अदालत से चार सप्ताह का समय मांगा गया।

शेष पेज 11 पर...

## झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष ने ली शपथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित विशेष समारोह में झारखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश नवनीत कुमार ने झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। उन्हें शपथ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर



कई वरीय अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### हेमंत सोरेन ने केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे संग उच्च स्तरीय बैठक की

# खनन समाप्ति के बाद जमीन रैयतों को लौटाई जाए : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

- खनन प्रभावितों के विकास की जिम्मेदारी केंद्र व राज्य दोनों की : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में कोयला खनन गतिविधियों, पर्यावरणीय संतुलन, स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंड के हितों, खनन क्षेत्रों में स्थानीय लोगों की भागीदारी, रोजगार सृजन, पर्यावरणीय संतुलन तथा राज्य सरकार को मिलने वाले राजस्व से संबंधित विषयों को प्रमुखता से रखा।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा की खनन कार्य संपन्न हो जाने के उपरांत जमीन को भारत सरकार राज्य सरकार को वापस करे, ताकि उस जमीन को मूल रैयतों को लौटाया जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के पुनर्वास, रोजगार, पर्यावरणीय संतुलन तथा आधारभूत संरचना के विकास को प्राथमिकता दी जाए।मौके पर केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि राज्य और केंद्र मिलकर समाधान तलाशेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि झारखंड के विकास और लोगों की भलाई को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार हर संभव सहयोग करेगी। इस बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, खान सचिव अरवा राजकमल, खान निदेशक राहुल सिन्हा, सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार, बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह एवं बीसीसीएल के डीटी एमके अग्रवाल मौजूद थे।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया ऐलान

## भारत में बनेंगे नौसेना के सभी जहाज, विदेश पर निर्भरता खत्म

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मेड इन इंडिया पर जोर देते हुए कहा कि आईएनएस तमाल भारतीय नौसेना के लिए अंतिम विदेशी ऑर्डर था। हमने निर्णय लिया है कि भारतीय नौसेना के लिए भविष्य में कोई भी जहाज विदेश में नहीं बनाया जाएगा। हम अपने जहाज भारत में ही बनाएंगे। यह रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बहुत ही निर्णायक कदम है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमारे सशस्त्र बलों ने दुनिया को दिखाया कि हम जरूरत के समय कैसे कार्य कर सकते हैं। युद्धपोतों की त्वरित तैनाती और क्रियान्वयन के संदर्भ में भारतीय नौसेना द्वारा दिखाई गई योजना बहुत प्रभावी रही है। अगर नौसेना को मौका दिया गया होता, तो भेजा गया संदेश पूरी तरह से अलग होता।

हिंद महासागर में चल रहा शक्ति प्रदर्शन हमें बार-बार सचेत करता है। यहां कई देशों के हित टकराते हैं। इसलिए हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हमारी समुद्री तैयारी मजबूत बनी रहे।



**रक्षा मंत्री ने आईएनएस हिमगिरि और उदयगिरि की बताई ताकत**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा निर्मित आईएनएस हिमगिरि और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित आईएनएस उदयगिरि दोनों आधुनिक युद्धपोत हैं जिनका निर्माण स्वदेशी तौर पर किया गया है। मुझे बताया गया है कि इन युद्धपोतों में कई उन्नत क्षमताएं हैं। इनमें लंबी दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलें, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर, टारपीडो लॉन्चर, युद्ध प्रबंधन प्रणाली और अग्नि नियंत्रण प्रणाली लगाई जा सकती हैं। ये दोनों युद्धपोत समुद्र में खतरनाक अभियानों में गेम-चेंजर साबित होंगे।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

**आज / कल**




## पोस्टमार्टम व चोट जांच रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश

- डीआईजी पलामू ने डीसी को भेजा पत्र, न्यायिक प्रक्रिया में विलंब पर जताई चिंता



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले के उपायुक्तों को पत्र भेजकर स्पष्ट निर्देश दिया है कि पोस्टमार्टम और पीड़िता के चोट जांच (इंजरी) रिपोर्ट थानों को समय पर उपलब्ध करायी जाए। डीआईजी ने पत्र में उल्लेख किया है कि रिपोर्ट देर से मिलने के कारण कई आपराधिक मामलों की जांच समय पर पूरी नहीं हो पा रही है। इससे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत निर्धारित समयसीमा में चार्जशीट दायर करने में कठिनाई हो रही है। गंभीर अपराधों में पुलिस को 90 दिनों के भीतर और अन्य मामलों में 60 दिनों के भीतर जांच पूरी करनी होती है, लेकिन रिपोर्ट की देरी न्याय व्यवस्था में बाधा बन रही है। पत्र में यह भी कहा गया है कि कई ऐसे मामले, जिनका पोस्टमार्टम जिला अस्पतालों में किया जा सकता है, उन्हें भी अनावश्यक रूप से रांची रेफर किया जा रहा है। इससे न केवल समय और संसाधन की बर्बादी होती है, बल्कि पीड़ित परिवारों को भी अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ता है। डीआईजी ने उपायुक्तों से अनुरोध किया है कि वे सिविल सर्जन को निर्देशित करें कि सभी पोस्टमार्टम और इंजरी रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा में थानों को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही केवल वही मामले रांची भेजे जाएं, जो वास्तव में रेफर करने योग्य हों।

डीआईजी ने इसे न्यायिक प्रक्रिया को समय पर पूरा करने और जनता को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम बताया है।

**झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र**

## कार्यवाही शुरू होते सत्ता पक्ष ने लगाए 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे, विपक्ष का भी हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र का तीसरा दिन हंगामे के साथ ही शुरू हुआ। सदन की सीढ़ियों पर सत्ता पक्ष के विधायकों ने एसआईआर का विरोध किया। सभी ने एक सुर में कहा कि संविधान के अधिकार को केंद्र सरकार छीनना चाहती है।

इस दौरान 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे भी लगाए गए। वहीं सदन के भीतर विपक्ष भी हंगामा करता दिखा। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही का जारी रखने को लेकर सदस्यों ने आग्रह किया। लेकिन बात नहीं बनी। सत्ता और विपक्ष हंगामा करते रहे। इसके बाद महज 3 मिनट के बाद ही सदन की कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

**सदन शुरू होते फिर हंगामा :** 12 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। कार्यवाही शुरू होते ही शून्यकाल में पक्ष और विपक्ष दोनों ने हंगामा किया। इसके बाद फिर विधानसभा अध्यक्ष ने हंगामे को देखते हुए शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा हुआ मानते हुए सदन की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद फिर से सदन की कार्यवाही शुरू हुई।

शेष पेज 11 पर...






### अतिवृष्टि से हुए नुकसान का आकलन होगा : सीएम

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि इस साल बहुत ज्यादा बारिश हुई है। शुरू में ही तय हुआ था कि अतिवृष्टि पर चर्चा होनी चाहिए। आज इस पर चर्चा हुई। हमलोग की नजर राज्य के हालात पर है। विधानसभा के सदस्य विभिन्न क्षेत्रों से आते हैं। जगह-जगह की जानकारी विस्तृत रूप से प्राप्त हुई। जिन-जिन जगहों पर नुकसान हुआ है उन सभी का आकलन होगा।



सीएम मंगलवार को सदन की कार्यवाही समाप्त होने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बारिश से किसान, सड़क, पुल पुलिया, बिजली के खंभों को नुकसान हुआ है। जानें भी गई हैं। सरकार सभी का ध्यान रखकर उन तक राहत पहुंचाएगी। इस पर विभाग तेजी से काम कर रहा है। जल्द से जल्द लोगों को मदद पहुंचे ये हमारा प्रयास है।

**इंडिया**

## दिखावे और झूठी शान के लिए दहेज हत्या का दोषी कौन?



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

जब बेटी सदा के लिए घर छोड़ कर जाती है तो हर पिता उपहार अपनी लाडली को देता है इसे दहेज नहीं कह सकते। इस स्नेह भरी परंपरा को जब जबरिया वसूली या समाज में दिखावा या झूठी शान के लिए बोली लगाने जैसी परंपरा में बदला गया तो यह दूषित होती चली गई। अनेक तथाकथित सवर्ण यानी जो 500 से 1000 साल पहले संपन्न या विकसित राजा जमींदारों जैसे परिवारों से या उस जाति से आने वाले लोग हैं आज सबसे ज्यादा पीड़ित हैं क्योंकि आज उनको खाने के लाले पड़े हुए हैं और समाज लाखों रुपए के तिलक दहेज की मांग करता है जिस कारण अनेक योग्य या योग्यतम कन्याएं अयोग्य घरों में ब्याही जा रही हैं जिन घरों में निकम्मे लड़के दूसरों से बराबरी करने के लिए अपनी नववधुओं पर दहेज के लिए दबाव डालते हैं और विवाद बढ़ता हुआ उनकी हत्याओं तक पहुंच जाता है। दहेज उत्पीड़न में भी झारखंड पीछे नहीं है दहेज़ ना देने पर झारखंड में 2021 में दहेज हत्या के 208 मामले दर्ज किए गए थे जो साल 2022 में बढ़कर 214 हो गए।नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के अनुसार, 2022 में दहेज हत्या के कुल 6450 मामले दर्ज हुए थे। इस आंकड़े के अनुसार बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और हरियाणा के 80% मामलों में हर तीन दिन में लगभग 54 महिलाएं दहेज प्रताड़ना और हत्या का शिकार होती रही हैं। झारखंड की कई बहू जलाने और नोएडा की हाल की घटना को इसी संदर्भ में जोड़कर देखना चाहिए । कड़े कानून बने हुए हैं पर सजा का प्रतिशत कम है इनका दुरुपयोग भी किया गया और विवाद बढ़ते बढ़ते इसकी धार कुछ कुंद हो गई। दहेज हत्याओं का क्रम अब दलितों से लेकर मुसलमानों तक पहुंच गया है इसके मूल में जाए तो कहीं ना कहीं दिखावे भरा जीवन और जल्दी अमीर बनने की अदम्य इच्छा है। धनाढ्य नेताओं से लेकर समाज सुधारकों का एक बहुत बड़ा वर्ग जब राजसी ठाठ बाट से विवाह करता है तो इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया उनकी प्रशंसा के गुण गाता है प्रिंट मीडिया के कुछ सजग पत्रकारों की आलोचना किनारे कर दी जाती है कि अगर इस प्रकार नेतृत्व करने वाले लोग दिखावा भरी शादियां करेंगे तो समाज में दिखावा बढ़ेगा ही। क्षेत्रवाद, भाषावाद और धार्मिक या जातीय आधार पर लड़ने वाले नेता से लेकर प्रबुद्ध लोग ऐसी शादियों को अनुचित नहीं बताते बल्कि एंजॉय करते हैं। भारत में विवाह एक बड़े उद्योग का रूप ले चुका है । यदि एक अध्ययन किया जाए की समाज में बेमेल विवाह और कुंवारी लड़कियों लड़कियों की संख्या और उनकी स्थिति क्या है तो चौंकाने वाले परिणाम आएंगे। अनेक परिवारों में विवाद वैमनस्य और और हत्याओं तक के पीछे ऐसे बेमेल विवाह होते हैं जिससे परिवारों से लेकर समाज में बिखराव होता है। अंतरजातीय विवाह से इसके समाधान का प्रयोग भी असफल ही साबित हुआ है आजकल अंतरधार्मिक विवाह में भी विवाद हैं गहराई से अध्ययन किया जाए तो इसके मूल में भी दहेज के कारण विवाह का समय पर नहीं होना है। समय आ गया है कि अनाप-शनाप खर्च करने वाले लोगों पर लगाम लगाई जाए और जिस प्रकार भ्रष्ट लोगों पर केंद्रीय एजेंसियां कार्रवाई करती है वैसी कार्रवाई हो उनसे पूछा जाए कि यह पैसे कहां से और कैसे प्राप्त किए गए शायद इससे शादियों में सादगी दिखाई पड़े। समाज को भी मंदिरों गुरुद्वारों और चर्च जैसी संस्थाओं में विवाह को बढ़ावा देना चाहिए।



## सुरज कुमार सिंह बने झारखंड चेयरमैन पर्यावरण संवर्धन परिषद ने दी जिम्मेदारी



- 07 अगस्त 2025 से तीन साल के लिए नियुक्ति, समाज व सतत विकास में योगदान की अपेक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद (भारत) ने गढ़वा निवासी सुरज कुमार सिंह को झारखंड का चेयरमैन नियुक्त किया है। परिषद की केंद्रीय स्थायी समिति की अनुशंसा पर यह नियुक्ति 07 अगस्त 2025 से प्रभावी मानी जाएगी, जो 06 अगस्त 2028 तक जारी रहेगी। जारी आदेश के अनुसार, नियुक्ति आदेश संख्या 10658 के तहत सुरज कुमार सिंह की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हुई है। परिषद ने उनसे अपेक्षा जताई है कि वे संविधान और नियमावली के अनुरूप कार्य करेंगे, अनुशासन का पालन करेंगे तथा समाज के उत्थान और सतत विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। केंद्रीय सचिव ज्योति बेन परमार द्वारा जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी प्रकार का अनैतिक या गैर-जिम्मेदाराना आचरण पाए जाने पर सदस्यता तत्काल समाप्त की जा सकती है। परिषद ने इस नियुक्ति की सूचना प्रधानमंत्री कार्यालय, झारखंड

**शेष पेज 11 पर...**

# पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने किया हरितालिका व्रत

## सुहागिनों ने निर्जला उपवास कर शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** मंगलवार को अनुमंडल क्षेत्र के हुसैनाबाद शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए हरितालिका तीज का व्रत रखा। महिलाएं दिनभर निर्जला उपवास कर रातभर पूजा-पाठ और कथा श्रवण में शामिल रहीं। नगर पंचायत क्षेत्र के जवाहिर साव गली में पंडित ब्रजकिशोर पांडेय तथा महावीर मंदिर में गोपाल पाठक ने विधिविधान से पूजा-अर्चना कराई। पंडित ब्रजकिशोर पांडेय ने बताया कि यह व्रत सुहाग का पर्व है, जिसमें माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा होती है। मान्यता है कि माता पार्वती ने 12 वर्षों तक अखंड तपस्या कर शिवजी को पति स्वरूप प्राप्त किया था। इस मौके पर सुनीता ओझा, सीमा झा, रीमा ओझा, कुमुद गुप्ता, डिंपल कुमारी, पूनम अग्रवाल, मोहिनी आनंद, रिंकी कुमारी, सोनम कुमारी, संध्या देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने व्रत रखा। सभी व्रती बुधवार को 24 घंटे बाद अन्न-जल ग्रहण कर व्रत का पारण करेंगी।

### भीमचुल्हा में हरितालिका तीज पर सुहागिनों का लगा जमावड़ा

**कथा श्रवण व पूजा-पाठ से गूंजा ऐतिहासिक स्थल**



**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल भीमचुल्हा में मंगलवार को हरितालिका तीज पर्व पर सुहागिन महिलाओं का जमावड़ा लगा। महिलाएं नए परिधान और सोलह श्रृंगार से सज-धजकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना में शामिल हुईं। पुजारी सह गाइड पंडित गंगा तिवारी ने धार्मिक विधि-विधान के बीच कथा वाचन किया। उन्होंने बताया कि यह व्रत अखंड सौभाग्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिए किया जाता है। कोयल नदी के पावन तट पर स्थित यह स्थल हर वर्ष हरितालिका तीज पर विशेष रूप से भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने इसी तिथि और नक्षत्र में भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तप किया था। तभी से यह पर्व सुहागिनों के लिए विशेष फलदायी माना जाता है।

### तीज व्रत की रात जागरण विशेष फलदायी व शुभकारी : पं. कुंडल तिवारी



**हैदरनगर।** मंगलवार को तीज पर्व को लेकर हैदरनगर बाजार और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जला उपवास कर शाम को भगवान शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की। पूजा स्थलों पर महिलाओं ने परंपरागत श्रृंगार में एकत्र होकर सामूहिक रूप से पूजा की। इस दौरान बाजारों में पूजा सामग्री, फल और खीरे की खरीददारी को लेकर दिनभर चहल-पहल रही। पंडित कुंडल तिवारी, पं. अरुण कुमार दूबे और सत्येंद्र कुमार दूबे ने बताया कि व्रत की रात जागरण करना अत्यंत फलदायी और शुभकारी माना जाता है। महिलाएं इस व्रत में माता पार्वती को सौभाग्य सामग्री अर्पित करती हैं और सास को भी सौभाग्य सामग्री भेंट कर आशीर्वाद लेती हैं। पूरे क्षेत्र में व्रत के साथ-साथ सांस्कृतिक आयोजन, नाच-गान और पारंपरिक लोकगीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## न्यूज | बॉक्स

### नौडीहा में खाद की कालाबाजारी का भंडाफोड़



**नौडीहा।** प्रखंड क्षेत्र के सराईडीह-नवाडीह स्थित मां दुर्गा ट्रेडर्स खाद दुकान पर मंगलवार को प्रशासन ने छापामारी कर बड़ी कार्रवाई की। दुकान में सात बैग यूरिया दिखाया गया, लेकिन गोदाम में छिपाकर रखे गए 129 बैग यूरिया बरामद किए गए। अंचलाधिकारी मनीष कुमार सिन्हा ने बताया कि दुकान पर 800 रुपये प्रति बैग के हिसाब से यूरिया बेचा जा रहा था। जबकि सरकार ने निर्धारित दर तय की है। प्रशासन ने तत्काल दुकान को सील कर दिया और दुकान का निबंधन रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि जो भी विक्रेता खाद की कालाबाजारी करते पकड़ा जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

### कोटिया-सप्तमी-लकड़ाही जंगल-पहाड़ बचाने को लेकर ग्रामीणों का हुंकार



**सतबरवा।** रेवारातू पंचायत के ग्रामीणों ने मंगलवार को अंचलाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपकर कोटिया, सप्तमी और लकड़ाही के जंगल-पहाड़ बचाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि यदि यह क्षेत्र खनन कंपनियों को सौंपा गया तो उनकी आजीविका और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य नष्ट हो जाएगा। संघर्ष समिति के राजेंद्र सिंह ने कहा कि जल-जंगल-जमीन ही हमारी जीवन रेखा हैं, इन्हें बचाना हर ग्रामीण का संकल्प है। 75 वर्षीय शिव राज सिंह ने भावुक होकर कहा कि ये पेड़-पौधे और पहाड़ हमारी जिंदगी की जड़ें हैं। इन्हें खोने का अर्थ गांव की हरियाली और बच्चों के भविष्य को खो देना होगा। गौरतलब है कि वर्ष 2016 में 182.63 एकड़ गैर-मजरूआ भूमि पर कथित फर्जी आमसभा कर 28 एकड़ क्षेत्र में पत्थर खनन का लीज कराया गया था। ग्रामीण तभी से विरोध कर रहे हैं। आंदोलन को सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा का भी समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अकेले नहीं हैं, पूरा समाज उनके साथ खड़ा है। ज्ञापन सौंपने के मौके पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।

### जपला रेलवे स्टेशन की मुख्य सड़क बदहाल




**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत जपला रेलवे स्टेशन जाने वाली मुख्य सड़क का हाल बेहाल हो गया है। जेपी चौक से लेकर रेलवे स्टेशन तक सड़क जगह-जगह जर्जर हो चुकी है और गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई है। बरसात के कारण सड़कों पर जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। हालात ऐसे हैं कि लोग व्यंग्य में कहने लगे हैं- हुसैनाबाद की सड़कों पर चलिए और आयोडेक्स मलियें। इस सड़क की हालत इतनी खराब है कि वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। छोटे-बड़े गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालक अक्सर गिरने से बचते हैं। ग्रामीणों और यात्रियों को स्टेशन आने-जाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को भी इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है जिससे समस्या और गंभीर हो जाती है। आश्चर्यजनक स्थिति यह है कि जिस मार्ग पर अधिकारियों का आवास स्थित है, वही सबसे ज्यादा जर्जर है। स्थानीय लोगों ने हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी सह प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी से तत्काल सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष व समाजसेवी जिशान हसन ने भी इस मामले पर पहल करते हुए सड़क की मरम्मत की मांग की है।

# खेत में करंट से युवक की मौत

**फसलों की सुरक्षा के लिए लगाए तार की चपेट में आया 32 वर्षीय प्रमोद**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के बेनी कला पंचायत के सबानो तरी गांव में मंगलवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां के निवासी प्रमोद मेहता (32 वर्ष) खेत में लगे करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि प्रमोद सुबह उठकर शौच के लिए बगल के गांव बिशुनपुर गए थे। खेत मालिक ने फसलों को जानवरों से बचाने के लिए तार में करंट छोड़ा था। शौच के दौरान प्रमोद का पैर तार में फंस गया और वे करंट से बुरी तरह झुलस गए। परिजन तुरंत उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक घर का बड़ा बेटा था। पीछे पत्नी, दो बेटियां और वृद्ध विकलांग पिता हैं। घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ मोहम्मद याकूब और थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। पंचायत के मुखिया श्रवण राम ने मृतक के परिजनों को सरकारी मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

### जपला मुख्य डाकघर सहित झारखंड के कई डाकघरों में चार दिन से लिंक फेल

**हुसैनाबाद।** जपला मुख्य डाकघर सहित पलामू प्रमंडल और झारखंड के विभिन्न जिलों के डाकघरों में पिछले चार दिनों से लिंक फेल की समस्या बनी हुई है। शनिवार से शुरू हुई इस समस्या के कारण सभी तरह का कामकाज ठप है। धनबाद, रामगढ़ कैंट, गढ़वा, डाल्टनगंज, नगर उंटारी, साहिबगंज, हरिहरगंज, हैदरनगर और दुमका सहित कई डाकघरों में रोजाना सैकड़ों खाताधारी खाली हाथ लौट रहे हैं। ग्राहकों का गुस्सा डाककर्मियों पर फूट रहा है और लोग विभाग पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने बताया कि जबसे डाक विभाग ने नया सॉफ्टवेयर वर्जन २.0 लागू किया है, तभी से समस्या बढ़ गई है और लगातार लिंक फेल की शिकायतें आने लगी हैं। उन्होंने कहा कि इस समस्या से डाक विभाग के उच्चाधिकारियों को ईमेल द्वारा अवगत करा दिया गया है। वहां से आश्वासन मिला है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

### हैदरनगर के तीन पैक्स को मिला यूरिया वितरण का जिम्मा

# प्रति पंचायत सिर्फ 70 बोरा आवंटन किसानों ने जताई नाराजगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** धान की फसल खेतों में लहलहाने को तैयार है, लेकिन इस समय यूरिया की किल्लत ने किसानों की नींद उड़ा दी है। प्रखंड स्तर पर कई बैठकें प्रशासन और विक्रेताओं के बीच हो चुकी हैं, फिर भी पर्याप्त खाद की उपलब्धता नहीं हो पाई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब डिस्ट्रीब्यूटर के पास ही खाद का भंडार नहीं है, तो प्रखंड के दुकानदार किसानों को खाद कहाँ से देंगे? प्रशासन ने फिलहाल प्रखंड के तीन पैक्स को 12 पंचायतों में यूरिया वितरण की जिम्मेदारी दी है। प्रति पंचायत 70 बोरा के हिसाब से एक पैक्स को 280 बोरा यूरिया मिला है। लोहरपुरा पैक्स (अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह) झ इमामनगर, बरेवा, बभंडी, संड़ेया और बिलासपुर पंचायत में वितरण। झरी पैक्स (अध्यक्ष रविंद्र सिंह) झझरी, मोकहर कला, परता और खरगड़ा पंचायत में वितरण। हैदरनगर पैक्स (अध्यक्ष दिनेश सिंह उर्फ पप्पू सिंह) झ हैदरनगर पूर्वी, हैदरनगर पश्चिमी, कुकही और चौकड़ी पंचायत में वितरण। वरिष्ठ किसान यमुना सिंह, अनूप कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह समेत कई किसानों ने कहा कि अगर समय पर पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं हुआ तो फसल खराब हो सकती है और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि खाद का समय पर वितरण नहीं हुआ तो न केवल किसानों की आमदनी पर असर पड़ेगा, बल्कि उत्पादन में भी भारी गिरावट आ सकती है।

# वित्त रहित मोर्चा 05 सितंबर को देगा धरना 02 अक्टूबर को सीएम आवास घेराव




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** वित्त रहित मोर्चा ने ऐलान किया है कि 05 सितंबर शिक्षक दिवस को राजभवन के सामने एक दिवसीय महाधरना और 02 अक्टूबर गांधी जयंती को मुख्यमंत्री आवास घेराव किया जाएगा। मोर्चा के नेताओं ने कहा कि वे 75% अनुदान की राशि बढ़ाने, शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने और सीट निर्धारण से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं। आंदोलन की वजह यह भी है कि कई विद्यालय और मदरसे अनुदान से वंचित हैं। धरना में राज्यभर के हजारों शिक्षक शामिल हुए। महिलाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद थीं। संस्कृत शिक्षक पीला वस्त्र पहन कर और मदरसा शिक्षक सफेद टोपी पहन कर पहुंचे। मौके पर कई शिक्षकों ने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो वे छात्रों के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। शिक्षा सचिव से प्रतिनिधिमंडल की वार्ता भी हुई, जिसमें सचिव ने आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री से जल्द ही बातचीत कर 75% अनुदान और अन्य मुद्दों पर निर्णय लिया जाएगा।

# प्रखंड के सभी पैक्स को उपलब्ध कराए गए 560 बैग उर्वरक

**किसानों को मिलेगी फौरी राहत, मगर जरूरत अब भी अधूरी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि जिला कृषि पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड के चार पैक्स रामबांध, भजनियां, कोल्हुआ-सोनबरसा और मोहम्मदगंज को 140-140 बैग, कुल 560 बैग इफको यूरिया आवंटित किए गए हैं। इससे पंसा, लटपौरी, गोड़ाडीह और कादलकुर्मी पंचायतों के किसानों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह खेप गुरुवार तक सभी पैक्स में उपलब्ध हो जाएगी और इससे उर्वरक की कमी के बीच किसानों को तत्काल राहत मिलेगी, हालांकि यह जरूरत पूरी करने के लिए पर्याप्त नहीं है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सत्यनारायण सिंह ने भी सरकार को धन्यवाद देते हुए पर्याप्त मात्रा में और आवंटन की मांग की। उन्होंने पैक्स अध्यक्षों को चेतावनी दी कि खाद केवल सरकार द्वारा तय दर पर ही किसानों को उपलब्ध कराई जाए, अन्यथा शिकायत पर कड़ी कार्रवाई होगी। जिला कृषि पदाधिकारी ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बीटीएम, एटीएम और जनसेवकों को आदेश दिया है कि वे ई-पॉश मशीन से पैक्स में उपस्थित रहकर खाद का वितरण सुनिश्चित करें।

# भौंराहा पर्वत की तलहटी में बह रहा मनोरम झरना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** बरसात के मौसम ने इस बार जंगलों और पहाड़ों को हरियाली से भर दिया है। इसी बीच भौंराहा पर्वत की तलहटी में बहता हुआ एक झरना लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गया है। इसकी खूबसूरती को देखकर स्थानीय लोग इसे पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय निवासी रौशन कुमार और उनके साथियों ने झरने का अवलोकन कर बताया कि यह प्रखंड मुख्यालय से लगभग एक किलोमीटर दूर दक्षिण दिशा में स्थित है। झरना पथरीले तालाब में गिरकर आगे चलकर कोयल नदी में मिल जाता है। इसे मानचित्र पर भनु ढोढा नाम से दर्शाया गया है।

# खाद की कालाबाजारी से किसान परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** पूरे पांकी विधानसभा क्षेत्र में खाद की कमी और कालाबाजारी को लेकर किसान बेहद नाराज हैं। किसानों का कहना है कि सरकारी दर पर 50 किलो यूरिया खाद की कीमत 266 रुपये है, लेकिन स्थानीय दुकानदार 650-700 रुपये तक वसूल रहे हैं। सोमवार को पांकी विधायक के सतबरवा प्रतिनिधि सह सोशल मीडिया प्रभारी महेश प्रसाद यादव, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा और प्रवेश यादव ने पलामू उपायुक्त समीरा एस को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधियों ने बताया कि सतबरवा को केवल 713 बोरा यूरिया खाद आवंटित हुआ है, जो किसानों की वास्तविक जरूरत के मुकाबले बेहद कम है। एक पंचायत में औसतन 400-500 किसान हैं, जबकि पूरे प्रखंड में 10 पंचायतें हैं, ऐसे में वितरण के समय हंगामे की स्थिति बन सकती है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो किसानों की मेहनत और उम्मीदों पर पानी फिर जाएगा। डीसी ने आश्वासन दिया है कि जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### सरकारी आवास का पैसा लाभुकों तक पहुंचे: सतेंद्र ठाकुर



**पंडवा।** इंडियन मानवाधिकार प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि सरकारी आवास योजना का पैसा समय पर और पूरा लाभुकों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने बताया कि पंडवा प्रखंड के कई लाभुकों को नरेगा से मिलने वाला पैसा अब तक उनके खाते में नहीं आया है। कई ऐसे लाभुक हैं जिनका आवास बने हुए एक वर्ष से ज्यादा हो चुका है, लेकिन भुगतान न मिलने से वे परेशान हैं। ठाकुर ने प्रखंड अधिकारियों से इस मामले में विशेष ध्यान देने की अपील की।

**प्रतिभा**

### राष्ट्रीय खेल दिवस आयोजित

# क्विज प्रतियोगिता में मिडिल स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

- **प्रखंड स्तरीय क्विज व पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुसैनाबाद प्रखंड के मध्य विद्यालय प्रांगण में किया गया। इस प्रतियोगिता में राजकीयकृत मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें अमित कुमार शर्मा ने प्रथम तथा खुशी कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी विद्यालय के कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों के बीच आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रियांशु कुमारी और दीपक कुमार ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को बीपीएम रंजना भारती और ब्लॉक रिसोर्स पर्सन बिनोद कुमार ने पुरस्कृत किया। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में चयनित छात्र अब जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो मेदिनीनगर (डाल्टनगंज) में आयोजित होगी। विद्यालय में प्रत्येक सप्ताह क्विज प्रतियोगिता कराई जाती है जिससे बच्चों के ज्ञान और आईक्यू स्तर में वृद्धि होती है। आज की प्रतियोगिता में छात्रों से ओलंपिक खेल से जुड़े प्रश्न पूछे गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद, सीआरसी विनय कुमार सिंह, शिक्षक मो. जुबैर अंसारी और राजेश कुमार गुप्ता उपस्थित थे। विद्यालय परिवार ने सभी विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### दुर्गा पूजा 2025 की तैयारी शुरू

# दुर्गा बाड़ी जपला समिति की बैठक सम्पन्न, अजय सिंह बने अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** दुर्गा बाड़ी जपला समिति की बैठक आज सम्पन्न हुई, जिसमें आगामी दुर्गा पूजा 2025 की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी दुर्गा पूजा उत्सव को भव्यता और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें अजय सिंह को अध्यक्ष चुना गया। संरक्षक मंडल में राम-प्रवेश सिंह, प्रवीण कुमार बराट, ओम प्रकाश उपाध्याय, श्याम प्रसाद विश्वकर्मा समेत कई सदस्य शामिल हुए। समिति ने तय किया कि पूजा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन और बच्चों के लिए विशेष आयोजन होंगे। सचिव विक्रांत सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिकता का प्रतीक है। अंत में सभी सदस्यों ने जय माँ दुर्गा के उद्घोष के साथ बैठक का समापन किया।

### हैदरनगर के बभंडी में ड्रोन से खेतों में नैनो यूरिया का छिड़काव

**हैदरनगर।** प्रखंड के बभंडी पंचायत में मंगलवार को कृषि क्षेत्र में नई तकनीक का प्रदर्शन किया गया। यहां मुखिया जितेंद्र सिंह के धान के खेतों में ड्रोन तकनीक से नैनो यूरिया और जाइम का छिड़काव किया गया। इस अवसर पर सहायक प्रखंड कृषि तकनीकी प्रबंधक (एटीएम) परवीन जहां ने किसानों को बताया कि ड्रोन से छिड़काव करने पर कम समय में अधिक क्षेत्र को कवर किया जा सकता है। इससे किसानों का श्रम और लागत दोनों घटते हैं, साथ ही फसल की गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया पारंपरिक यूरिया से ज्यादा प्रभावी है और इसके उपयोग से मिट्टी की उर्वरता लंबे समय तक सुरक्षित रहती है। इससे सतत कृषि को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आमदनी में भी सुधार होगा।

बेटे ने की पिता की हत्या

# पड़वा पुलिस ने आरोपी कारू कुमार को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** थाना क्षेत्र के कजरमा गांव में एक बेटे ने अपने ही पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी 20 वर्षीय कारू कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मृतक की पहचान प्यारे भुइयां के रूप में हुई है।

थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि प्यारे भुइयां की मौत संदेहास्पद परिस्थिति में हुई है और शव को श्मशान घाट ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर सअनि सुनील कुमार चौधरी मौके पर पहुंचे। जांच में पाया गया कि मृतक की एक आंख फूटी हुई थी, आंख और नाक से खून निकल रहा था तथा गले पर फंदे के निशान थे।

पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतक के पुत्र कारू कुमार से पूछताछ की। पूछताछ में कारू ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि 21 अगस्त की रात नशे की हालत में वह गाना बजाकर नाच रहा था। उसी दौरान उसके पिता प्यारे भुइयां घर पहुंचे और मां को न पाकर गाली-गलौज करने लगे। समझाने पर उन्होंने कारू को थप्पड़ मार दिया। इसी से गुस्साए कारू ने लोहे के शबल से पिता पर हमला कर दिया, जिससे उनकी आंख फूट गई और खून बहने लगा।

चिल्लाने पर शोर को दबाने के लिए कारू ने रस्सी से गला दबाकर पिता की हत्या कर दी और शव को घर के अंदर छिपा दिया। बाद में किसी को संदेह न हो, इसके लिए शव को श्मशान घाट ले जाकर जलाने का प्रयास किया गया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर 23 अगस्त को रांची रिम्स में पोस्टमार्टम कराया। जांच में यह भी सामने आया कि पिता-पुत्र दोनों अक्सर नशे की हालत में गाली-गलौज और मारपीट करते थे। हत्या में प्रयुक्त लोहे का शबल और रस्सी को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

# पलामू के विद्यार्थियों की प्रतिभा विस्मित करती है : सौरभ प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, मेदिनीनगर के प्रशाल में आयोजित पेंटिंग, क्विज और भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन कर जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने किया। उन्होंने कहा कि पलामू के विद्यार्थियों की प्रतिभा विस्मित करने वाली है। विद्यालय से लेकर राज्य स्तर तक प्रतियोगिताओं के आयोजन का उद्देश्य छात्रों की छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर निखारना है। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई दी और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

एपीओ मनोज कुमार मिश्रा ने प्रतियोगिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, जबकि संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया।

पेंटिंग प्रतियोगिता में बालक वर्ग में हरिहरगंज के सूरज कुमार और बालिका वर्ग में पांडू की अर्चना कुमारी ने पहला स्थान हासिल किया। क्विज प्रतियोगिता में नावाबाजार के विरेन्द्र कुमार और पांडू की प्रीति कुमारी विजेता बने। भाषण प्रतियोगिता में ऊंटारी रोड के मोनू कुमार और मोहम्मदगंज की निधि कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ये सभी विजेता आगामी 31 अगस्त 2025 को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पलामू जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी व प्रमाणपत्र प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र मिला।

निर्णायक मंडल में शिक्षिका निशा, रीना कुमारी, रवीन्द्रनाथ सिंह, रवीन्द्र कुमार पाल, अशोक कुमार, कृष्ण कुमार, अनुपम तिवारी और संजय कुमार सिंह शामिल थे। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी निर्णायकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षा कर्मी रामसरेख पांडेय, वीरेन्द्र तिवारी और आमोद कुमार सिन्हा की सक्रिय भूमिका रही।

# अंतिम सलामी के साथ विदा हुए अजय चंद्र पांडे

- सड़क हादसे में हुई असामयिक मौत, पुलिस महकमे और परिजनों में गम की लहर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रतिनियुक्त अजय चंद्र पांडे (36 वर्ष), निवासी ग्राम बभंडी, थाना चैनपुर, का सड़क हादसे में इलाज के दौरान निधन हो गया। 23 अगस्त की शाम वे पुलिस अधीक्षक कार्यालय से अपने आवास लौट रहे थे, तभी एक चारपहिया वाहन की चपेट में आने से उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गंभीर रूप से घायल पांडे का प्राथमिक उपचार सदर अस्पताल में हुआ, जहां से उन्हें रांची रिम्स रेफर किया गया। 25 अगस्त की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। 26 अगस्त की सुबह पुलिस केंद्र पलामू में उन्हें गमगीन माहौल में अंतिम सलामी दी गई। सलामी कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभियान राकेश कुमार सिंह, एसडीपीओ सदर मणि भूषण, एसडीपीओ बिश्रामपुर आलोक टूटी सहित अनेक पुलिस अधिकारी, जवान, पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद थे। अजय चंद्र पांडे अपने पीछे बुजुर्ग पिता, एक भाई, पत्नी और दो छोटे बच्चों (एक पुत्र व एक पुत्री, जिनकी उम्र 4 व 6 वर्ष है) को छोड़ गए हैं। उनके सहकर्मी उन्हें मिलनसार, हंसमुख और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के रूप में याद कर रहे हैं। पुलिस मेंस एसोसिएशन ने उनके पैतृक गांव जाकर परिजनों को ढाढ़स बंधाया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। बाद में शाहपुर के समीप बालाघाट श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां पूरे पुलिस महकमे और परिजनों ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी।

# हरितालिका तीज व्रत रख सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना की

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के आस पास के क्षेत्रों में हरितालिका तीज का व्रत सुहागिन महिलाओं ने रखा। जहां विधि विधान से भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की पूजा अर्चना कर पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना की। सुहागिन महिलाएं निर्जला इस व्रत को रखती है। व्रत भाद्रपद के शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि को मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिनों ने निर्जला व निहार रहकर हरितालिका तीज का वर्त रखा. संध्या बेला पर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की साथ ही अखंड सौभाग्य होने व अपने सुखमय वैवाहिक जीवन का वरदान मांगा।

हरतालिका तीज की कथा माता पार्वती और भगवान शिव के पुनर्मिलन से जुड़ी है। पौराणिक कथा के अनुसार, देवी पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। उन्होंने भाद्रपद शुक्ल तृतीया को भगवान शिव की पूजा की और भगवान शिव ने उन्हें दर्शन देकर पार्वती को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार करने का वचन दिया. इस दिन को हरतालिका तीज के रूप में मनाया जाता है।

एक सुहागिन व्रती शिक्षिका अनिता वर्मा और अनामिका उर्फ छोटू ने कहा की हम सुहागिन महिलाओं का सौभाग्य है कि हमें यह अवसर वर्षो से मिला है की हम अपने पति के लंबी उम्र, दीर्घाऊ और उनके स्वस्थ रखने के लिए व्रत रखते हैं। पति भी उसी तरह अपने अर्धाग्नि यानी पत्नी का ख्याल रखें।

## गणेश चतुर्थी आज, तैयारी पूरी

**मेदिनीनगर।** गणेश चतुर्थी का पावन पर्व इस वर्ष 27 अगस्त 2025, बुधवार को मनाया जाएगा। यह पर्व भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। गणेश जी को विद्या-बुद्धि के दाता, विघ्नहर्ता और समृद्धि-सुख का प्रदायक माना जाता है। इस बार गणेश चतुर्थी बुधवार को पड़ रही है, जो गणपति जी का ही दिन है। साथ ही इस दिन शुक्ल योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग भी बन रहा है। गणेश पूजा का शुभ मुहूर्त 27 अगस्त को सुबह 11:05 बजे से दोपहर 01:40 बजे तक रहेगा। भक्त इसी समय भगवान गणपति की स्थापना और पूजा-अर्चना करेंगे। गणेश विसर्जन 6 सितंबर 2025 को किया जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार गणेश चतुर्थी के दिन चंद्र दर्शन वर्जित है। इस साल 26 अगस्त को दोपहर 01:54 बजे से रात 08:29 बजे तक और 27 अगस्त को सुबह 09:28 बजे से रात 08:57 बजे तक चंद्र दर्शन निषिद्ध रहेगा।

## शहर में 'कर्मचारी शक्ति समागम' का आयोजन

**मेदिनीनगर।** झारखंड पदाधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी महासंघ (झारोटेफ) के तत्वावधान में 27 अगस्त 2025 को मेदिनीनगर टाउन हॉल में 'कर्मचारी शक्ति समागम' का आयोजन किया जाएगा। इस समागम में एमएसीपी की न्यायपूर्ण मांग, शिशु शिक्षण भत्ता और कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु को 62 वर्ष किए जाने जैसे अहम मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इस कार्यक्रम में झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ, झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ, झारखंड +2 शिक्षक संघ, पुलिस मेंस एसोसिएशन, वीएलडब्ल्यू संघ समेत कई प्रमुख संगठन और बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल होंगे। झारोटेफ के जिला अध्यक्ष मनोज मेहता ने बताया कि जिले के सभी संघ, पदाधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी इसमें आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि "प्रदेश के कर्मचारी प्रदेश की रीढ़ हैं और जब तक हमारी न्यायपूर्ण मांगें पूरी नहीं होतीं, संघर्ष जारी रहेगा।" उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया। झारखंड +2 शिक्षक संघ, पलामू के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि सरकार के समक्ष लगातार ये मांगें रखी जाती रही हैं और इस बड़े समागम में सभी शिक्षक बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। झारोटेफ की ओर से सोशल मीडिया, संचार माध्यम और व्यक्तिगत सम्पर्क के जरिए इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## 33 बड़े बकायेदारों पर निगम का शिकंजा

- 30 लाख से अधिक होल्डिंग टैक्स बकाया, कार्रवाई की चेतावनी

**मेदिनीनगर।** नगर निगम ने 33 बड़े बकायेदारों की सूची जारी करते हुए दूसरा नोटिस भेजा है। इन पर 30 लाख रुपये से ज्यादा का होल्डिंग टैक्स बकाया है। नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि तय समय पर टैक्स जमा नहीं करने वालों पर झारखंड नगरपालिका अधिनियम-2011 की धारा-184 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निगम की ओर से बताया गया कि बकायेदारों में कई नामी होटल, व्यावसायिक परिसर और आवासीय भवन शामिल हैं। इनमें सबसे अधिक बकाया अब्दुल हकीम पर है, जिन पर 4.28 लाख रुपये देना बाकी है। दूसरे स्थान पर हरिहर सिंह के नाम पर 3.55 लाख और तीसरे स्थान पर बुद्धनाथ तिवारी पर 3.11 लाख रुपये बकाया है। इन बकायेदारों को पहले भी मई और जुलाई महीने में नोटिस दिया जा चुका है, लेकिन टैक्स का भुगतान अब तक नहीं किया गया। निगम ने बताया कि वर्तमान में बकायेदारों की संख्या 50 से ज्यादा हो गई है। बाकी बकायेदारों को भी जल्द नोटिस भेजा जाएगा।

# एनपीयू पीजी सत्र 2022-24 तृतीय सेमेस्टर का परिणाम घोषित

- आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों को लंबे इंतजार के बाद मिली राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर- पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू), मेदिनीनगर ने मंगलवार को पोस्ट ग्रेजुएट सत्र 2022-24 के तृतीय सेमेस्टर का परिणाम घोषित कर दिया। यह परिणाम आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स तीनों संकायों के विद्यार्थियों के लिए जारी किया गया है। लंबे समय से प्रतीक्षित इस घोषणा से छात्रों को बड़ी राहत मिली है। एनपीयू परीक्षा विभाग के ओएसडी डॉ. गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं कुछ माह पूर्व आयोजित की गई थीं। मूल्यांकन कार्य पूरा होने के बाद अब परिणाम जारी कर दिया गया है।

पीजी की छात्राओं ज्योति कुमारी, आयुषी कुमारी, आकांक्षा कुमारी, सुमन कुमारी, पूजा कुमारी, नेहा कुमारी तथा छात्र निशांत कुमार, पवन कुमार, शुभम कुमार और शिवम कुमार ने कहा कि वे इस परिणाम का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। अब परिणाम जारी होने से वे अंतिम सेमेस्टर की तैयारी में पूरी गंभीरता से जुट जाएंगे।

डॉ. श्रीवास्तव ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन सत्र को नियमित करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही सभी पीजी सत्र पूरी तरह से नियमित कर दिए जाएंगे, ताकि छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो।

# गतका प्रतियोगिता में संत मरियम स्कूल के खिलाड़ियों की बड़ी जीत

- 7 पदक झटके, अब दिल्ली में करेंगे झारखंड का प्रतिनिधित्व

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के खिलाड़ियों ने झारखंड राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता (23–24 अगस्त, धनबाद) में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 7 पदक अपने नाम किए और विद्यालय के साथ जिले का नाम रोशन किया।

आज विद्यालय परिसर में आयोजित विशेष असेंबली में प्राचार्य कुमार आदर्श ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि "यह जीत केवल पदक तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की मेहनत, अनुशासन और संकल्प की पहचान है। हमें विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी अब दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भी झारखंड का परचम लहराएंगे।"

**विजेता खिलाड़ी**

**स्वर्ण पदक** : अतुल सिंह, **रजत पदक** : रौशन कुमार मांझी, रोहित पासवान, कुशाग्र कुमार शुक्ला, राजवीर कुमार पासवान, आर्यन कुमार, पुष्कर कुमार, **कांस्य पदक** : अभिनव सिंह।

इन सभी खिलाड़ियों ने अंडर-11, अंडर-14 और अंडर-17 वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

अब ये सभी विजेता खिलाड़ी आगामी 10 से 12 अक्टूबर 2025 को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। सम्मान समारोह में खेल प्रशिक्षक सुमित वर्मन, विद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# झारखंड में उच्च शिक्षा को लेकर केंद्रीय मंत्री को सौंपा गया ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड में उच्च शिक्षा की गिरती स्थिति पर गंभीर चिंता जताई गई। पीजी हिंदी स्नातकोत्तर गोल्ड मेडलिस्ट एवं बीएड पास अभ्यर्थी रंजन कुमार यादव ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में राज्य के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी का मुद्दा उठाया गया। अव्यवस्थित बुनियादी ढांचे, शोध और नवाचार की उपेक्षा तथा प्रशासनिक भ्रष्टाचार पर भी चिंता जताई गई।

रंजन यादव ने कहा कि राज्य के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा से वंचित किया जा रहा है।

यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में झारखंड और पिछड़ जाएगा। ज्ञापन में कई मांगें रखी गईं।

रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की गई। पुस्तकालय, प्रयोगशाला और छात्रावास जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी गई। शोध को बढ़ावा देने के लिए रिसर्च फंडिंग और स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना पर जोर दिया गया। तकनीकी पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अद्यतन करने की मांग की गई। विश्वविद्यालय प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की अपील की गई। झारखंड के छात्रों के लिए विशेष स्कॉलरशिप और एक्सचेंज प्रोग्राम की व्यवस्था पर बल दिया गया।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने ज्ञापन को गंभीरता से लिया।

उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे पर उच्च अधिकारियों के साथ जल्द बैठक बुलाई जाएगी।

मौके पर बीएड अभ्यर्थी शत्रुघ्न चौरसिया, औनेश मेहता, अशोक शाह, मंटू कुमार, मुन्ना कुमार समेत कई छात्र मौजूद रहे।

कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

# ओलंपियाड में सफल विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि डॉ. असीम कुमार ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रांची रोड दुबियाखाड़ चौक स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी पलामू डॉ. असीम कुमार थे। इस अवसर पर साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन, इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड, इंडियन टैलेंट ओलंपियाड और हिंदुस्तान ओलंपियाड जैसी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और नगद राशि देकर प्रोत्साहित किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. असीम कुमार ने कहा कि प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें निखारने के प्रति कैंब्रिज पब्लिक स्कूल का समर्पण सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को निष्ठा और समर्पण के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करते हैं और समाज में साझा जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सफल प्रतिभाओं को बधाई देते हुए उन्हें समाज के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करने की अपील की।

समारोह में हिंदुस्तान ओलंपियाड की परीक्षा में राज्य स्तर पर दूसरा स्थान पाने वाले वर्ग 6 के आदर्श कुमार साहू को 3100 रुपये का चेक, जिला टॉपर निमृति कुमारी और आयांश कुमार सिंह को 2100 रुपये का चेक तथा युवराज सिंह और करण राज को 1000-1000 रुपये का चेक, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की परीक्षा में सफल स्मृति कुमारी, अनिकेत तिवारी, हर्ष कुमार, आदित्य कुमार, रौनक कुमार, रवि राज और दिव्या बाखला को भी 1000-1000 रुपये का चेक, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, जबकि इंडियन टैलेंट ओलंपियाड में सफल शौर्य राज को 700 रुपये का चेक दिया गया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद जनरल फिजिशियन डॉ. गौतम यादव ने भी बच्चों को सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य नंद किशोर भारती ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नाव पानी में तैरती जरूर है पर पार तक ले जाने वाला खेवनहार ही होता है, ऐसे में विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका अहम होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों पर अतिरिक्त दबाव डालना या कम अंक लाने पर नाराज़ होना उचित नहीं है, बल्कि उन्हें समझाते हुए प्रेरित करना चाहिए क्योंकि कम अंक लाने वाले बच्चे भी आगे चलकर बड़ी सफलताएं हासिल करते हैं। समारोह में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सुहागिनों ने रखा हरितालिका तीज व्रत



**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को सुहागिन महिलाओं ने हरितालिका तीज का व्रत पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ रखा। महिलाओं ने 24 घंटे तक निर्जला उपवास रखते हुए अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना की। सुबह से ही क्षेत्र के मंदिरों और शिवालयों में धार्मिक माहौल बना रहा। जरही गांव स्थित श्री संकट मोचन महामृत्युंजय मंदिर, डंडई के हरिहर मंदिर समेत कई स्थानों पर बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित हुईं। महिलाएं दुल्हन की तरह सज-धजकर पूरे विधि-विधान से भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा-अर्चना में जुटीं। पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रात्रि तक पूजा का आयोजन चला। परंपरा के अनुसार महिलाओं ने चंद्रमा के दर्शन के बाद व्रत का पारण किया। मंदिर के पुजारी रामस्वरूप पांडेय ने बताया कि हरितालिका तीज का व्रत करने से दांपत्य जीवन सुखमय होता है और अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है। इस अवसर पर पूर्व मुखिया सरिता देवी, नीलम देवी, रीना देवी, चंपा देवी, निर्मला देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने पुरोहितों को दान भी किया।

## भवनाथपुर में हरितालिका तीज की धूम



**भवनाथपुर।** भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर मंगलवार को पूरे प्रखंड में हरितालिका तीज का व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने निर्जला उपवास रखते हुए भगवान शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की और पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और सौभाग्य की कामना की। सुबह से ही टाउनशिप दुर्गा मंदिर, बाजार सूर्य मंदिर, बुका शिव मंदिर, सिघिताली, मकरी, चपरी मंदिर सहित विभिन्न पूजा स्थलों में महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही। महिलाएं सोलह श्रृंगार कर दुल्हन की तरह सजकर मंदिरों में पहुंचीं। पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कराई और हरितालिका तीज की कथा सुनाई। मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए यह व्रत किया था। पूजा के दौरान महिलाओं ने माता पार्वती को सुहाग का सामान अर्पित किया और पति की दीघार्यु की प्रार्थना की।

## सगमा में 3.80 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**श्री बंशीधर नगर।** सगमा प्रखंड के सगमा ग्राम में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 3.80 करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। यह सड़क मुख्य पथ सगमा से विक्रमा पासवान के घर होते हुए विगवा खाड़ तक बनाई जाएगी। शिलान्यास कार्यक्रम की शुरूआत गांव के वरिष्ठ नागरिक मोती राम ने पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर की। इस मौके पर झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी ने विधायक अनंत प्रताप देव का संदेश सुनाया। उन्होंने कहा कि विधायक अस्वस्थ होने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके, लेकिन क्षेत्र के विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। झामुमो नेताओं ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग थी। अब जनता से किए गए वादे धरातल पर उतर रहे हैं। उन्होंने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग श्रेय लेने की राजनीति करते हैं, लेकिन हकीकत यही है कि आज विकास कार्य जमीन पर दिख रहा है। कार्यक्रम में झामुमो के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ग्रामीण और महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## किसानों को यूरिया खाद की किल्लत ने किया बेहाल



**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र में यूरिया खाद की भारी किल्लत से किसान परेशान हैं। पिछले पंद्रह दिनों से लगातार किसान खाद की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल रही। समय पर खाद उपलब्ध न होने से धान की फसलें मुरझाने लगी हैं और किसानों की मेहनत पर संकट गहराता जा रहा है। मंगलवार को सुबह जैसे ही सूचना मिली कि एक ट्रक खाद खरौंधी बाजार पहुंचा है, वैसे ही हजारों किसान अपने-अपने खेत-खलिहान का काम छोड़कर दुकानों पर जुट गए। सुबह से ही भूखे-प्यासे किसान दुकानों के सामने लाइन में खड़े हो गए। भीड़ बढ़ती देख अंचल सीओ गौतम कुमार लकड़ा ने ट्रक को थाना भेजवा दिया। दोपहर बाद लगभग दो बजे पुलिस बल की निगरानी में ट्रक को बाजार लाया गया और निबंधित दुकानों में खाद की खेप शिफ्ट की गई। देर शाम तक दुकानदारों ने पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण शुरू किया। हालांकि कई किसानों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। किसानों का कहना है कि यदि समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराया गया तो धान की पैदावार पर बुरा असर पड़ेगा।

## समय पर खाद नहीं मिलने से प्रभावित हो रही फसलें

**मझिआंव (गढ़वा)।** प्रखंड के किसान इन दिनों खाद संकट से जूझ रहे हैं। डीएपी और यूरिया खाद की कमी के चलते उन्हें बार-बार पंजीकृत दुकानों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध न होने से धान की बढ़वार प्रभावित हो रही है और किसानों की उम्मीदों पर पानी फिर रहा है। इस साल अच्छी बारिश होने से किसानों ने समय पर बुवाई कर ली थी और बेहतर पैदावार की उम्मीद थी। लेकिन खाद की कमी ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। कई किसानों ने बताया कि दुकानों पर सुबह से भीड़ लग जाती है, लेकिन शाम तक ज्यादातर किसान बिना खाद लिए लौट जाते हैं। प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि हाल ही में कुछ दुकानों को खाद आवंटित किया गया है। फिलहाल तीन दुकानें ही क्रय-विक्रय कर रही हैं, जबकि अन्य दुकानों पर स्टॉक नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक किसान को आधार कार्ड के आधार पर एक बोरा (45 किलो) खाद दिया जा रहा है। दूसरी ओर, किसानों का आरोप है कि दुकानदार सरकारी दर 266 रुपये की जगह 300 से 320 रुपये प्रति बोरा वसूल रहे हैं। किसानों ने जिला प्रशासन और कृषि विभाग से खाद आपूर्ति सुचारू करने और कालाबाजारी रोकने की मांग की है।

## घाघरा फुटबॉल क्लब ने जीता नीलांबर-पीतांबर टूर्नामेंट

**भवनाथपुर।** प्रखंड के कैलान पंचायत स्थित शिवाजी खेल मैदान में ज्योतिबा फुले स्पोर्ट क्लब द्वारा आयोजित नीलांबर-पीतांबर फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मैच घाघरा और पंडरिया क्लब के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में घाघरा क्लब ने पंडरिया को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मैच की शुरूआत झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव, समाजसेवी पंकज सिंह और मुखिया प्रतिनिधि राम प्रताप यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मारकर की। विजेता टीम को मुख्य अतिथि दीपक प्रताप देव ने ट्रॉफी और बड़ा खस्सी कैप्टन को प्रदान किया, जबकि उपविजेता टीम को ट्रॉफी और खस्सी समाजसेवी पंकज सिंह ने दिया। इस अवसर पर दीपक प्रताप देव ने कहा कि खेल से जहां शरीर का विकास होता है, वहीं समाज में भाईचारा और आपसी मेलजोल भी बढ़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे टूनामेंट से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। फाइनल मुकाबले के अलावा लड़कियों का फ्रेंडली मैच भवनाथपुर और कांडी टीमों के बीच खेला गया, जिसमें भवनाथपुर टीम विजयी रही।

### जनजातीय गांवों के विकास के लिए धरती आबा अभियान का जिला स्तरीय ओरिएंटेशन

# उपायुक्त ने अधिकारियों को अभियान की रूपरेखा बताई योजना के लाभ आदिवासी परिवारों तक पहुंचाने पर जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जनजातीय समुदाय के समग्र विकास के लिए जिला स्तरीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम उपायुक्त दिनेश यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि यह अभियान 5 वर्षों तक चलेगा और इसमें भारत के 30 राज्यों के 550 जिले और 1 लाख ग्राम शामिल होंगे। झारखंड में गढ़वा जिले के 15 प्रखंडों के 113 गांव इस योजना के पहले चरण में शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य जनजातीय समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और समय पर पहुँचाना है। उपायुक्त दिनेश यादव ने अधिकारियों को अभियान की रूपरेखा समझाते हुए जिला स्तरीय और प्रखंड स्तरीय समितियों की भूमिकाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी ग्रामों से प्राप्त प्रस्तावों को उचित रूप से तैयार कर राज्य मुख्यालय को भेजें। साथ ही उन्होंने गति शक्ति पोर्टल पर योजना के सभी डेटा का सही रिकॉर्ड रखने का निर्देश दिया। इस अभियान के अंतर्गत आदिवासी परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, विद्युतीकरण, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी योजनाओं सहित 25 से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। अभियान के तहत ग्राम स्तर पर आदि सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे और ग्राम विकास योजना तैयार की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से शपथ भी करवाई कि वे इस अभियान में पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करेंगे ताकि जनजातीय समुदाय के लोग विकास के लाभ सीधे अपने घर तक पाएं। मौके पर चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता , पेयजल एवं स्वच्छता, भवन) तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मचारी शामिल थे।

## विधानसभा में गूंजा गैर मजरूआ जमीन का मुद्दा

**मेराल।** विधानसभा सत्र के दौरान विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने गैर मजरूआ जमीन का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया। इस पर विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन ने विधायक का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह मुद्दा हर घर-परिवार से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास इस विषय पर कदम उठाने का अच्छा अवसर था, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय में जाकर उसने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी। इस सवाल को विधानसभा में उठाए जाने से लोगों की उम्मीदें जगी हैं। विधायक को बधाई देने वालों में रमाकांत गुप्ता, मनोज जायसवाल, रोहित कुमार, दिनेश चौधरी, मनोज चौधरी सहित कई लोग शामिल रहे।

# पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने रखा तीज व्रत



**● भगवान शिव-पार्वती की पूजा कर मांगी सुखमय दांपत्य जीवन की कामना**

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र की सुहागिन महिलाओं ने मंगलवार को हरितालिका तीज व्रत रखा। महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला उपवास कर शाम को भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद तीज कथा का श्रवण कर पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की प्रार्थना की गई। मंदिरों और घरों में विशेष पूजा का आयोजन हुआ। महिलाएं नए वस्त्र पहनकर, मेहंदी रचाकर और सोलह श्रृंगार कर पूजा में शामिल हुईं। पंडित ओमनारायण ने बताया कि हरितालिका तीज का महत्व शास्त्रों में विशेष रूप से बताया गया है। मान्यता है कि सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए यह व्रत रखा था। तभी से यह व्रत मनचाहे पति और पति की दीघार्यु के लिए किया जाता है।

### निर्जला उपवास कर सुहागिनों ने मांगी अखंड सौभाग्य की कामना



**मेराल।** भाद्र मास शुक्ल पक्ष तृतीया को सुहागिन महिलाओं ने निर्जला उपवास कर तीज व्रत रखा। महिलाओं ने पूरे विधि-विधान से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा कर अखंड सौभाग्य, पति की लंबी आयु और सुखी जीवन की प्रार्थना की। सुबह से ही महिलाएं शिवालयों, सार्वजनिक स्थलों और घरों में पूजा-पाठ में जुटीं। उन्होंने ब्राह्मणों को बुलाकर पूजा कराई और दान-दक्षिणा दी। अब ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में तीज का उत्साह तेजी से बढ़ा है। सोशल मीडिया के प्रभाव और नई पीढ़ी की रुचि के कारण हर घर की महिलाएं इसमें शामिल हो रही हैं। बाजारों में कपड़े और श्रृंगार सामग्री की जमकर खरीदारी हुई। विशेष प्रसाद पेड़किया बनाकर भगवान को अर्पित किया गया और ब्राह्मणों को दान कर मंगलकामना की गई।

### गढ़वा एसपी ने धुरकी थाना का किया निरीक्षण

## पुलिस को दिए लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन व अपराधियों पर सख्ती के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** पुलिस अधीक्षक गढ़वा अमन कुमार ने मंगलवार को धुरकी थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुराने और नए मामलों की समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को जल्द निपटाने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि थाना क्षेत्र में उग्रवादी, अपराधी और अवैध खनन करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए। ऐसे तत्वों को किसी हाल में फलने-फूलने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने जनता और पुलिस के बीच बेहतर संवाद बनाने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान डीएसपी सत्येंद्र नारायण सिंह, इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार, थाना प्रभारी जनार्दन रावत सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### तसरार पंचायत में हाथियों का आतंक

# धोबी टोला के ग्रामीण रातभर रतजगा कर रहे, सुरक्षा व मुआवजा की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड के तसरार पंचायत के धोबी टोला में पिछले एक सप्ताह से जंगली हाथियों का आतंक जारी है। हाथियों के डर से ग्रामीणों की नींद उड़ गई है और वे रातभर जागकर घरों और बच्चों की सुरक्षा करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हाथी कभी इस गांव तो कभी दूसरे गांव में घुसकर फसलों को रौंद रहे हैं और घरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा दहशत में हैं। मजबूरी में कई लोग बच्चों को पक्के मकानों में रखते हैं, जबकि खुद कच्चे घरों में दुबककर रात बिताते हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को भगाने के लिए टॉर्च, पटाखा और अन्य सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही फसलों के नुकसान का मुआवजा देने की भी गुहार लगाई है। वन विभाग के रेंजर गोपाल चंद्रा ने बताया कि हाथियों से हुए नुकसान का आकलन किया जाएगा और फंड उपलब्ध होते ही मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही हाथी भगाने के उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**
**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**
**(D.M.F.T. मद)**

ई–निविदा संख्या :– 05/2025-26/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 25.08.2025

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR/08/2025-26 | मनिका | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखंड मनिका के पंचायत कोपे के ग्राम बरवाडीह में सामुदायिक भवन बर गाछ से लेकर सतबहिन सरना स्थल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 51.59500 | रू0 एक्कवान लाख उनसठ हजार पॉच सौ रूपये मात्र। | 06 माह |
| 2 | RWD/LATEHAR/09/2025-26 | मनिका | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखंड मनिका के पंचायत कोपे के ग्राम दासडीह में तेतर गाछ से देवी मंडप होते अभियान विद्यालय दासडीह तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 68.31200 | रू0 एकसठ लाख एक्तीस हजार दो सौ रूपये मात्र। | 06 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 02.09.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 14.09.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 16.09.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038
6. संवेदक पर जिलान्तर्गत किसी भी योजना का कार्य लंबित रहने पर उनकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
7. एक संवेदक को एक वित्तीय वर्ष में इस मद का एक ही कार्य आवंटित किया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 360519 REO(25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।**
पत्रांकः– ......हुसैनाबाद, दिनांक–......./......./2025
**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:–WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-01/2025-26 (कुलिया मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य, प्रखण्ड–पाण्डू, जिला–पलामू) जिसका PR.NO:-359892 (District)25-26*D है, अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधन किया जाता है:–

| क्र0 सं0 | विवरणी | पूर्व में निर्धारित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 (11:00 AM) | 10.09.2025 (11:00 AM) |
| 2 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 12.09.2025 (3:00 PM तक) | 23.09.2025 (3:00 PM तक) |
| 3 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 12.09.2025 (3:00 PM तक) | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 23.09.2025 (3:00 PM तक) |
| 4 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 13.09.2025 (04:00 PM) | 24.09.2025 (04:00 PM) |

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 360511 District(25-26)D



**कार्यालय –उपायुक्त–सह–जिलादण्डाधिकारी, लातेहार।**
**(जिला ग्रामीण विकास शाखा)**
**आवश्यक सूचना**

लातेहार जिला अन्तर्गत मनरेगा के तहत संविदा के आधार पर विज्ञापन संख्या–01/2023 द्वारा लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक तथा विज्ञापन संख्या–01/2025 द्वारा प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थियों की मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन दिनांक–28.08.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास शाखा, लातेहार में किया जाना है। चयनित अभ्यर्थी सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र (अनिवार्य एवं अतिरिक्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र) तथा अन्य प्रमाण पत्र (जाति, आवासीय प्रमाण पत्र आदि) एवं दो प्रति में सभी प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ जिला ग्रामीण विकास शाखा, लातेहार कार्यालय में निर्धारित तिथि को ससमय उपस्थित होगें।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक,
लातेहार।

PR 360514 Latehar (25-26)D



**प्रपत्र VII समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा)**
**या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**अधिघोषणा**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या 920/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 21.08.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **NH-75** डेन्टल मोड़ से नावादोहरी पथ भाया हूर चार मुहान पथ चौडीकरण एवं मजबुतीकरण/पुर्ननिर्माण कार्य योजना हेतु ग्राम–महुपी, थाना–गढ़वा, थाना सं0–334, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा में कुल :– **0.01700** एकड़ भूमि अपेक्षित है।
इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.01700** एकड़ है और जो ग्राम–महुपी, थाना–गढ़वा, थाना सं0–334, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 23 | 117 | रैयती | – | 0.00800 | इसलाम अंसारी पिता–स्व0 अलाउदीन शेख | उ0 नीज द0 नूरूल होदा पू0 रोड प0 नीज |
| 2 | 23 | 115 | रैयती | – | 0.00900 | अज्ञात | उ0 नीज द0 रोड पू0 प्लॉट 116 प0 नीज |
| | | | | कुल :– | 0.01700 | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,
जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–महुपी, थाना–गढ़वा, थाना सं0–334, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।
पुनर्वासन और पुनर्व्यव्यस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

अमीन, जिला भू–अर्जन, गढ़वा | कानूनगो, जिला भू–अर्जन, गढ़वा | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

PR 360505 Land Reforms (25-26)D

# न्यूज बॉक्स

## राज्य स्तरीय जूनियर नेशनल क्रिकेट टेनिस ट्रायल संपन्न

**गिद्धौर।** मंगलवार को 'जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल मैदान' में टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में अंडर-17 जूनियर नेशनल क्रिकेट टेनिस ट्रायल आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसमें राज्यभर से करीब 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया में 22 खिलाड़ियों का चयन हुआ, जिनमें 15 मुख्य टीम में और 7 स्टैंडबाय में रहेंगे।

## भारी बारिश से कई घर गिरे

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से खेत, तालाब, कुआं और नदी पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। सोमवार दोपहर बाद जब बारिश थमी तो लोगों ने राहत की सांस ली। इस बारिश में हुटाप निवासी राजेश सिंह (पिता जतरु सिंह) और महुआमिलान (जमीरा) निवासी रामचंद्र ठाकुर (पिता स्व. सुखु ठाकुर) का घर ढह गया। घर गिरने के समय दोनों परिवार के सदस्यों ने किसी प्रकार अपनी जान बचाई, लेकिन घर में रखे बर्तन, खाद्यान्न और अन्य सामान दबकर नष्ट हो गए। प्रभावित परिवारों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अविलंब आवास की व्यवस्था कराने की मांग की है।

## आर्यन संघ का भव्य गणेश पंडाल तैयार

**महुआडांड़।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आर्यन संघ (बाजार शिव मंदिर) द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणेश पूजा धूमधाम से मनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस बार भव्य पंडाल आकर्षक सजावट और रोशनी से सजा कर तैयार किया गया है। आर्यन संघ के पंकज दास बाबू ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से गणेश पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस बार 7 दिन तक गणेश महोत्सव मनाया जाएगा और एक दिन पूजा समिति की ओर से भव्य भंडारा कराया जाएगा। पूजा आयोजन को सफल बनाने में अभिषेक कुमार, अमित पांडेय, पंकज दास बाबु, विकास कुमार भोला, सत्यम कुमार, हंस कुमार, निकेश कुमार, भोला केशरी, करण कुमार, संतोष जायसवाल, विवेक शर्मा, ऋषभ सोनी समेत कई युवाओं की अहम भूमिका रही है।

## लातेहार में महिला समूहों को ट्रैक्टर प्रदान

**लातेहार।** मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत भूमि संरक्षण विभाग द्वारा दो महिला समूहों को ट्रैक्टर प्रदान किया गया। इस अवसर पर डीएससीओ मुकेश कुमार गगराई और भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा ने महिला समूहों को महिंद्रा ट्रैक्टर की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। डीएससीओ गगराई ने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि वे योजना का लाभ उठाकर आगे बढ़ें। भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा ने बताया कि ट्रैक्टर समूह के माध्यम से दिया जा रहा है और इसे केवल कृषि कार्य में ही उपयोग किया जाना चाहिए। इस दौरान लातेहार जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी, युवा कांग्रेस नेता सहादत हुसैन टिंकू, बुद्धदेव पाल, जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अमिश खान और रिजवान अंसारी आदि उपस्थित थे।

## ग्रील तोड़कर लाखों की चोरी, पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

**चतरा/लावालौंग।** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र अंतर्गत मंधनिया पंचायत के हुटरू गांव में सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों ने ग्रील और ताला तोड़कर दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने थाना मुख्यालय से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित 'मनोज प्रसाद केसरी' के घर से करीब एक लाख रुपये नकद और लगभग दो लाख रुपये के आभूषण चोरी कर लिए। उस समय पूरा परिवार वैष्णो देवी दर्शन के लिए बाहर गया हुआ था। वहीं, 'परदेसी भुइयां' के घर से थोड़ी नकदी और खाने-पीने का सामान चोरी हुआ। मनोज के भाई 'बजरंगी प्रसाद केसरी' ने बताया कि घर खाली रहने का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व थाना क्षेत्र के 'लेंबोडीह-बिशुनपुर' गांव में अपराधियों ने दो गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया था। लगातार हो रही घटनाओं से इलाके के लोग चिंतित हैं। थाना प्रभारी 'प्रशांत कुमार मिश्रा' ने बताया कि अब तक चोरी से संबंधित कोई आवेदन थाने में प्राप्त नहीं हुआ है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस शिकायत दर्ज करने में लापरवाही बरतती है।

## औद्योगिक और ऊर्जा विकास की दिशा में बड़ा कदम

**चतरा।** जिले में औद्योगिक प्रगति और ऊर्जा निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को उपायुक्त 'कीर्तिश्री' ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने 'चंगेर गांव में इंडस्ट्रियल पार्क हेतु 25 एकड़ भूमि, किशुनपुर में सोलर पार्क हेतु 25 एकड़ भूमि, और पारीडीह गांव में मंडल कारा हेतु 25 एकड़ से अधिक भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक 'सुमित कुमार अग्रवाल, अपर समाहर्ता ''अरविंद कुमार, राजस्व उप निरीक्षक'' पंकज दुबे' समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि चयन की प्रक्रिया पारदर्शी व नियमसम्मत होनी चाहिए ताकि भविष्य में किसी तरह का विवाद न हो। उन्होंने विश्वास जताया कि इन परियोजनाओं से जिले में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ेंगी, रोजगार के अवसर मिलेंगे और ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता संभव होगी।

## सर्पदंश से युवक की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**हंटरगंज (चतरा)।** जिले के 'भोजपुर गांव' में सोमवार की देर शाम सांप के काटने से 34 वर्षीय 'धर्मेंद्र भुइयां' की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र शौच के लिए घर से निकले थे तभी अंधेरे में विषैले सांप ने काट लिया। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें 'हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र' पहुँचाया, जहाँ से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए 'गया मेडिकल कॉलेज' रेफ़र कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी मीना देवी व तीन छोटे बच्चों को छोड़ गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है ताकि परिवार को सहारा मिल सके।

## सांसद का आपदा प्रभावित गांवों में दौरा

**पत्थलगड़ा/गिद्धौर (चतरा)।** सांसद कालीचरण सिंह मंगलवार को जिले के गिद्धौर और पत्थलगड़ा प्रखंडों के दौरे पर रहे। उन्होंने हाल की भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। गिद्धौर प्रखंड के कटघर रामनगर गांव में ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि 22 अगस्त को तेज बारिश के बाद नदी में आए उफान से एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई और कई पशु बह गए। सांसद ने तत्काल सीओ को आपदा राहत से मुआवजा देने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने पत्थलगड़ा प्रखंड के खैरा, नोनगांव, तेतरिया, बरवाडीह, दुम्बी, नावाडीह सहित दर्जनों गांवों का दौरा कर बारिश में हुए नुकसान का जायजा लिया। सांसद ने कहा कि क्षतिग्रस्त पुल-पुलिया, सड़क और तालाबों की मरम्मत सरकार की प्राथमिकता होगी। उन्होंने मृत होमगार्ड केशवा कुजूर के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और आवास, पानी की सुविधा व बच्चों की पढ़ाई का आश्वासन दिया।

## सफाई अभियान से मंदिर परिसर स्वच्छ

**गिद्धौर (चतरा)।** झारखंड मजदूर किसान एसोसिएशन की टीम ने मंगलवार को बलबल स्थित प्राचीन बागेश्वरी मंदिर और गर्म जलकुंड परिसर में सफाई अभियान चलाया। हाल ही में आई बाढ़ से मंदिर प्रांगण और कुंड में मिट्टी भर गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को खासकर महिला कुंड में स्नान करने में परेशानी हो रही थी। संगठन के अध्यक्ष विजय कुमार यादव, सचिव गुलाब यादव, कोषाध्यक्ष पवन यादव सहित कई कार्यकर्ताओं ने सफाई अभियान में भाग लेकर मंदिर परिसर को स्वच्छ बनाया। ग्रामीणों ने संगठन की इस पहल की सराहना की।

# पर्व तीज पर महिलाओं ने रखा उपवास, भगवान शिव-पार्वती से मांगा पति का दीर्घायु सौभाग्य

- जिले में भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ हरितालिका तीज व्रत

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सुहाग और समर्पण का पर्व हरितालिका तीज जिले में उत्साह और भक्ति के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला उपवास रहकर अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना भगवान शिव और माता पार्वती से की।

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही महिलाएं व्रत की तैयारियों में जुटी रहीं और विभिन्न स्थानों पर पूजा का आयोजन किया गया। पौराणिक आचार्यों ने विधि-विधान के अनुसार हरितालिका तीज व्रत की कथा सुनाकर महिलाओं को पूजा-अर्चना और व्रत संपन्न कराए।

कथा के अनुसार, जब माता सती अगले जन्म में माता पार्वती के रूप में हिमालय के घर जन्मीं, तो उन्होंने अपने पिछले जन्म के संस्कारों के कारण भगवान शिव को ही अपने पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने भाद्रपक्ष शुक्ल तृतीया को माता पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार करने का वचन दिया। पर्वतराज हिमालय ने अंततः भगवान शिव और माता पार्वती का विधिवत विवाह कराया। तब से आज तक सुहागिन महिलाएं अपने पति के दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए हरितालिका तीज व्रत पूरे विधि-विधान से करती हैं।



## हरितालिका तीज : महिलाओं ने रखा 24 घंटे का निर्जला उपवास



**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को हरितालिका तीज का पर्व पूरे श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने 'नहाए-खाए' का अनुष्ठान किया, जबकि मंगलवार को 24 घंटे का निर्जला व्रत रखते हुए भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने बालू से शिवलिंग बनाकर मंडप में पूजा की तथा सामूहिक रूप से सुहाग्य व पति की दीर्घायु कामना की। घर-घर और मंदिरों में पूजा-अर्चना का वातावरण रहा। देवी मंडप, पीपल चौक, शिव मंदिर बाजार, आईआरबी शिव मंदिर समेत कई पूजा स्थलों पर तीज व्रतियों की भीड़ उमड़ी रही। महिलाओं ने तीज के पारंपरिक पकवान जैसे ठेकुआ और पेडकी बना कर पूजा के बाद वितरित किया। पूनम सोनी, स्वीटी सोनी, रेखा गुप्ता, संगीता, माया सुमन सहित अन्य व्रती महिलाओं ने कहा कि हम अपने पति की लंबी आयु व अखंड सौभाग्य के लिए यह 24 घंटे का निर्जला उपवास करती हैं।

## चंदवा में श्रद्धा से मनाई गई हरितालिका तीज



**चंदवा।** स्थानीय मंदिरों और घरों में मंगलवार को हरितालिका तीज का पर्व बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा कर पति के दीर्घायु जीवन और अखंड सौभाग्य की प्रार्थना की। बुध बाजार शिव मंदिर, हरैया दुर्गा बाड़ी, हनुमान मंदिर, थाना टोली शिव मंदिर, महावीर मंदिर रेलवे कॉलोनी समेत विभिन्न पूजा स्थलों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से व्रत रखा और पूजा-अर्चना की। पंडित योगेश उपाध्याय ने बताया कि तीज व्रत को हरितालिका कहा जाता है और यह व्रत सुहाग की रक्षा के लिए विशेष महत्व रखता है। श्रद्धा, विश्वास और भक्ति के साथ महिलाओं ने सज-धज कर उपवास रखते हुए पूजा-अर्चना की और पति की लंबी उम्र की कामना की।

## वन विभाग की उदासीनता पर ग्रामीण नाराज

**लावालौंग (चतरा)।** रिमी पंचायत के कोटारी गांव स्थित बारीदोहर के पास भारी बारिश के दौरान शुक्रवार की रात एक विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया। चार दिनों तक सड़क जाम रही और कोटारी समेत आसपास के गांवों का संपर्क टूट गया। ग्रामीणों ने कई बार वन विभाग को इसकी सूचना दी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। अंततः ग्रामीणों और मुखिया सुगी देवी की पहल पर पेड़ हटाकर आवागमन बहाल किया गया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि विभाग भविष्य में तत्परता नहीं दिखाएगा, तो वे आंदोलन करेंगे।

## हरितालिका तीज पर गूंजे शिव-पार्वती के जयकारे

**चतरा।** पूरे जिले में मंगलवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ 'हरितालिका तीज' का पर्व मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर भगवान शिव व माता पार्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की और व्रत कथा सुनी। पंडित 'मुकेश पांडेय' ने बताया कि इस वर्ष तीज प्रदोष काल में पड़ी है जिसे अत्यंत शुभ माना गया है। व्रत करने वाली महिलाओं ने कहा कि यह पर्व दांपत्य जीवन की सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य का प्रतीक है।

## चंदवा पुलिस ने पकड़ी 80 किलो डोडा की खेप

**चंदवा।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुनि सह थाना प्रभारी रंधीर कुमार के नेतृत्व में विशेष जांच अभियान चलाकर पुलिस ने करीब 80 किलो डोडा बरामद किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग से एक पिकअप वैन के जरिए डोडा की तस्करी की जा रही है। इसके बाद पुलिस ने रणनीति बनाते हुए अरुण ऑटोमोबाइल पेट्रोल पंप के पास छापेमारी की, जहां से खेप पकड़ी गई। जांच में पता चला कि पिकअप वैन का नंबर फर्जी था, जो तस्करी छिपाने के लिए लगाया गया था। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और डोडा को कब्जे में ले लिया गया है। इस मामले में चंदवा थाना कांड संख्या 194/25 के तहत एनडीपीएस एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। फिलहाल वाहन चालक और मालिक की तलाश जारी है तथा तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान की जा रही है।

## नेटवर्क ठप, सरकारी कामकाज ठप

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में जियो और बीएसएनएल का नेटवर्क बीते एक सप्ताह से ठप रहने के कारण पंचायत सचिवालय व प्रखंड कार्यालयों में ऑनलाइन कार्य ठप पड़े हैं। प्रभारी बीडीओ 'उदल राम' ने बताया कि नेटवर्क समस्या के कारण आयुष्मान कार्ड का कार्य प्रभावित है। पात्र लोग घंटों पंचायत सचिवालय में प्रतीक्षा करते हैं लेकिन इंटरनेट न रहने से फॉर्म भर पाना संभव नहीं हो रहा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व दूरसंचार विभाग से तत्काल समस्या समाधान की मांग की है।

## फसल बीमा लक्ष्य पर जोर

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा की अध्यक्षता में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में मौजूद कृषक मित्रों और बीमा प्रतिनिधियों को मकई और धान की फसल का बीमा कराने का निर्देश दिया गया। सीओ ने बताया कि प्रखंड में 1584 बीमा कराने का लक्ष्य रखा गया है। बीमा की अंतिम तिथि 31 अगस्त तय की गई है। किसान मात्र एक रुपए टोकन मनी से बीमा का लाभ उठा सकेंगे। सीओ ने कहा कि बारिश से हुए नुकसान का आकलन भी किया जाएगा ताकि किसानों को राहत मिल सके। बैठक में बीटीएम प्रभात कुमार सिंह, बीमा प्रतिनिधि संटू कुमार, कृषक मित्र प्रसादी पासवान, अशोक दांगी, नोमन साव आदि शामिल रहे।

## मयूरहंड पैक्स चुनाव संपन्न

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सह पैक्स निर्वाची पदाधिकारी नीरज कुमार सिन्हा की देखरेख में मंगलवार को मयूरहंड पैक्स का चुनाव संपन्न हुआ। मतदान सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला। अध्यक्ष पद पर चार उम्मीदवार मैदान में थे। मतगणना में रणधीर सिंह को 116 वोट, शशि प्रमोद लाल को 69 वोट, जगन्नाथ साव को 47 वोट एवं राजू पांडेय को 6 वोट मिले। चार मत रद्द घोषित किए गए। रणधीर सिंह ने 47 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर पैक्स अध्यक्ष पद का ताज अपने नाम किया। निर्वाची पदाधिकारी ने विजेता रणधीर सिंह को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

## आदि कर्मयोगी अभियान के सफल क्रियान्वयन

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इसमें "आदि कर्मयोगी अभियान" के सफल क्रियान्वयन, भावी रूपरेखा और जनजातीय क्षेत्रों में इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने बताया कि भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की इस योजना का उद्देश्य जिले के 269 जनजातीय ग्रामों में शासन को सशक्त बनाना और समुदायों की सभी समस्याओं का समाधान करना है। अभियान के तहत ग्राम स्तर पर आदि कर्मयोगी केंद्र की स्थापना होगी, ताकि ग्रामीण सीधे अपनी समस्याओं का समाधान पा सकें। इसमें ग्राम पंचायत सचिवों, स्वयंसेवकों और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

# ग्रामीणों और खिलाड़ियों की रही भारी भागीदारी उद्घाटन मैच में झरना पानी सालोडी की जीत



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** मंगलवार को फुलवारी फुटबॉल क्लब बनहरदी द्वारा कर्म पर्व की पूर्व संध्या पर बनहरदी गांव में फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। उद्घाटन मैच झरना पानी सालोडी बनाम जामुनी खड़ टीम के बीच खेला गया। मैदान में दोनों टीमों का खेल बराबरी पर छूटा, जिसके बाद मुकाबले का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। इसमें झरना पानी सालोडी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जामुनी खड़ को 3-0 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान इंद्रदेव उरांव, पंचायत मुखिया रामेश्वर उरांव, पंचायत समिति सदस्य मनोहर भगत, पाहन पुजार, समिति अध्यक्ष विपाश उरांव, सचिव भाडे उरांव, कोषाध्यक्ष रंजीत उरांव, राजकुमार ठाकुर, धीरेंद्र कुमार, हिरेंद्र उरांव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व खिलाड़ी मौजूद रहे। कार्यक्रम में आर. एम. क्लब और सीओ रोशन उरांव द्वारा टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी टीमों को एक-एक फुटबॉल प्रदान किया गया। वहीं, महिला समूह की महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।


### समाहरणालय, लातेहार
### (भू-अर्जन शाखा), समाहर्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)**

संख्या- 398 /भू0 अ0 दिनांक-25.08.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार /समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम-कोरगी थाना नं0-80 राजस्व थाना-महुआडांड़ पुलिस स्टेशन-नेतरहाट् जिला लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना-मैग्नोलिया प्वाईन्ट का विस्तारीकरण एवं विकास अपेक्षित है मैग्नोलिया प्वाईन्ट निर्माण के दौरान 04(चार) रैयतों के जमीन का अंश भाग अधिग्रहित किया जायेगा। परियोजना हेतु भू-अर्जन किये जाने की सहमति दी जाती है। भू-अर्जन के कारण कुल शून्य परिवारों के विस्थापित होने की संभावना है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1)(ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी को प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-कोरगी थाना नं0-80 राजस्व थाना-महुआडांड़ पुलिस स्टेशन-नेतरहाट् जिला लातेहार में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश-**4.16** एकड़ मानक माप का भूखंड, प्रारंभिक अधिसूचना किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है। (हाल सर्वे के अनुसार)

| क्र. सं0 | ग्राम का नाम | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोरगी | 23 | 421 | टांड दो | 2.28 | 2.28 | चोकती किसान पिता एतवा किसान | चोकती किसान पिता एतवा किसान | चिरंगा | रास्ता | 425 | 419 418 417 |
| 2 | कोरगी | 102 | 419 | मकान | 0.04 | 0.04 | सिगी बडाईक पिता लोमा बडाईक | सिगी बडाईक पिता लोमा बडाईक | 421 | रास्ता | 421 | 418 |
| 3 | कोरगी | 21 | 422 | टांड दो नई परती एक साल | 1.59 | 1.59 | चिरंगा वृजिया पिता रोजन वृजिया | चिरंगा वृजिया पिता रोजन वृजिया | जंगल | चोराती किसान | 425 | 423 |
| 4 | कोरगी | 103 | 424 | टांड दो नई परती एक साल | 0.25 | 0.25 | सुखदेव वृजिया पिता जगदीष वृजिया | सुखदेव वृजिया पिता जगदीष वृजिया | जंगल | चिरंगा | 425 | 423 |
| कुल- | | | | | | 4.16 | | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा-11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है। भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्य अवधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार /समाहर्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, लातेहार और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय /विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/-
उपायुक्त, लातेहार

PR 360451 Land Reforms(25-26)#D



### कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- 09/2025-26**

1. विज्ञापन दाता का नाम :- कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑंव।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :- दिनांक 06.09.2025 को अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :- कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में दिनांक 08.09.2025 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय:- कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में दिनांक 08.09.2025 को अपराह्न 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणी:-

| क0 .सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 06 | शहरी परिवहन | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM NANDU PRAJAPATI HOUSE VIA BINAY DUBEY HOUSE TO MAIN ROAD AT WARD NO 06 | 677183 | 5000 | 13600 | 45 दिन |
| 02 | 06 | शहरी परिवहन | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM PRAMOD PRAJAPATI HOUSE TO NANDU PRAJAPATI HOUSE AT WARD NO 06 | 603983 | 5000 | 12100 | 45 दिन |
| 03 | 03 | शहरी परिवहन | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM MAIN ROAD (PETROL PUMP) TO ANJU SINGH HOUSE AT WARD NO 03 | 570401 | 5000 | 11500 | 45 दिन |
| 04 | 03 | शहरी परिवहन | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM ANJU SINGH HOUSE TO GIRENDRA SINGH HOUSE AT WARD NO 03 | 575711 | 5000 | 11600 | 45 दिन |
| 05 | 03 | शहरी परिवहन | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM GIRENDRA SINGH HOUSE VIA VIJAY SINGH HOUSE TO BIRENDRA SINGH LAND AT WARD NO 03 | 575711 | 5000 | 11600 | 45 दिन |
| 06 | 03 | शहरी परिवहन | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM BIRENDRA SINGH LAND TO ARBIND SINGH HOUSE AT WARD NO 03 | 570401 | 5000 | 11500 | 45 दिन |
| 07 | 10 | शहरी परिवहन | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM AJAD MISTRI TO AHMAD ANSARI IN WARD NO 10 | 549357 | 5000 | 11000 | 45 दिन |
| 08 | 10 | शहरी परिवहन | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM ZAKIR ANSARI TO LAND OF RUSTAM ANSARI IN WARD NO 10 | 549793 | 5000 | 11000 | 45 दिन |
| 09 | 10 | शहरी परिवहन | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM GULAM RASHUL KHAN (MAIN ROAD) VIA HOUSE OF MUSARRAF KHAN TO HOUSE OF ASFAK KHAN IN WARD NO 10 (PART -A) | 533214 | 5000 | 10700 | 45 दिन |
| 10 | 10 | शहरी परिवहन | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM GULAM RASHUL KHAN (MAIN ROAD) VIA HOUSE OF MUSARRAF KHAN TO HOUSE OF ASFAK KHAN IN WARD NO 10 (PART -B) | 533214 | 5000 | 10700 | 45 दिन |
| 11 | 10 | शहरी परिवहन | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM MADARSA TO HOUSE OF SIRAJ KHAN IN WARD NO 10 | 608874 | 5000 | 12200 | 45 दिन |
| 12 | 10 | शहरी परिवहन | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM HOUSE OF SIRAJ KHAN TO PAL TOLA (TIN MUHAN) IN WARD NO 10 | 608874 | 5000 | 12200 | 45 दिन |
| 13 | 10 | शहरी परिवहन | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM PAL TOLA (TIN MUHAN) TO HOUSE OF ALOK PAL IN WARD NO 10 | 608874 | 5000 | 12200 | 45 दिन |
| 14 | 06 | नागरिक सुविधा | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN WITH SLAB FROM NANDU PRAJAPATI HOUSE TO VINAY DUBEY HOUSE IN WARD NO 06 | 507209 | 5000 | 10200 | 45 दिन |
| 15 | 06 | नागरिक सुविधा | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN WITH SLAB FROM NANDLAL PRAJAPATI HOUSE TO NANDU PRAJAPTI HOUSE AT WARD NO 06 | 693693 | 5000 | 13900 | 45 दिन |
| 16 | 10 | नागरिक सुविधा | RCC DRAIN WITH SLAB FROM ASHOK PAL HOUSE TO PAL TOLA (TIN MUHAN) AT WARD NO 10 | 720831 | 5000 | 14500 | 45 दिन |
| 17 | 10 | नागरिक सुविधा | RCC DRAIN WITH SLAB FROM PAL TOLA (TIN MUHAN) TO ALOK PAL HOUSE AT WARD NO 10 | 641938 | 5000 | 12900 | 45 दिन |
| 18 | 10 | नागरिक सुविधा | RCC DRAIN WITH SLAB FROM SIRAJ KHAN HOUSE TO PAL TOLA (TIN MUHAN) AT WARD NO 10 | 641938 | 5000 | 12900 | 45 दिन |
| 19 | 10 | नागरिक सुविधा | RCC DRAIN WITH SLAB FROM MADARSA TO SIRAJ KHAN HOUSE AT WARD NO 10 | 649452 | 5000 | 13000 | 45 दिन |
| 20 | 08 | नागरिक सुविधा | RCC DRAIN WITH SLAB FROM HOUSE OF JUBAIR KHAN (HIGH MAST LIGHT) TO HOUSE OF MUSLIM KHAN AT WARD NO 08 | 505241 | 5000 | 10200 | 45 दिन |

**नोट** :- विस्तृत सूचना एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑंव

PR 360459 Urban Development(25-26).D

# पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने रखा हरितालिका तीज व्रत

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा के शहरी व ग्रामीण इलाकों में हरतालिका तीज के अवसर पर पत्नियों ने अपने अपने पतियों की लंबी उम्र के लिये मंगलवार को निर्जला व्रत रखा। ये व्रती पत्नियां अगले सुबह बुधवार के दिन सूर्योदय के बाद अपना उपवास तोड़ेंगी। तीज त्योहार पर अपने पति के दीर्घायु के लिए सुहागिनें निर्जला रहीं। इस दौरान स्नान ध्यान कर शिवमंदिरों में जाकर सुहागिनों ने शंकर-पार्वती की पूजा अर्चना भी की। व्रत के नियम के अनुसार सुहागिनें अहले सुबह से निर्जला व्रत रखकर शाम को स्नान ध्यान कर शिवमंदिर में जाकर शिव पार्वती की पूजा कर अपने पति के लंबी उम्र के लिए आशिष मांगा। इस दौरान कथा श्रवण के साथ महिलाओं ने दान भी किया। जनश्रुतियो के अनुसार पार्वती ने पति के रुप में भगवान शंकर को पाने के लिए कठिन व्रत किया था। अंत में निर्जला और निराहार रह कर उन्होंने शिव को प्राप्त कर लिया। इस मान्यता के अनुसार तीज त्योहार पर सुगाहिनें निर्जला व्रत रह शिव पार्वती की पूजा अर्चना करती हैं। इस मौके पर तमाम महिलाओं ने शिवालयों में जाकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। यूं तो पति के दीर्घायु होने और उनकी रक्षा के लिए धर्मशास्त्रों में कई व्रत-त्योहारों का जिक्र है, लेकिन इनमें 'हरितालिका तीज' व्रत का बेहद महत्व है। तीज पर्व भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है।



महिलाएं निर्जला रहकर पति की दीर्घायु व परिवार की खुशहाली की कामना करती दिखीं

## महिलाओं ने हाथों में मेंहदी रचाई, सामान की खरीददारी की

**लोहरदगा।** अखंड सौभाग्यवती हरितालिका तीज व्रत को लेकर महिलाओं ने सोमवार देर रात तक अपनी तैयारियों को पूरा कर लिया था। महिलाओं ने हाथों में मेंहदी रचाई और व्रत में प्रयोग होने वाले सामान की खरीददारी की। महिलाएं पूजा के लिए अलग-अलग पूजन सामग्री की खरीददारी किया। श्रृंगार के सभी सामानों सहित टोकरियां बाजार में जमकर बिकी। बांस से बनी इन टोकरियों में मेहंदी, सिंदूर, बिंदी, कंघी, आईना व आदि जरूरी श्रृंगार के सामान रखे गए हैं जो पूजन में काम आते हैं। बाजार में यह टोकरियां 50-100 रुपये तक बिकी हैं। वहीं बाजार में श्रृंगार सामग्रियों की डिमांड बढ़ी। इसके अलावा फल व अन्य दान की जाने वाली वस्तुओं की मांग बढ़ी है।

## सुहाग सामग्री के साथ की पूजा अर्चना

**लोहरदगा।** हरतालिका तीज व्रत को लेकर महिलाओं ने पूजन अचर्न किया। हरतालिका पूजन के लिए महिलाओं ने गीली काली मिट्टी या बालू रेत, बेलपत्र, शमी पत्र, केले का पत्ता, धतूरे का फल एवं फूल, अकांव का फूल, तुलसी, मंजरी, जनैव, नाडा, वस्त्र, सभी प्रकार के फल एवं फूल पत्ते, फुलहरा से पूजन स्थान को सुसज्जित किया।

## सुहागिनों ने सुहाग की रक्षा के लिये किया हरितालिका तीज का व्रत

**सेन्हा-लोहरदगा।** पति के लंबी उम्र और स्वास्थ्य तथा मंगल कामना को लेकर मंगलवार को सुहागिनों द्वारा निर्जला रह कर हरितालिका तीज का व्रत किया। हरितालिका तीज व्रत को लेकर प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सुबह से ही तीज व्रत को लेकर सुहागिन महिलाएं तैयारी में जुटी हुई थी।



सुबह से पुजन प्रारम्भ होने के पश्चात शाम तक चलता रहा। पुरोहित अरविंद पाठक,राजेश पाठक कृष्णा मिश्रा,अवनीश पाठक,नर्मदेश्वर पाठक द्वारा विभिन्न जगहों पर सुहागिनों को पुजा अर्चना कराया गया। हरि तालिका तीज व्रत को लेकर वैदिक मान्यता है कि माता पार्वती द्वारा भगवान महादेव शंकर जी को पति के रूप में पाने के लिये निर्जला उपवास रह कर हरि तालिका तीज का व्रत की थीं.जिसके उपरान्त ही भगवान शिव ने माता पार्वती को पत्नी स्वरूप में स्वीकार किया गया था।

## कैरो में हरितालिका तीज व्रत की रही धूम

कैरो / लोहरदगाः मंगलवार को कैरो प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हरितालिका तीज व्रत धूम धाम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सुहागिन महिलाओं ने ब्रत रखा,उपवास की व भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु जीवन,की कामना भगवान भोलेनाथ से किया। मौके पर पूजा अर्चना कराते हुए उपस्थित आचार्य कौशल कांत त्रिपाठी ने कहा कि पर्वत राज हिमालय पुत्री माता पार्वती ने भगवान भोलेनाथ को पति रूप में पाने के लिए हरे भरे वन में कठिन तपस्या की इस लिए इसे हरितालीका तीज के नाम से जाना जाता है,माता पार्वती के कठिन तपस्या से भोलेनाथ प्रसन्न हुए और भगवान भोलेनाथ ने माता पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया। तब से आज तक भाद्रपद शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को निरंतर हरितालिका तीज व्रत करने की परंपरा वर्षो वर्ष से चली आ रही है।



# देवस्थल में पांच दिन विराजेंगे गजानन

- प्रतिदिन संध्या होगा महाआरती का होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिले के शांति नगर किस्को मोड़ स्थित देवस्थल मंदिर में 27 अगस्त 2025 से 01 सितम्बर तक पाँच दिवसीय गणेशोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। लगातार 11 वर्षो से देवस्थल में प्रतिवर्ष भाद्र माह की शुक्ल पक्ष से पाँच दिवसीय गणेश पूजा का आयोजन होता आ रहा है। पूजन कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, धार्मिक संस्था, सामाजिक संगठन एवं शहर के गणमान्य जन एवं आम जनों की भागीदारी पूरे भक्ति भाव के साथ रहती है। इस वर्ष के गणेशोत्सव पूजन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पूजा समिति के अध्यक्ष राजकुमार यादव ने बताया कि इस वर्ष भी पांच दिवसीय पूजन कार्यक्रम का आयोजन देवस्थल मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है। दिनाँक 27 अगस्त को गणेश जी की प्रतिमा पुरोहित द्वारा विधिवत पूजन कर स्थापित किया जाएगा। पूजन कार्यक्रम लगातार 30 अगस्त चलता रहेगा दिनाँक 1 सितम्बर को मूर्ति का बिसर्जन जुलुस निकाला जाएगा।

जो देवस्थल से पतरा टोली होते हुए ब्लॉक मोड़ तक जाएगा। उसके पश्चात देवस्थल मंदिर स्थिति तालाव में मूर्ति का बिसर्जन किया जाएगा। पूजन कार्यक्रम के प्रत्येक दिन संध्या में महाआरती का आयोजन होगा। जो प्रशासनिक और धार्मिक संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा। महाआरती के पश्चात महाप्रसाद का भी वितरण किया जाएगा। पाँच दिवसीय पूजन कार्यक्रम में बप्पा के भक्तों के द्वारा भंडारे का भी आयोजन के साथ देवस्थल में आकर्षक विद्युत सज्जा भी की जाएगी। पुजन कार्यकम में भक्तों को किसी प्रकार की दिक्क़त ना हो उसके लिए पूजा समिति के कार्यकर्ता लगातार अपनी सेवा देंगे। पूजन कार्यक्रम की तैयारी में पूजा समिति के अध्यक्ष राजकुमार यादव, सचिव गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजीव रंजन, के साथ बैजनाथ प्रसाद (गुड्डुस) संजय साहू, सागर वर्मा, पंकज साहू, सिद्धार्थ (चीकू ), मातृशक्ति और संरक्षक मण्डल के सदस्य पूरे उत्साह से लगे हुए है।

# बीआईडी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव आज



**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला मुख्यपथ के बीआईडी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव बुधवार 27 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके साथ ही गणेश चतुर्थी के दिन वार्षिकोत्सव होने के कारण गणेशोत्सव भी मनाया जाएगा। इस अवसर मंदिर में पूजा पाठ के बाद भव्य भंडारा का आयोजन भी होना तय है। इस कार्य मे सभी सनातनी धर्म समुदाय के लोगो का सहयोग मिल रहा है। सभी सनातनी राम भक्त, हनुमान भक्त अपनी क्षमता अनुसार मंदिर के वार्षिकोत्सव के लिए सहयोग राशि दे रहे है। सुबह 10 बजे से पूजा शुरू होगी। वही दोपहर के दो बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण होगा। बता दें कि हर वर्ष प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिक उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। उक्त जानकारी मंदिर कमिटी के सदस्य नरेंद्र शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल, प्रहलाद अग्रवाल, लक्ष्मण अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, प्रमोद महतो, दीपक सिंह, जयंत सिंह, सुमेशर सिंह, निखिल सिंह, विमल साहू, संतोष गोप, मयंक अग्रवाल, शंभु अग्रवाल, उदय अग्रवाल ने दी है।

# संपूर्णता अभियान में बेहतर कार्य के लिए पदाधिकारी व कर्मी हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जुलाई-अगस्त माह में संपन्न संपूर्णता अभियान में बेहतर कार्य के लिए पदाधिकारियों को कर्मियों को मेडल, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में आकांक्षा प्रखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत प्रखण्ड किस्को में सभी पांच सूचकांकों में ओवरऑल अच्छादन के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अरूण उरांव, स्वास्थ्य सूचकांक के अच्छादन के लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी किस्को डॉ अशोक कुमार ओड़या, कृषि व जल संसाधन के अच्छादन के अच्छादन के लिए प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी राणा अमित शर्मा, पोषण सूचकांक में अच्छादन के लिए सीडीपीओ किस्को ज्योति कुमार प्रसाद,



पोषण में गुणात्मक सुधार के लिए आंगनबाड़ी वर्कर मीना केरकेट्टा को सम्मानित किया गया। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के लिए नीति आयोग द्वारा निर्धारित पांच सूचकांकों में मातृत्व पोषण के लिए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग, मातृत्व स्वास्थ्य के लिए सिविल सर्जन राजू कच्छप, शिक्षा सुविधाओं के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, शिक्षा सुविधाओं के लिए जिला शिक्षा अभिजीत कुमार, कृषि व जल संसाधन के लिए जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, संपूर्णता अभियान के समन्वय के लिए जिला योजना पदाधिकारी, संपूर्णता अभियान के समन्वय के लिए कार्यपालक दण्डाधिकारी अभिनीत सूरज, पीरामल की टीम व जिला योजना कार्यालय के कर्मियों को सम्मानित किया गया। पूरे अभियान को सफल बनाने के लिए उपायुक्त द्वारा सभी को बधाई दी गई और नीति आयोग के सूचकांक पर नियमित रूप से कार्य करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग समेत सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पांच दशकों से हो रही गणेश उत्सव

**लोहरदगा।** लोहरदगा में गणेश उत्सव की तैयारी पूरी हो चुकी है। लोहरदगा के शहरी और ग्रामीण इलाकों में गणेश उत्सव कई वर्षों से बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस क्रम में कोई पूजा पंडाल 5 दशक से गणेश उत्सव मना रहा है तो कोई तीन दशक से मना रहा है। बता दे कि बाल्मीकि नगर में 51 वर्षों से आकर्षक पूजा पंडाल बनाकर गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। इसकी जानकारी कमेटी के अध्यक्ष अक्षय करूवा ने दी। उन्होंने बताया कि लालटेन युग से हम लोग गणेश पूजा मना रहे हैं। वहीं बजरंग दल अमला टोली गणेश पूजा समिति लगभग 34 वर्षों से पूजा पंडाल बनाकर गणेश चतुर्थी धूमधाम से मना रहा है। इसके अध्यक्ष राजकुमार साहू ने बताया कि सुबह में वैदिक रीति रिवाज से पूजा पाठ संपन्न होगी एवं शाम में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

# गणेश चतुर्थी की तैयारियां पूरी, पूजा पंडाल रहेगा आकर्षण का केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश का उत्सव का दिन आज से शुरू हो रहा है शास्त्रों के अनुसार इस दिन को गणेश चतुर्थी का दिन कहा जाता है। भारत में कुछ प्रमुख महानगरों व शहरों में 10 दिनों तक गणेश चतुर्थी अर्थात गणेश उत्सव मनाया जाता है तो कहीं 5 दिन तक प्रतिमा रखकर भगवान श्री गणेश की पूजा की जाती है। इस क्रम में लोहरदगा के शहरी और ग्रामीण इलाकों में भी गणेश उत्सव के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी है। श्रद्धालु भक्तगण भगवान श्री गणेश की पूजा को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। भगवान को आकर्षक पूजा पंडाल में भगवान को विशेष स्थान देने की होड़ मची हुई है।

शहरी क्षेत्र में लगभग एक दर्जन से अधिक गणेश पूजा पंडाल का निर्माण कराया गया है। जिसमें मुख्य रूप से कृषि मार्केट, बसारटोली, बौली बगीचा, राणा चौक, बाल्मीकि नगर, किसको मोड़ स्थित देव स्थल, बड़ा तालाब बगड़ू मोड़, बरवाटोली, तेतरतर नाइ मुहल्ला, गायत्री मंदिर, काली मंदिर, निंगनी आदि स्थानों पर आकर्षक पूजा पंडाल बनाये गए हैं। पूजा कमेटी के लोग किसी भी तरह का एक भी कमी नहीं होने दे रहे हैं



वही बाजार में गणेश उत्सव के लिए पूजा सामग्री दुकानों पर भीड़ उमर रही है। वही मूर्तिकारों से लोग भगवान श्री गणेश की मूर्ति की ख़रीदगी कर रहे है। श्रद्धालु अपने सामर्थ्य के अनुसार भगवान श्री गणेश का मूर्ति खरीद रहे हैं। लोहरदगा शहरी क्षेत्र के कुछ पंडाल ऐसे हैं जो दशकों से आकर्षक रूप से पंडाल बनाकर गणेश उत्सव मनाते रहे हैं जिनमे राणा चौक, किस्को मोड़ देवस्थल, बसार टोली, नाई मुहल्ला मुख्य रूप से शामिल है। इस गणेशोत्सव के दौरान नृत्य प्रतियोगिता व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है।

## डीसी ने दिए लंबित योजनाएं पूर्ण करने का निर्देश

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा से संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा। इसमें जिला योजना अनाबद्ध निधि, एससीए योजनामद एवं नीति आयोग अवार्ड मनी से ली गई योजनाएं शामिल थीं। उपायुक्त द्वारा जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत वर्ष 2022-23, 23-24 और 24-25 के लंबित योजनाओं की समीक्षा की और लंबित योजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश सभी संबंधित कार्यकारी एजेंसियों को दिये। इन योजनाओं में विद्यालय में डीप बोरिंग की योजना, गार्डवाल की योजना, पुस्तकालय के लिए पुस्तक की खरीद, पीसीसी पथ, पुल निर्माण, विभिन्न विद्यालयों में अतिरिक्त कमरा निर्माण, होमी जहांगीर भाभा संस्थान के लिए भवन का निर्माण, चेकडैम निर्माण, विभिन्न विद्यालयों में शौचालय निर्माण आदि योजनाएं शामिल थीं।

## आंख जांच कर मुफ्त दवा और चश्मा दिया गया




**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के नेत्र रोग चिकित्सक डॉ.शशिकांत कुमार द्वारा राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पेशरार प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गग दुंदरु जवाल स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में नेत्र जांच शिविर आयोजित कर 152 छात्र छात्राओं और 53 ग्रामीणों का आंख जांच किया गया। वही डॉक्टर द्वारा बताया गया कि नेत्र जांच के क्रम में निकट दृष्टि और दूर दृष्टि दोष,आंख से पानी आना,धुंधलापन दिखाई देना,आंख में जलन होना सहित अन्य तरह की बीमारियों का जांच किया गया। जांच के पश्चात 40 वर्ष उम्र तक के 43 महिला पुरुषों को निःशुल्क चश्मा भी दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र रोग से बचाव के लिये जागरूक करते हुए अंधापन से रोक थाम की दिशा में चिकित्सक द्वारा राष्ट्रीय अंधा पन कार्यक्रम के तहत सार्थक पहल किया जा रहा है। वही डॉ.श्री कुमार ने छात्र छात्राओं ग्रामीणों से कहा कि आंख को स्वस्थ्य रखने के लिये दूध,फल,अंडा,हरा साग सब्जी तथा बिट और गाजर का सेवन करें तथा प्रत्येक दिन गुलाब जल से या स्वच्छ पानी से आंख को दिन में कम से कम तीन बार धोये। जिससे आंख में घुसे जीवाणु और धूल साफ हो और आंख स्वच्छ रहे। मौके पर शिक्षक रंजीत कुमार भगत स्वास्थ्य सहिया मंजू देवी के अलावे अन्य ग्रामीण और विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

**सभाकक्ष** उपायुक्त ने की विकास समन्वय की बैठक

# निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्रों को पूर्ण कराये जाने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक आज जिला मे तकनीकी व गैर-तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। तकनीकी पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में पेजयल एवं स्वच्छता विभाग को पूर्ण हो चुकी हर घर नल योजना का सर्टिफिकेशन पूर्ण कराने, लाभुकों की जलकर समिति गठित करने व कर संग्रहण का निर्देश दिया गया। किस्को व पेशरार प्रखण्ड में स्वच्छ पानी की उपलब्धता से वंचित



परिवारों के लिए योजनाएं लिये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, जिन आंगनवाड़ी केंद्र व विद्यालयों में पेयजल की सुविधा नहीं है उन्हें हर घर नल योजना के नजदीकी पाईपलाइन से जोड़कर आच्छादित करने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण कार्य विभाग व पथ प्रमण्डल को जिला के ग्रामीण इलाकों में खराब पथों को चिन्हित करते हुए उनके निर्माण या मरम्मती की अनुशंसा कराये जाने का निर्देश दिया गया। भवन प्रमण्डल को निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्रों को पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल को लंबित योजनाएं पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उच्च पथ प्रमण्डल को एनएच के रास्तों में गड्ढों को भरे जाने का निर्देश दिया गया। विद्युत प्रमण्डल को सरकारी भवनों में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों में और छूटे हुए विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन किये जाने का निर्देश दिया गया।जिला कृषि पदाधिकारी को एग्री स्मार्ट विलेज की मॉनिटरिंग करते हुए उसे रेगुलेट कराने का निर्देश दिया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अधिक से अधिक किसानों का निबंधन कराये जाने का निर्देश दिया गया ताकि इस वर्ष अत्यधिक वर्षा के कारण अगर फसल की क्षति होती है तो किसानों को बीमा योजना का लाभ दिया जा सके। जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को जिला में वज्रपात से, हाथी से, करंट से, सर्पदंश से, सड़क दुर्घटना में मृत्यु, पानी में डूबने से मृत्यु आदि प्राकृतिक व अप्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों का का अभिलेख सभी अंचलों से प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

### गैर तकनीकी पदाधिकारियों को दिये गये निर्देश

जिला समन्वयक, आवास योजना को जिला में अपूर्ण आवास योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। सांसद आदर्श ग्राम योजना और आदर्श आदर्श ग्राम योजना में स्वीकृत योजनाओं में प्रगति लाते हुए पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा अभिनीत सूरज समेत सभी जिला स्तरीय तकनीकी व गैर-तकनीकी पदाधिकारी, सभी पीपीआइ फेलो व अन्य उपस्थित थे।

## पंचायत स्तर पर संगठन मजबूत करने निकले कांग्रेस प्रभारी के. राजू



**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू अपने छह दिवसीय प्रवास के तहत मंगलवार को लोहरदगा जिले के कुड़ू प्रखंड के सुंदरु पंचायत स्थित ओपा गांव पहुंचे। यहां प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव के आवास पर आयोजित पंचायत स्तरीय बैठक में उन्होंने हिस्सा लिया। ढोल-नगाड़े और छऊ नृत्य के बीच पारंपरिक रीति-रिवाज से स्वागत किया गया। सखुआ पत्ता की टोपी और माला पहनाकर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। बैठक में प्रभारी ने पंचायत प्रतिनिधियों से सीधा संवाद कर स्थानीय समस्याओं और संगठन की मजबूती पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्षों के मनोनयन की प्रक्रिया चल रही है। 2 सितंबर से एआईसीसी पर्यवेक्षक 15 दिनों तक जिलों में रहकर संगठन को मजबूत करेंगे। पंचायत स्तर पर पदाधिकारियों का चयन और बीएलओ की नियुक्ति भी की जाएगी।

# बिशुनपुर में श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न हुई हरितालिका तीज

## सुहागिनों ने निर्जला उपवास कर शिव-पार्वती की पूजा की



नवीन मेल संवाददाता

**बिशुनपुर (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को हरितालिका तीज का पर्व बड़े ही श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु की कामना करते हुए निर्जला उपवास रखा तथा भगवान शिव-पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की।

सुबह से ही महिलाएं व्रत की तैयारियों में जुटी रहीं। कहीं घरों में बालू का शिवलिंग बनाकर पूजा की गई तो कहीं मंदिरों में जाकर भगवान शंकर का जलाभिषेक और विशेष अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। ग्रामीण इलाकों में यह पर्व महिलाओं के बीच विशेष उत्साह का केंद्र बना रहा। व्रतधारी महिलाओं ने दिनभर निर्जला रहकर भजन-कीर्तन किए और तीज व्रत कथा का श्रवण कर अपने परिवार की मंगलकामना की। मान्यता है कि इस व्रत से दांपत्य जीवन सुखमय होता है और पति की आयु में वृद्धि होती है।

शाम के समय सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर महिलाओं ने एक-दूसरे को हरितालिका तीज की शुभकामनाएं दीं। गांवों में समूह बनाकर किए गए पूजन से धार्मिक वातावरण और भी प्रफुल्लित हो उठा और पूरा प्रखंड भक्तिमय माहौल से सराबोर नजर आया।

## धूमधाम से मनाया गया हरितालिका तीज



**भरनो (गुमला)।** प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न गांवों में मंगलवार को हरितालिका तीज व्रत बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए 24 घंटे का निर्जला उपवास रखा और भगवान शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही महिलाओं और युवतियों की भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी। सुहागिनों ने पारंपरिक परिधान और सोलह श्रृंगार कर भगवान शिव-पार्वती की विशेष पूजा की। कई महिलाओं ने अपने-अपने घरों में भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शिव-पार्वती से आशीर्वाद मांगा। पूजा के दौरान आचार्यों और पुरोहितों ने उपस्थित महिलाओं को हरितालिका तीज की कथा सुनाई। खासकर जिन महिलाओं का पहला तीज व्रत था, उनमें विशेष उत्साह और भावनात्मक जुड़ाव देखने को मिला। दिनभर पूजा-अर्चना का सिलसिला चलता रहा, जो देर रात तक जारी रहा। महिलाओं के साथ युवतियों ने भी पूरे आस्था भाव से व्रत और पूजा में भाग लिया। इस अवसर पर कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन कर धार्मिक वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। पति की लंबी उम्र की कामना से जुड़े इस व्रत में पतियों ने भी सक्रिय सहयोग दिया और पूजन-अनुष्ठान की तैयारियों में अपनी पत्नियों का साथ निभाया। ग्रामीण अंचल में तीज व्रत को लेकर उत्साह का माहौल रहा और जगह-जगह श्रद्धा और आस्था की अनोखी छटा देखने को मिली।

## जिले में तीज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**गुमला।** जिले के जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में मंगलवार को तीज और चौरचन का पर्व बड़े ही हर्षउल्लास के साथ मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय और विभिन्न गांवों में सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य और पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए 24 घंटे का निर्जला व्रत रखा और भगवान शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की। मंदिरों में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी और उन्होंने सोलह श्रृंगार कर पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा की। आचार्यों और पुरोहितों ने व्रत एवं त्यौहार की कथा सुनाकर धार्मिक माहौल को और अधिक भक्तिमय बनाया। तीज के साथ ही चौरचन पर्व भी उल्लासपूर्ण ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने चांद को अर्ग देकर परिवार की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। चौरचन की रात्रि में आँगन में जल दीपक और रंगोली सजाई गई, और महिलाएं चांद को अर्घ्य देते हुए पारंपरिक गीत गाती रहीं। व्रत और चौरचन पर्व के दौरान पति-पत्नियों के बीच आपसी सहयोग का भी दृश्य देखने को मिला। पतियों ने अपनी पत्नियों के साथ पूजा-अर्चना और व्रत की तैयारियों में सक्रिय भागीदारी दिखाई। प्रखंड मुख्यालय और आसपास के गांवों में स्थानीय समाज ने भी इस धार्मिक और सांस्कृतिक अवसर पर उत्साहपूर्वक भाग लिया। भजन, कीर्तन और पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे ग्रामीण अंचल में श्रद्धा और हरसू उल्लास का अनुपम वातावरण देखने को मिला।

### रेलदाग गांव में सड़क निर्माण घोटाला, करोड़ की लागत बनी खासता हाल

# घटिया सामग्री से निर्माण का आरोप लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश

नवीन मेल संवाददाता

**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित रेलदाग गांव में करोड़ों रुपये की लागत से बनी पीसीसी सड़क पहले ही टूट-फूट की कगार पर पहुँच गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से सड़क निर्माण में सीमेंट के साथ मिट्टी मिलाकर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह इलाका लंबे समय से विकास से वंचित रहा है और अब जब सड़क निर्माण की योजना आई, तो भ्रष्टाचारियों ने गरीब जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मजदूरों ने भी खुलासा किया कि उन्हें कम गुणवत्ता वाली सामग्री का इस्तेमाल करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कई बार विभागीय अधिकारियों को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे साफ पता चलता है कि ऊपर से नीचे तक मिलीभगत है। रेलदाग जैसे नक्सल प्रभावित इलाके में सड़क ही जीवनरेखा है। यदि सड़क मजबूती से नहीं बनेगी, तो विकास और सुरक्षा दोनों पर गंभीर सवाल खड़े होंगे।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर इस घपले और लापरवाही को रोका नहीं गया, तो वे सड़क निर्माण को रोककर सामूहिक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उनका कहना है कि यह धांधली केवल सड़क की गुणवत्ता को नहीं बल्कि सरकारी योजनाओं पर जनता का विश्वास भी तोड़ रही है। स्थानीय लोगों ने सवाल



उठाया – आखिर कब तक गरीब जनता के नाम पर ऐसे घोटाले और लूट-खसोट जारी रहेगी और अधिकारी आंख मूंदकर बैठे रहेंगे?

## भारतीय वायुसेना भर्ती रैली में गुमला के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**गुमला।** भारतीय वायुसेना में शामिल होकर देशसेवा और रोजगार का सपना देखने वाले युवाओं के लिए बड़ा अवसर आया है। एयरफोर्स की ओर से एयरमैन (ग्रुप 'वाई' – नॉन-टेक्निकल) भर्ती रैली आगामी 02 और 03 सितंबर 2025 को एयरफोर्स सेलेक्शन सेंटर, बैरकपुर (पश्चिम बंगाल) में आयोजित की जाएगी। इसमें झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और अरुणाचल प्रदेश के पात्र अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। इस संबंध में 10 एयरमैन सेलेक्शन सेंटर, बिहटा (पटना) ने गुमला उपायुक्त को पत्र भेजकर अधिक से अधिक युवाओं तक सूचना पहुँचाने का आग्रह किया है। पत्र में प्रशासन से सहयोग स्वरूप डीसी के सोशल मीडिया अकाउंट से प्रचार-प्रसार, रोजगार आदान-प्रदान के डाटा बैंक का उपयोग, एसएमएस-ईमेल-व्हाट्सएप से सूचना साझा करने, शैक्षणिक संस्थानों में नोटिस जारी करने तथा प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग लगाने का अनुरोध किया गया है।

## ब्राउन शुगर तस्करी में दो आरोपी गिरफ्तार



**गुमला।** जिले में नशे के कारोबार पर नकेल कसते हुए गुमला पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में ब्राउन शुगर की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सहनवाज आलम उर्फ राजा और राजा प्रजापति के रूप में हुई है। एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुमला थाना क्षेत्र के टोटो हरिजन बस्ती में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की सूचना मिली थी। सूचना की पुष्टि होने पर विशेष टीम ने छापेमारी की और दोनों आरोपियों को रंगे हाथ दबोच लिया।

## न्यूज बॉक्स

### प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पंचायत सचिवों को दिया निर्देश



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय में सभी पंचायत के पंचायत सचिव की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष मैं मंगलवार को संपन्न हुई बैठक में विशेष रूप से अबूवा आवास, जनमन योजना, प्रधानमंत्री आवास के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया| गया इस संबंध में उन्होंने पंचायत सचिव को बतलाते हुए कहा कि वैसे लाभुक जिनका किस्त मिल चुका है जिनका निर्माण कार्य पुरा नहीं हुआ है वैसे लाभुकों से मिलकर अभिलंब कार्यों को पूरा करने की बात कही |इस अवसर पर मुख्य रूप से सभी पंचायत के सचिव संबंधित विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### छोटे-छोटे गांव तक स्वस्थ सेवा पहुंचना मेरा उदेश्य : डॉ. दीक्षा कपूर



**घाघरा (गुमला)।** घाघरा, प्रखंड कार्यालय परिषर में अदित्य हेल्थ केयर्स प्राइवेट लिमिटेड के डॉक्टर दीक्षा कपूर द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में डॉ. दीक्षा द्वारा पेट से संबंधित 125 मरीजों का मुफ्त इलाज किया गया एवं उपलब्ध संबंधित बीमारियों का दवा वितरित किया गया। इस क्रम में डॉ. दीक्षा ने बताया कि उन्होंने शिविर में पेट मे दर्द या भारीपन, पेट फूलना और गैस बनना, शौच की आदतों में बदलाव, बिना वजह उल्टी आना या मल में रक्त सहित अन्य रोगों से ग्रसित मरीजों का ईलाज किया गया। उन्होंने बताया कि वैसे मरीज जिनके बीमारी से संबंधित दवा उपलब्ध नही था उन्हें बाहर से दवा लिख कर दवा लेने की सलाह दी गयी। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य पेट से संबंधित बीमारी का इलाज गॉव स्तर पर हो ऐसा उनका प्रयास रहेगा। ताकि ग्रामीण स्तर के मरीजों को शहरों में इलाज के लिए भटकना ना पड़े। मौके पर डॉ. दीक्षा डॉ ज्योति पूनम सिंह अमित कुमार डॉक्टर नवनीत सहित उनके सहयोगी कर्मी शामिल थे।

### भरनो में कर्मा पूर्व संध्या कार्यक्रम की जोरदार तैयारी, संचालन समिति का गठित



**भरनो (गुमला)।** प्रखंड के नवाटोली स्थित पड़हा भवन में मंगलवार को कर्मा पूर्व संध्या कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पड़हा समिति प्रखंड अध्यक्ष लधूवा उरांव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 2 सितंबर को प्लस टू हाई स्कूल भरनो के खेल मैदान में कर्मा पूर्व संध्या कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संचालन समिति का गठन भी किया गया। इसमें अध्यक्ष पद पर पंचू उरांव, उपाध्यक्ष मुकेश उरांव, सचिव राजेंद्र उरांव और कोषाध्यक्ष जुगल उरांव को चुना गया। बैठक में चिलगु उरांव, एतवा उरांव, रतिया उरांव, बुद्धदेव उरांव, सुकेश उरांव, आकाश लकड़ा, राजेश्वरी उरांव, बिरसा उरांव, मनसा उरांव, बप्पी उरांव, आनंद उरांव, बंधना उरांव, चरवा उरांव समेत बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग मौजूद रहे।

### गुमला जिले में मासिक थाना दिवस 38 मामलों का मौके पर हुआ सामधान

# आपसी झगड़ो का स्थानीय स्तर पर निपटरा

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के भरनो एवं करंज थाना परिसर में मंगलवार को मासिक थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर अंचल अधिकारी अविनाश कुजूर, भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, करंज थाना प्रभारी आशीष केशरी, अंचल निरीक्षक शाहिद अनवर, राजस्व कर्मचारी ब्रजेश सिंह, बलराम भगत, अंचल कर्मी राजीव रंजन, अमीन संजय उरांव और प्रदीप कुमार उपस्थित रहे।

थाना दिवस के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और कई मामलों का त्वरित निष्पादन किया। करंज थाना में दो मामलों का मौके पर समाधान किया गया, जबकि भरनो थाना में जमीन बंटवारे और भूमि विवाद से संबंधित दर्जनों मामले सामने आए।

अंचल अधिकारी अविनाश कुजूर ने एक जमीन बंटवारे के मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित अमीन को भूमि मापी कर प्रतिवेदन कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया। वहीं, एक टाइटल संबंधी मामले में दोनों पक्षों को न्यायालय जाने की सलाह दी गई।



इस अवसर पर भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने लोगों से अपील की कि किसी भी विवाद की स्थिति में आपसी लड़ाई-झगड़े से बचें और तुरंत थाना या अंचल कार्यालय को सूचित करें। उन्होंने कहा कि थाना दिवस पर लाए गए सभी विवादों का समाधान या उचित मार्गदर्शन अवश्य किया जाएगा।

# भरनो से अजमेर शरीफ रवाना हुआ जायरी का जत्था, देश में अमन व भाईचारे की दुआ करेगा

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड के परसा गांव से मंगलवार को जायरिनों का एक जत्था ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलेह के दरगाह शरीफ अजमेर के लिए रवाना हुआ। रवाना होने से पूर्व जत्था ने रांची के डोरंडा स्थित बाबा रिसालदार दरगाह पर चादरपोशी कर अमन-चैन की दुआ मांगी और इसके बाद दिल्ली के लिए प्रस्थान किया।

जत्थे का नेतृत्व साबिर फरास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली में बाबा निजामुद्दीन औलिया रहमतुल्लाह अलेह की दरगाह पर चादरपोशी करने के उपरांत अजमेर शरीफ पहुंचकर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चादर चढ़ाई जाएगी और देश में



भाईचारा, सद्भावना एवं शांति की दुआ की जाएगी। उन्होंने कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का इस्लाम धर्म में विशेष स्थान है। अजमेर शरीफ विश्वविख्यात आस्था का केंद्र है, जहां रजब और रबी-उल-अव्वल के महीने में लाखों की संख्या में जायरीन हाजिरी देते हैं। मान्यता है कि यहां मांगी गई दुआएं अवश्य कबूल होती हैं।

जत्था अजमेर शरीफ यात्रा के दौरान कई दरगाहों की जियारत करेगा और साथ ही प्रमुख पर्यटक स्थलों का भी भ्रमण करेगा। इस जत्थे में मीर आरिफ, शेख अमीन, सरोज खान, मीर सजिद, इमरान खान, मंसूर कोटवार, मुस्ताक मालिक, अमजद खान, मीर आबिद सहित कई जायरीन शामिल हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
Email- rdsd.latehar@rediffmail.com

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालिन ई नविदा सं0. EE/RDSD/LATEHAR/11/2025-26(2nd call) जिसका PR NO- 356112 (Rural Development) 25-26*D दिनांक–29-06-2025 को प्रकाशित हुई थी। इस निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
लातेहार।

PR 360471 (Rural Development) 25-26 (D)

### सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# हेलमेट अनिवार्यता, यातायता नियमों के कड़ाई से पलान करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में मंगलवार को जिले के जिला समाहरणालय स्थित सभागार में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त गुमला, पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, एसडीओ सदर, बसिया एवं चैनपुर, संबंधित विभागों के अधिकारी, सड़क सुरक्षा टीम और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत प्रशासनिक परिचय और पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों की समीक्षा से हुई। इसके बाद जिले में घटित सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े प्रस्तुत किए गए और उनका गहन विश्लेषण किया गया। सांसद




भगत ने सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि सबसे अधिक दुर्घटनाएं हिट एंड रन, नशे की हालत में वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन संचालन और नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने के कारण हो रही हैं।

सांसद ने जिला परिवहन पदाधिकारी से सड़क सुरक्षा अभियानों की प्रगति का जायजा लिया और व्यापक जनजागरूकता अभियान पर विशेष बल दिया। उन्होंने जिले के सभी ब्लैक स्पॉट की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर सुधार करने, बारिश के बाद गड्ढों को तत्काल भरने, सड़क किनारे झाड़ियों की सफाई सुनिश्चित करने और मुख्य पथों पर कॉन्वेक्स मिरर, स्पीड ब्रेकर और रोड साइन लगाने के निर्देश दिए। प्रवर्तन के मुद्दे पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन, तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग, बिना निबंधन और बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। सांसद ने "नो हेलमेट नो राइड" और "नो हेलमेट नो फ्यूल" अभियानों को दृढ़ता से लागू करने का निर्देश दिया और कहा कि हेलमेट को लेकर किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। साथ ही, मोटरसाइकिल डीलरों को प्रत्येक वाहन के साथ अनिवार्य रूप से हेलमेट उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। सांसद ने सोशल मीडिया रील्स और स्पोर्ट्स बाइक के अनियंत्रित चलन को दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बताया और परिवार और समाज दोनों से जिम्मेदारी निभाने की अपील की। इसके अतिरिक्त कार्तिक उरांव कॉलेज और उसके आसपास विशेष जागरूकता अभियान चलाने, कॉलेज परिसरों में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित करने और ट्रैक्टर, ऑटो, ट्रकों की फिटनेस व तकनीकी जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आपातकालीन देखभाल पर भी चर्चा की गई। सांसद ने कहा कि दुर्घटना स्थलों पर एम्बुलेंस और चिकित्सा सुविधा तत्काल उपलब्ध हो और 'हिट एंड रन' मामलों में पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा दिया जाए। शहरी क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना कर सड़क पर गतिविधियों की निगरानी करने का निर्णय भी लिया गया। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रशासन और समाज दोनों की साझा जिम्मेदारी है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा
E-mail - eercdgarhwa-jhr@nic.in
अति आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा अंतर्गत प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– पथ/गढ़वा/759/2025–26 (गै0यो0) दिनांक– 11.07.2025 (PR 357099 (Road)25-26*D में क्रम संख्या 10 में उल्लेखित कार्य "प्रमण्डलीय कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर में अवस्थित कार्यपालक अभियंता का कक्ष एवं अन्य कक्षों के साथ प्रमण्डलीय जाँच प्रयोगशाला का जिर्णोद्धार कार्य" को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल,
गढ़वा।

PR 360460 Road(25-26)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"धर्म और अधर्म, सेवा और परमार्थ के झमेलों में पड़कर मैंने बहुत ठोकरें खाईं। मैंने देख लिया कि दुनिया दुनियादारों के लिए है, जो अवसर और काल देखकर काम करते हैं। सिद्धांतवादियों के लिए यह अनुकूल स्थान नहीं है।" - **प्रेमचंद**

## संपादकीय

### जेल से सरकार पर सवाल

नेताओं की आपराधिक कृत्यों में संलिप्तता के आरोप प्रत्यारोप के बीच चुनाव सुधार के लिए ऐसी विसंगतियां दूर करने की मांग उठती रही है, जिनके चलते दुर्लभ से दुर्लभतम मामलों के आरोपियों को चुनाव लड़ने के अधिकार के साथ, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री रहते हुए जेल से सरकार चलाने का अधिकार भी मिला हुआ है। शायद संविधान निर्माताओं ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी कि जेल से सरकार चलाने वाले प्रसंग भारत में आएंगे पर अब सरकार तीन संविधान संशोधन विधेयकों के माध्यम इन विरोधाभासी कानूनों को बदलने की तैयारी में है। पहला, संविधान में 130वां संशोधन विधेयक-2025 है, जिसके तहत 30 दिन तक जेल में रहकर पद पर बने रहने वाले प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को हटाने का प्रावधान है। दूसरा विधेयक केंद्र शासित प्रदेशों के लिए इन्हीं प्रावधान के साथ लागू होगा। तीसरा विधेयक जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (34) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को पद से हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। अतएव धारा-54 में संशोधन करके आपराधिक छवि वाले मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को 30 दिन में हटाने का प्रावधान किया जाएगा। देश में जाति और संप्रदाय आधारित विडंबना इस हद तक हैं कि अनेक दागी चुनाव जीत भी जाते हैं। यहां तक कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत जेल में बंद खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह और आतंकी फंडिग में तिहाड़ जेल में बंद इंजीनियर रशीद ने पिछले साल लोकसभा चुनाव जीता।

*शायद संविधान निर्माताओं ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी कि जेल से सरकार चलाने वाले प्रसंग भारत में आएंगे पर अब सरकार तीन संविधान संशोधन विधेयकों के माध्यम इन विरोधाभासी कानूनों को बदलने की तैयारी में है।*

विचारणीय बिंदु यह भी है कि हत्या, दुष्कर्म, आतंक, अलगाव और हिंसा भड़काने वाले लोग यदि जीतकर संसद और विधानसभा में पहुंच जाते हैं, तब क्या इन सदनों की गरिमा या संविधान की महिमा बढ़ जाती है? यदि नहीं बढ़ती, तो राजनीतिक दल इन्हें टिकट क्यों देते हैं? क्या उन्हें देश की अखंडता की चिंता नहीं है? सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 10 जुलाई, 2013 को दिए एक फैसले के अनुसार, किसी आपराधिक मामले में दो वर्ष की सजा पाए दोषी सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। अदालत ने इस फैसले में जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8 (4) को रद्द कर दिया था। लेकिन, इस फैसले के विरुद्ध केंद्र सरकार ने संसद में सर्वसम्मति से संशोधन विधेयक लाकर शीर्ष अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। इस बिल में धारा 8 की उपधारा 4 में एक प्रावधान जोड़ा, ताकि दागी नेताओं की कुर्सी बची रहे और वे सदन की कार्यवाही में भागीदारी करते रहें, लेकिन अदालत ने इसकी व्याख्या करते हुए कहा कि उपधारा 4 भेदभावपूर्ण है, क्योंकि यह दोषी ठहराए गए आमजन को तो चुनाव लड़ने से रोकती है, लेकिन जनप्रतिनिधि को सुरक्षा मुहैया कराती है। दरअसल, दागियों के कंधे पर टिका विपक्ष ऐसे कानूनों का पक्षकार इसलिए है, ताकि वह संप्रदाय और जाति के ध्रुवीकरण के आधार पर जीते प्रतिनिधियों के बूते अपना वर्चस्व संसद में बनाए रखे। संविधान के अनुच्छेद 173 और 326 में प्रावधान है कि न्यायालय द्वारा दोषी-करार दिए लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जा सकते हैं।

# मार्केटिंग के मायाजाल का आकर्षण और भीतर की पुकार के बीच फंसी युवा पीढ़ी

बाहर से सब ठीक दिखता है, पर भीतर-ही-भीतर एक बेचैनी रहती है। प्रायोरिटीज सेट करते हैं, पर वो पूरी नहीं हो पातीं। एक गिल्ट महसूस होता है। आखिर यह बेचैनी है क्या? क्या यह सिर्फ हमारे मन का भ्रम है?"

यह लेख आज की पूरी युवा पीढ़ी की मानसिक स्थिति का एक गहन विश्लेषण है।




### सब कुछ है, फिर भी कुछ नहीं है

आज के युवाओं के पास पहले से कहीं ज़्यादा पैसा, टेक्नोलॉजी और विकल्प हैं। फिर भी, एंग्जाइटी, डिप्रेशन और ओवरथिंकिंग की समस्याएं पहले से कहीं ज्यादा हैं। यह विरोधाभास क्यों?

जवानी का एक खास और शक्तिशाली समय होता है। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा अपने चरम पर होती है। हम दुनिया को समझने लगते हैं और महसूस करते हैं कि पूरी दुनिया हमारी पहुंच में है। भीतर एक तड़प होती है कि इस जीवन में कुछ अलग, कुछ बड़ा करना है। पर समस्या यह है कि वह 'कुछ' क्या है, यह स्पष्ट नहीं होता।

इसी अनिश्चितता और तड़प का फायदा उठाता है आज का विशाल बाज़ार। इतिहास में कभी भी बाज़ार इतने आकर्षक और विशाल नहीं रहे। यह बाज़ार आपके सामने एक के बाद एक 'माल' खड़ा करता जाता है: नया फोन, नई नौकरी, नया कोर्स, नया वीकेंड गेटवे, नया रिश्ता ,और समाज की वही परम्परा में फंसते जाते हैं।

इनमें से किसी एक से यदि निराशा मिलती भी है, तो बाज़ार तुरंत चार नए विकल्प आपके सामने रख देता है। कोई बात नहीं, यहां असफलता मिली तो अब ये कर लो। यहां तक कि दिल टूटने का दुख महसूस होने से पहले ही, आपके सामने नई लुभावनी चीजें आ जाती हैं और नये लोग मिल जाते हैं बहलाने के लिए।

इसका परिणाम यह होता है कि युवा अपनी अनंत महसूस होने वाली ऊर्जा को इन्हीं सतही विकल्पों में बिखेर देता है। वह सोचता है, "शायद यही वह चीज है जो मुझे चाहिए।" लेकिन हर नई प्राप्त वस्तु के बाद भीतर की खालीपन और बढ़ता जाता है।

### सबसे बड़ी हार: 'जीत' में छिपी हार

सबसे बड़ी समस्या तब आती है जब आपको इनमें से कोई चीज मिल भी जाती है। आपको लगता है कि आप जीत गए। एक डिग्री, एक नौकरी, एक नया फोन—ये सब आपको हासिल हो जाते हैं। यही सबसे बुरी हार है, क्योंकि इस 'जीत' ने आपको यह आश्वासन दे दिया होता है कि आप सही रास्ते पर हैं। जबकि असलियत यह है कि आपने अपनी कीमती ऊर्जा और समय किसी ऐसी चीज पर लगा दिया, जो आपके भीतर की असली पुकार नहीं थी।

यही कारण है कि बाहर से सब कुछ पा लेने के बाद भी भीतर एक बेचैनी बनी रहती है। एक आवाज़ चिल्लाती रहती है, "नहीं! यह नहीं चाहिए था मुझे। यह भी नहीं, यह भी नहीं।"

### सवाल जो बुढ़ापे में कचोटते हैं

इस चक्र में फंसकर जवानी का कीमती समय बीत जाता है। पैसा, समय और ऊर्जा—ये तीनों अनंत नहीं हैं। ये जल्दी खत्म हो जाते हैं। एक दिन आप आईने के सामने खड़े होते हैं और सफेद बालों को देखकर पूछते हैं, "यह कैसे हो गया? मेरा सारा समय कहाँ चला गया? मेरी सारी ऊर्जा कहाँ बर्बाद हो गई?"40 की उम्र पार करने के बाद जब लोग अपनी जवानी के दो दशकों को याद करते हैं, तो उन्हें ठीक से याद ही नहीं आता कि वह समय कहाँ गया। जैसे पानी की तेज धारा बह गई हो।

### 'कुछ और' की तलाश

समाधान इस बात में है कि हम उस 'कुछ और' को पहचानें, जिसके लिए हमारा जन्म हुआ है। यह 'कुछ और' कोई बाहरी वस्तु नहीं, बल्कि एक आंतरिक पूर्णता है। इसे पाने के लिए जरूरी नहीं कि आप दुनिया छोड़ दें, बल्कि यह जरूरी है कि आप बाजार, समाज और शरीर द्वारा परोसे गए सस्ते विकल्पों के प्रति विवेक रखें।

इसका मतलब है ठुकराना सीखना। उन रास्तों पर चलने से इनकार करना, जहाँ सभी भीड़ दौड़ रही है। उन सामाजिक व्यवस्था से बाहर निकलना, जैसे शादी करना वो भी समाज चाहता है इसलिए, घिसी-पिटी नौकरी करना,झुठी खुशी परिवार और समाज को लिए,इसका मतलब है बाहरी असुविधा और संघर्ष को स्वीकार करना, ताकि भीतरी शांति मिल सके।

आज की बात



**वीणा देवांगन**

### आपके सामने दो रास्ते हैं

1. बाहर का चैन और भीतर की बेचैनी: बाजार के हर नए माल को खरीदते रहें, वो हर काम जो समाज आपसे कराती है करते रहिए,हर नए ट्रेंड को फॉलो करते रहें। बाहर से आप सुखी और संतुष्ट दिखेंगे, लेकिन भीतर एक गहरी बेचैनी और खालीपन बना रहेगा।

2. बाहर का संघर्ष और भीतर का चैन: बाजार के आकर्षण को 'ना' कहना शुरू करें। अपने भीतर की आवाज सुनें, चाहे इसके लिए बाहरी दुनिया से संघर्ष करना पड़े। इस रास्ते पर आप अकेले हो सकते हैं, लेकिन अंततः आपको भीतर एक गहरी शांति और सार्थकता का अनुभव होगा।

जवानी की ऊर्जा इसीलिए है ताकि आप दुनिया में कुछ बदल सकें, कुछ रच सकें। इसे सिर्फ भोग में नष्ट मत कर दीजिए। अपने भीतर के 'कुछ और' की खोज कीजिए। यही आपकी बेचैनी का एकमात्र स्थायी समाधान है। (veenavlogs@gmail.com)

### हाल सरकारी नौकरी का

एक बात मन के अंदर ऐसी,
आई विपदा कैसी-कैसी ?
जो कह ना सके, और सह ना सके ।।
मैं आई शहर अकेली थी,
खुद ही अपनी सहेली थी ,
बांट सकूं ना दुख अपना,
ना काट सकूं जीवनअपना।
किताबों संग ही रहती थी,
किताबों संग ही सोती थी
आज मैंने खूब पढ़ाई की,
यह सोच सोच खुश होती थी।
जीवन जीना भी सीखा था,
कई कला हाथ को आती थी
लगता था एक मुकाम मिलेगा,
मेरे हाथों को काम मिलेगा, सरकारें जब-जब
आती थीं, पद बड़े-बड़े गिनवाती थी,
कई फार्म भराई जाती थी,
परीक्षा की तिथि भी आती थी ।
जग जग रातों को पढ़ती थी ,
मन ही मन फिर उसे गुनती थी,
फिर एक दिन ऐसा आया,
अपना रोल नंबर मिलाया।
रोल नंबर देख मन झूमा था
मैंने पेपर को चूमा था,
कल से हम अधिकारी होंगे
कुछ और नहीं सरकारी होंगे।
काउंसलिंग की अब बारी थी, करली तैयारी
सारी थी,
धक-धक धड़कन
थी बढ़ी हुई, कल क्या
होगा सोचकर डरी हुई
जब अधिकारी टेबल
पर आए, जरूरी सारे
निर्देश सुनाए। जो जो
हमें आदेश मिले सब
पूरे किए हम बिना
हिले। पूरी ईमानदारी
से काम करेंगे,
रोशन कस्बे का नाम
करेंगे, मन सपनों में
झूल रहा था, सोच
सोच यह फूल रहा था
गांव अपने अब जाएंगे, कुछ शहरी ठाठ
दिखाएंगे झुक पैर बड़ों के छुएंगे,
छोटों को गुर बतलाएंगे।
चौपाल बिछी थी बाहर में ,
पर बात पहुंची थी घर-घर में,
बेटी अब अधिकारी होगी
गांव की सबला नारी होगी।
सूरज में लाली थी सुंदर, कल से लगती थी
आज सुघड़ मैं मन ही मन कुछ सोच रही थी,
तब तक छोटू फेंका पेपर।
मैंने पेपर लपक उठाया, क्या कोई फरमान है
आया बड़े-बड़े काले अक्षर में, विज्ञापन का था
नाम लिखाया आगे कुछ-कुछ और लिखा था,
वैसे मन धक धक धड़क रहा था, लिखा था
मामला कोर्ट गया है,
विज्ञापन में कुछ खोट नया है।।
अगले महीने सुनवाई है।
इतने में चाचा गुजर रहे थे
बोले बेटी वाह बधाई है, क्या किस्मत तूने पाई है?

आपकी बात




**रमावती पांडेय**

## गणेशोत्सव : आस्था, संस्कृति और जीवन का संदेश

भारतीय संस्कृति में पर्व-त्योहारों का अत्यंत महत्त्व है। ये केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि सामाजिक संगठन और सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक भी होते हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख पर्व है गणेशोत्सव, जिसे "गणपति बप्पा मोरया" के जयघोष के साथ पूरे भारतवर्ष में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। गणेशजी को विघ्नहर्ता और सिद्धिदाता माना जाता है। यही कारण है कि हर शुभ कार्य का प्रारंभ उनके पूजन से किया जाता है।

भाद्रपद मास की चतुर्थी से शुरू होकर दस दिनों तक गणेशोत्सव बड़े उत्साह से मनाया जाता है। महीनों पहले से कारीगर प्रतिमाएँ बनाना आरंभ कर देते हैं। गणेश चतुर्थी के दिन घरों व पंडालों में प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है। दस दिनों तक भक्ति, आरती, भोग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। गणेशजी को लड्डू और मोदक प्रिय हैं, इसलिए भोग में इन्हीं का विशेष स्थान रहता है।

अध्यात्म की बात



**महेन्द्र तिवारी**

इतिहास गवाह है कि मराठा वीर छत्रपति शिवाजी महाराज गणेशजी के अनन्य भक्त थे। उन्होंने इस उत्सव को सामाजिक संगठन और सांस्कृतिक जागरण का साधन बनाया। उनके बाद पेशवाओं ने भी इस परंपरा को और अधिक भव्य बनाया। ब्रिटिश शासन में सार्वजनिक आयोजनों पर रोक लगी हुई थी। ऐसे समय में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणेशोत्सव को सार्वजनिक स्वरूप देकर इसे राष्ट्रीय एकता का आधार बनाया। पंडालों में एकत्र होकर लोग राष्ट्रभक्ति के गीत गाते और स्वतंत्रता संग्राम का संदेश फैलाते। इस प्रकार धार्मिक पर्व ने राजनीतिक आंदोलन को नई दिशा दी।

अनंत चतुर्दशी के दिन गाजे-बाजे और शोभायात्राओं के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। भक्त जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर देते हैं। प्रतिमा का मिट्टी में मिल जाना हमें यह गहन संदेश देता है कि जीवन नश्वर है। जैसे मूर्ति मिट्टी में लौट जाती है, वैसे ही मानव शरीर भी अंततः पंचतत्वों में



विलीन हो जाता है। यह परंपरा त्याग और वैराग्य की शिक्षा देती है।

आज गणेशोत्सव केवल महाराष्ट्र तक सीमित नहीं है। उत्तर भारत, गुजरात, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश तथा विदेशों में भी भारतीय समुदाय इसे धूमधाम से मनाता है। यह पर्व सामाजिक संगठन, सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बन चुका है।

गणेशोत्सव केवल पूजा और अनुष्ठान का पर्व नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और जीवन-दर्शन का संगम है। यह हमें सिखाता है कि भक्ति, त्याग और एकता के बिना जीवन अधूरा है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आधुनिक समाज तक इस पर्व ने लोगों को जोड़ने का कार्य किया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

तसवीरें पलटीं कई, सब पर धब्बे दाग।
ज्यों चंदन की डाल पर, लिपट गये हों नाग।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## नेत्रदान : अंधेरे को हराने का सबसे पवित्र हथियार

दृष्टि मानव जीवन की सबसे अनमोल देन है। आँखों के बिना यह रंग-बिरंगा संसार केवल अंधेरे, ध्वनियों और स्पर्श की दुनिया बनकर रह जाता है। खिलखिलाते बच्चों की मुस्कान, सूर्योदय की सुनहरी किरणें, माँ का स्नेहिल चेहरा—ये सभी अनुभव आँखों के बिना अधूरे हैं। इसीलिए भारत में हर वर्ष 25 अगस्त से 8 सितंबर तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जाता है, जो समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाने और लाखों लोगों को इस पुण्य कार्य के लिए प्रेरित करने का एक सशक्त मंच है। यह पखवाड़ा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति का आह्वान है, जो हमें सिखाता है कि मृत्यु के बाद भी हम किसी के जीवन में उजाला बिखेर सकते हैं। भारत में दृष्टिहीनता एक गंभीर चुनौती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आँकड़ों के अनुसार, देश में करीब 1.2 करोड़ लोग दृष्टिहीनता से जूझ रहे हैं, जिनमें 25-30 लाख कॉर्नियल अंधत्व से पीड़ित हैं। नेत्र प्रत्यारोपण के जरिए इनकी दृष्टि बहाल की जा सकती है, लेकिन कमी है तो बस जागरूकता और इच्छाशक्ति की। हर साल केवल 55,000-60,000 कॉर्निया ही एकत्र हो पाते हैं, जबकि आवश्यकता 2 लाख से अधिक की है। यह अंतर सामाजिक भ्रांतियों, जानकारी के अभाव और संगठित प्रयासों की कमी के कारण है। नेत्रदान एक ऐसा कार्य है, जो न केवल किसी की जिंदगी को रोशनी देता है, बल्कि मानवता और परोपकार का संदेश भी प्रसारित करता है। नेत्रदान को लेकर समाज में कई भ्रांतियाँ फैली हुई हैं, जो इस पुण्य कार्य में बाधा बनती हैं। कुछ लोग मानते हैं कि नेत्रदान से मृतक का शरीर अपूर्ण हो जाता है या चेहरा विकृत हो जाता है। यह सरासर गलतफहमी है। नेत्रदान में केवल कॉर्निया, आँख का पारदर्शी हिस्सा, निकाला जाता है। यह प्रक्रिया वैज्ञानिक, दर्दरहित और पूरी तरह गरिमामय है, जो मृतक के चेहरे की सुंदरता और पहचान पर कोई प्रभाव नहीं डालती। एक और भ्रांति यह है कि नेत्रदान से अगले जन्म पर असर पड़ता है। यह धारणा भी निराधार है। सभी प्रमुख धर्म—हिंदू, इस्लाम, ईसाई, सिख, बौद्ध—परोपकार और दान को सर्वोच्च स्थान देते हैं। हिंदू धर्म में तो 'दान' को मोक्ष का मार्ग माना गया है, और नेत्रदान से बड़ा दान भला क्या हो सकता है, जो किसी के जीवन में उजाला लाता है? राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा (25 अगस्त से 8 सितंबर) इन भ्रांतियों को तोड़ने और लोगों को इस नेक कार्य के लिए प्रेरित करने का एक सशक्त मंच है।



भारत में नेत्रदान की शुरुआत 1945 में चेन्नई में पहले नेत्र बैंक की स्थापना के साथ हुई थी। आज देश में 700 से अधिक नेत्र बैंक हैं, लेकिन दुखद यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई नेत्र बैंक निष्क्रिय हैं। ग्रामीण भारत में जागरूकता और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण कॉर्नियल अंधत्व की समस्या गंभीर बनी हुई है। ग्रामीण लोग अक्सर नेत्रदान की प्रक्रिया, इसके लाभों और उपलब्ध सुविधाओं से अनजान रहते हैं। इसलिए, इस पखवाड़े के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, नेत्रदान में समय सबसे बड़ा कारक है। मृत्यु के बाद 6 से 8 घंटे के भीतर कॉर्निया निकालना जरूरी है, वरना वह उपयोग के लिए अनुपयुक्त हो जाता है। इस प्रक्रिया में परिवार की सहमति और अस्पतालों व नेत्र बैंकों के बीच त्वरित समन्वय की आवश्यकता होती है। कई बार भावनात्मक उथल-पुथल में परिवार तुरंत निर्णय नहीं ले पाता, और यह अनमोल अवसर खो जाता है। इसलिए, जीवनकाल में ही नेत्रदान की शपथ लेना और परिवार को इसकी जानकारी देना महत्वपूर्ण है। भारत में दृष्टि नेत्र बैंक और आर.पी. सेंटर फॉर ऑप्थैल्मिक साइंसेज जैसे संगठन नेत्रदान शपथ पत्र प्रदान करते हैं, जिससे आप अपने संकल्प को औपचारिक रूप दे सकते हैं। नेत्र प्रत्यारोपण विज्ञान का एक चमत्कार है। दाता से प्राप्त कॉर्निया को विशेष तकनीकों से संरक्षित कर जरूरतमंद व्यक्ति में प्रत्यारोपित किया जाता है। इसकी सफलता दर 90% से अधिक है। एक बच्चा जो जन्म से दृष्टिहीन है, जब पहली बार अपनी माँ की मुस्कान देखता है, तो वह क्षण केवल चिकित्सा की जीत नहीं, बल्कि मानवता का उत्सव है। आधुनिक चिकित्सा में स्टेम सेल थेरेपी और कृत्रिम कॉर्निया जैसे नवाचार इस क्षेत्र में क्रांति ला रहे हैं, लेकिन इनका आधार नेत्रदान ही है। बिना दान के कोई तकनीक सार्थक नहीं हो सकती। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा (25 अगस्त से 8 सितंबर तक)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नटराज क्लब ने गोल्डन जुबली पर सेब से बनाई 26 फुट ऊंची गणेश मूर्ति

एजेंसी। संबलपुर



ओडिशा के संबलपुर में नटराज क्लब की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में 26 फुट ऊंची गणेश मूर्ति तैयार की गई है। खास बात यह है कि गणेश जी की मूर्ति सेब से तैयार की गई है। संबलपुर के क्षेत्र रायपुर स्थित नटराज क्लब हर साल अनोखी गणेश मूर्तियां बनाने के लिए जाना जाता है। क्लब ने एक बार फिर पूरी तरह से सेब से बनी 26 फुट ऊंची गणेश मूर्ति बनाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया है। यह काम वर्तमान में बड़े उत्साह के साथ चल रहा है। यह वर्ष क्लब के लिए इसलिए भी खास है क्योंकि क्लब अपनी गणेश पूजा के 50वें वर्ष का जश्न मना रहा है। स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में, सदस्यों ने भगवान गणेश के सबसे लोकप्रिय फल, सेब का उपयोग करके एक विशिष्ट मूर्ति बनाने का निर्णय लिया। मूर्ति को डिजाइन करने के लिए विभिन्न रंगों के लगभग 1,500 किलोग्राम सेबों का इस्तेमाल किया जा रहा है। खास बात यह है कि इस काम के लिए किसी पेशेवर कारीगर की जरूरत नहीं है। बल्कि, क्लब के सदस्य इस विशाल सेब की मूर्ति को आकार देने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। क्लब के वरिष्ठ सदस्य गोपाल पंसारी ने आईएएनएस को बताया, "इसकी तैयारी दो महीने पहले शुरू हो गई थी, हालांकि इस मूर्ति का विचार तीन साल पहले आया था।" उन्होंने आगे बताया, "क्लब इस उत्सव के लिए न तो कोई दान इकट्ठा करता है और न ही कोई बजट तैयार करता है। मूर्ति और उत्सव की व्यवस्था का सारा खर्च सदस्य स्वयं स्वेच्छा से वहन करते हैं।" नटराज क्लब के एक अन्य सदस्य शिव कुमार राठी ने बताया, "इस बार क्लब की गोल्डन जुबली है, इसलिए हमने कुछ नया करने का सोचा। सेब से भगवान गणेश की मूर्ति तैयार करने में हमें ढाई महीने का समय लगा है। हमने तीन साल पहले ही सोच लिया था कि गोल्डन जुबली में सेब से भगवान की मूर्ति तैयार करेंगे। मूर्ति तैयार करने में करीब 1,500 किलो

## विनायक चतुर्थी पर 7,400 से अधिक छात्रों ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

विजयवाड़ा। विनायक चतुर्थी की पूर्व संध्या पर आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नया विश्व रिकॉर्ड बना है। इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री सत्य कुमार यादव ने पत्रकारों से बातचीत में पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 7,400 से अधिक छात्रों और युवाओं ने एक साथ मिट्टी की मूर्तियां बनाकर यह कीर्तिमान स्थापित किया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल उत्सव में जनभागीदारी बढ़ाना था, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना भी था।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह आयोजन पर्यावरण के प्रति लोगों की सोच को बदलने में कारगर साबित हुआ है। खासकर स्कूली बच्चों और युवाओं में मिट्टी की मूर्तियों के उपयोग को लेकर जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने बताया कि बढ़ते कैंसर मामलों को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण आज समय की जरूरत है। वायु प्रदूषण, अस्वास्थ्यकर खानपान और मिलावटी खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य समस्याओं के प्रमुख कारण हैं। इस कार्यक्रम के जरिए लोगों को स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह आयोजन न सिर्फ एक विश्व रिकॉर्ड है, बल्कि समाज को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से त्योहार मनाने की प्रेरणा भी देता है। मिट्टी की मूर्तियां बनाने से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली सामग्रियों का उपयोग कम होगा, जिससे नदियों और जलाशयों का प्रदूषण रोका जा सकता है। मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि युवाओं और बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करेगी। इसके अलावा, उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए छोटे-छोटे कदम उठाएं, जैसे मिट्टी की मूर्तियों का उपयोग और प्लास्टिक से बचाव। इस आयोजन में शामिल सभी प्रतिभागियों और आयोजकों की सराहना करते हुए उन्होंने इसे सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। बता दें कि गणेश चतुर्थी हिंदू धर्म का एक प्रमुख त्योहार है, जो भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को शुरू होता है और 10 दिनों तक चलता है।

# योगासन खेल के विकास में योगदान के लिए योगाचार्य महेश पाल का भोपाल में हुआ सम्मान

एजेंसी। मध्यप्रदेश



योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राष्ट्रीय योगासना जज योगाचार्य महेश पाल को भोपाल मैं योगासन प्रतियोगिता में मुख्य जज की भूमिका निभाने पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें मध्यप्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा भोपाल में आयोजित योग कार्यक्रम योगासना खेल के अवसर पर भोपाल स्थित तात्या टोपे स्टेडियम में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मप्र योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त और योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री वेद प्रकाश शर्मा सचिव दिनेश ठाकुर, प्रोफेसर डॉ अजय दुबे ने योगाचार्य महेश पाल को योग में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र सौंपा। योगाचार्य महेश पाल ने योग विषय में शोध कार्य, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर योगासन खेलों में नेशनल योगासन जज के रूप में योगदान और योग जागरूकता के विविध कार्यों से समाज को लाभान्वित किया है। इससे पहले भी उन्हें नेशनल योगासन जज सम्मान, पतंजलि योग रत्न अवॉर्ड, स्वामी विवेकानंद योग यूथ आइकन अवॉर्ड जैसे कई राष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं। उनके द्वारा बच्चों और युवाओं को योग से जोड़ने, लेख लेखन के माध्यम से समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और खेलों के माध्यम से स्वस्थ जीवन की प्रेरणा देने का उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है।कार्यक्रम के समापन अवसर पर सचिव दिनेश ठाकुर, सह सचिव सचिन तिवारी, टेक्निकल जॉइंट सेक्रेटरी डॉ वरुण कुशवाह महिला पतंजलि राज्य प्रभारी पुष्पांजलि शर्मा, विधायक ऊषा ठाकुर ट्रेनिंग एंड एजुकेशन डायरेक्टर दीपक जैन,और टीएस बावल जैसे गणमान्य जन उपस्थित रहे। योगाचार्य महेश पाल का यह सम्मान गौरव की बात है, जिन्होंने योग को जन-जन तक पहुंचाने में अपना जीवन समर्पित किया है।योगाचार्य महेश पाल पिछले कई वर्षों से योग के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने 21 हजार सूर्य नमस्कार पूर्ण कर एक कीर्तिमान स्थापित किया और निरंतर बच्चों, युवाओं को योग से जोड़ने में लगे हैं। लेखन, प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं और मार्गदर्शन के माध्यम से वे समाज को योग से जोड़ने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने का कार्य कर रहे हैं। उनका यह सम्मान योग की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का प्रतीक है।

### दुनिया में दौड़ेगी 'मेड इन इंडिया' ईवी पीएम मोदी बोले-

# भारत 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है

एजेंसी। अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अहमदाबाद के हंसलपुर में सुजुकी के पहले वैश्विक रणनीतिक बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) 'ई-विटारा' को झंडी दिखाई। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब दुनिया के दर्जनों देशों में जो ईवी चलेगी, उसमें 'मेड इन इंडिया' लिखा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अब वैश्विक स्तर पर 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने बताया कि अब भारत में बनी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) को 100 से अधिक देशों में निर्यात किया जाएगा। देश में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड मैन्युफैक्चरिंग की भी शुरुआत हो गई है।

पीएम मोदी ने याद दिलाया कि भारत की सफलता की कहानी के बीज करीब 13 साल पहले बोए गए थे। 2012 में जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने मारुति सुज़ुकी को हंसलपुर में जमीन अलॉट की थी। उन्होंने कहा, "विजन तब भी आत्मनिर्भर भारत का था और मेक इन इंडिया का था। हमारे तब के प्रयास आज देश के संकल्पों को पूरा करने में इतनी बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।"

## ईवी इकोसिस्टम में बड़ा कदम, देश में शुरू हुआ बैटरी निर्माण



प्रधानमंत्री ने कहा, "इलेक्ट्रिक वाहनों के इकोसिस्टम में बैटरी सबसे महत्वपूर्ण घटक है। कुछ साल पहले तक भारत पूरी तरह से बैटरियों के लिए आयात पर निर्भर था। इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण को मजबूत करने के लिए भारत में भी बैटरी उत्पादन शुरू करना जरूरी था। इसी दृष्टिकोण के साथ हमने 2017 में टीडीएसजी बैटरी प्लांट की नींव रखी। इस कारखाने में, तीन जापानी कंपनियां मिलकर बैटरी सेल का निर्माण करेंगी। यह स्थानीयकरण हमारे आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को नई ताकत देगा।" प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से आग्रह किया कि वे इस मौके का पूरा लाभ उठाएं। उन्होंने कहा, "मैं सभी राज्यों को निमंत्रण देता हूं। आइए, रिफॉर्म की स्पर्धा करें, प्रो-डेवलपमेंट पॉलिसी की स्पर्धा करें, गुड गवर्नेंस की स्पर्धा करें।" इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश का लक्ष्य है कि 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बने।

# राहुल-प्रियंका के बिहार दौरे से कोई फर्क नहीं पड़ेगा : रविशंकर

एजेंसी। पटना



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में बिहार में चल रही इंडिया ब्लॉक की 'वोटर अधिकार यात्रा' में मंगलवार को सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा शामिल हुईं। उनकी मौजूदगी से कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। हालांकि, प्रियंका गांधी वाड्रा के शामिल होने पर भाजपा ने कड़ा प्रहार किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भाई आए, बहन आईं, दौरे से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। फिर से वही गलत बयानबाजी करेंगे। पत्रकारों से खास बातचीत में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने एफिडेविट क्यों नहीं फाइल किया? क्योंकि उन्हें पता था कि झूठ बोलने पर कार्रवाई होगी। पेगासस और राफेल मामले में भी वही रवैया अपनाया। मीडिया, सीबीएसई, कैग और अब चुनाव आयोग तक को गाली देना राहुल गांधी की आदत बन गई है। उनका एक ही मंत्र है, 'ना कायदा सही, ना कानून सही, जो राहुल कहे वही सही।' लेकिन, देश ऐसे नहीं चलेगा। रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी और कांग्रेस को चेतावनी देते हुए कहा कि बिहार की जनता इनकी झूठी बातों का करारा जवाब देगी। वहीं, उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के उस बयान पर भी नाराजगी जताई, जिसमें बिहार के डीएनए पर सवाल उठाए गए थे। उन्होंने कहा कि बिहार के डीएनए में सम्राट अशोक की विरासत है। बिहार के डीएनए में महात्मा गांधी की प्रेरणा है। गांधी जब महात्मा बने तो वह चंपारण आए थे और यहीं से सत्याग्रह शुरू किया था। मैं रेवंत रेड्डी से आग्रह करूंगा कि थोड़ा बिहार को जान लें। बता दें कि बिहार में इंडिया ब्लॉक ने 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली है। इसमें राजद के नेता तेजस्वी यादव सहित महागठबंधन के नेता शामिल हो रहे हैं। मंगलवार को यात्रा के दसवें दिन की शुरुआत सुपौल जिले से हुई। सोमवार को इस यात्रा को ब्रेक दिया गया था।

### नीतीश कुमार ने लागू किया इंडस्ट्रियल पैकेज

# उद्योगों को मिलेगी 40 करोड़ तक की ब्याज सब्सिडी

**बिहार।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। इसी कड़ी में बिहार में उद्योग क्रांति लाने को लेकर बड़ा ऐलान किया गया है। नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा कि बिहार में उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने बियाडा एमनेस्टी पॉलिसी 2025 के बाद अब नया बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025 लागू किया है। इसके तहत 40 करोड़ रूपए तक की ब्याज सब्सिडी दी जाएगी। नई इकाइयों को स्वीकृत परियोजना लागत का 300 प्रतिशत तक शुद्ध SGST की प्रतिपूर्ति 14 वर्षों के लिए की जाएगी। 30 प्रतिशत तक पूंजीगत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि निर्यात प्रोत्साहन की सीमा 14 वर्ष की अवधि के लए 40 लाख रूपए प्रतिवर्ष होगी। इसके अतिरिक्त कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग, स्टाम्प ड्यूटी एवं भूमि रूपांतरण शुल्क की प्रतिपूर्ति, निजी औद्योगिक पार्कों को सहयोग, पेटेंट पंजीकरण एवं गुणवत्ता प्रमाणन हेतु सहायता दी जाएगी।

## सरकार ध्यान भटकाने के लिए कर रही फर्जी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज के घर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला। पार्टी ने इस कार्रवाई को पूरी तरह फर्जी, निराधार और राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बताया। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मोदी सरकार आम आदमी पार्टी को टारगेट कर रही है, क्योंकि देश की गलत नीतियों और भ्रष्ट कामों के खिलाफ सबसे मुखर आवाज 'आप' की है। उन्होंने कहा, "इतिहास में किसी पार्टी को इतनी बुरी तरह से निशाना नहीं बनाया गया।

# सीबीआई ने हेड कांस्टेबल को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार किया है। सीबीआई को हेड कांस्टेबल के रिश्वत लेने की जानकारी मिली थी। इसी क्रम में सीबीआई ने आरोपी पुलिसकर्मी को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। सीबीआई ने 25 अगस्त को थाना अशोक विहार में तैनात दिल्ली पुलिस के आरोपी हेड कांस्टेबल और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोप है कि एक सब-इंस्पेक्टर (एसआई) और आरोपी हेड कांस्टेबल ने शिकायतकर्ता से उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज न करने के लिए 3 लाख रुपए की मांग की थी। बातचीत के बाद, आरोपी हेड कांस्टेबल ने शिकायतकर्ता के खिलाफ लंबित शिकायत को बंद करने के लिए 2 लाख रुपए की रिश्वत लेने पर सहमति जताई। आरोपी हेड कांस्टेबल ने शिकायतकर्ता को 25 अगस्त को ही 1 लाख रुपए का आंशिक भुगतान करने का निर्देश दिया। सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी हेड कांस्टेबल को एक लाख रुपए की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। शिकायतकर्ता से आंशिक भुगतान के रूप में एक लाख रुपए वसूले गए। फिलहाल, सीबीआई ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### राहुल-तेजस्वी के बिहार दौरे पर गिरिराज सिंह ने साधा निशाना, बोले-

# झूठ को सच नहीं बनाया जा सकता

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को बिहार में कांग्रेस की 'मतदाता अधिकार यात्रा' की आलोचना की और कहा कि विपक्ष झूठ को सच नहीं बना सकता। पत्रकारों से बात करते हुए, गिरिराज सिंह ने वोट चोरी के आरोपों को झूठा बताया। उन्होंने कहा कि वे बिहार के दौरे पर हैं, तो उन्हें दौरा करने दीजिए, यह उनका काम है, लेकिन वे झूठ को सच नहीं बना सकते। 'वोट चोरी' एक झूठ है। आज 26 अगस्त है, वे एक भी मतदाता का पंजीकरण क्यों नहीं करा पाए? इससे साबित होता है कि वे झूठ को सच बनाना चाहते हैं। विपक्ष पर वार करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि क्या वे (विपक्ष) चाहते हैं कि बांग्लादेशी यहां वोट दें? क्या ये लोग बिहार को भोला समझते हैं? क्या वे बिहार की जनता को गुमराह करना चाहते हैं? तंज भरे लहजे में भाजपा नेता ने कहा कि जो दो लोग (राहुल गांधी और तेजस्वी यादव) बिहार की सड़कों पर घूम रहे हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने दशकों तक गरीबों को वोट नहीं डालने दिया। क्या बिहार उन्हें नहीं जानता... उनके पास कोई जनसमर्थन नहीं बचा है और बार-बार हार की हताशा में वे भारत की संवैधानिक व्यवस्था को तोड़ने में लगे हैं। बिहार में मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूची पर लगाए गए।

## ईडी की बड़ी कार्रवाई, 500 करोड़ के विदेशी निवेश मामले में कई जगह छापे

**गुरुग्राम।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 500 करोड़ रुपए से अधिक के विदेशी निवेश मामले में एक कंपनी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने मंगलवार को दिल्ली और नोएडा में कई ठिकानों पर छापे मारे। ईडी, गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय की टीम ने यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, बिजनेस पार्क्स टाउन प्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड (बीपीटीपी) एक रियल एस्टेट कंपनी है, जो हरियाणा के फरीदाबाद में स्थित है। कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर काबुल चावला हैं, जबकि सुधांशु त्रिपाठी इसके व्होल टाइम डायरेक्टर हैं। ईडी ने मंगलवार को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम-1999 (फेमा) के प्रावधानों के तहत दिल्ली और नोएडा के कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया।

# 26 दिन में सिर्फ एक पार्टी ने उठाई आपत्ति, अब भी 6 दिन बाकी

एजेंसी। नई दिल्ली




भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के लिए दावे और आपत्तियों की प्रक्रिया के संबंध में दैनिक बुलेटिन जारी किया है। ईसीआई ने बताया कि 26 दिन बाद सिर्फ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सीसिस्ट-लेनिनिस्ट) (लिबरेशन) की ओर से 10 आपत्तियां मिली हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, 1 अगस्त 2025 (दोपहर 3 बजे) से 26 अगस्त (सुबह 10 बजे) तक की अवधि में प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए अब केवल 6 दिन शेष हैं और इन 26 दिनों के दौरान सिर्फ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सीसिस्ट-लेनिनिस्ट) (लिबरेशन) की तरफ से आपत्तियां मिली हैं, जिनका निपटारा 7 दिन में किया जाएगा। ईसीआई ने बताया कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के नए मतदाताओं से फॉर्म 6 (घोषणा-पत्र सहित) के तहत कुल 4,33,214 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनका निस्तारण अभी शेष है। साथ ही, योग्य मतदाताओं को शामिल करने और अयोग्य मतदाताओं को हटाने के लिए ईआरओ द्वारा अब तक कोई दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है। इसके अलावा, मतदाताओं से सीधे प्राप्त दावों और आपत्तियों की संख्या 1,62,453 है, जिनमें से 17,516 का निस्तारण 7 दिनों के बाद किया गया है।

### 'मेक इन इंडिया' सेल की आईएनएस उदयगिरि और हिमगिरि के निर्माण में बड़ी भूमिका

# फ्रिगेटों को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया

- ग्रेड स्टील की आपूर्ति कर देश की रक्षा क्षेत्र के साथ अपनी साझेदारी जारी रखी

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन संचालित, भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की स्टील उत्पादक और महारत्न कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), ने भारतीय नौसेना के दो उन्नत फ्रंटलाइन युद्धपोतों, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि के लिए लगभग 8,000 टन क्रिटिकल-ग्रेड स्टील की आपूर्ति करके देश के रक्षा क्षेत्र के साथ अपनी महत्वपूर्ण साझेदारी जारी रखी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में, विशाखापत्तनम में, आयोजित एक समारोह के दौरान, इन दोनों फ्रिगेटों को मंगलवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। सेल ने भारतीय नौसेना के इन दोनों उन्नत युद्धपोतों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कंपनी ने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDL) और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) के साथ साझेदारी करते हुए, अपने बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्टील प्लांट्स से क्रिटिकल ग्रेड की हॉट-रोल्ड शीट और प्लेट्स की आपूर्ति की। भारतीय नौसेना के लिए क्रिटिकल -ग्रेड स्टील के विकास और आपूर्ति के जरिये, सेल ने आयात प्रतिस्थापन और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह सीधे तौर पर 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' पहलों से जुड़ा हुआ है और रक्षा ज़रूरतों के लिए विशेष गुणवत्ता वाले स्टील उपलब्ध करने की दिशा में भारत की आयात पर निर्भरता को घटाता है। अकेले राउरकेला स्टील प्लांट के 'स्पेशल प्लेट प्लांट" ने टैंक, युद्धपोतों और मिसाइलों जैसे रक्षा अनुप्रयोगों के लिए एक लाख टन से भी अधिक क्रिटिकल - ग्रेड स्टील की आपूर्ति की है। आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि जैसे जहाजों को नौसेना में शामिल करना, यह दिखाता है कि भारत अब देश में ही अपने जहाजों के लिए बुनियादी स्टील से लेकर इनके जटिल डिजाइन बनाने और कुशल चालक दल तक को विकसित करने में सक्षम है, जो हमारे देश की रक्षा प्रणाली की ताकत और मज़बूत नींव को प्रदर्शित करता है। भारत के रक्षा क्षेत्र के साथ सेल की स्थायी साझेदारी अच्छी तरह से स्थापित है, जिसमें आईएनएस विक्रांत, आईएनएस नीलगिरी, आईएनएस अजय, आईएनएस निस्तार, आईएनएस अर्णाला, आईएनएस विंध्यगिरि और आईएनएस सूरत जैसे प्रतिष्ठित जहाजों के लिए महत्वपूर्ण-ग्रेड स्टील की आपूर्ति का एक गौरवपूर्ण इतिहास है। यह अटूट प्रतिबद्धता एक विश्वसनीय राष्ट्रीय निर्माता और देश के चल रहे नौसैनिक आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में सेल की स्थिति को मजबूत करता है।

# आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी नए वाहन को खरीदने की इच्छा पूरी होगी, जिससे घर में उत्साह का माहौल बना रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ बैठकर किसी मुद्दे को सुलझाने में सफल रहेंगें। आज आप अपने बिजनेस में कुछ नए उपकरणों को शामिल करेंगे, तो आपको अच्छा लाभ अवश्य मिलेगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल बना रहेगा। आज आपकी किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे मिलकर आपको ख़ुशी होगी। इस राशि के विदेश जाने की इच्छा रख रहे व्यक्तियों को अच्छा मौका मिल सकता है, आपकी फैमली आपको पूरा सपोर्ट करेगी। इसलिए बेहतर होगा आप अपने सामान की लिस्ट पहले से बना लें।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप अपने काम को बेहतर तरीके से पूरा करेंगें, जिससे आपके काम की तारीफ होगी। आज आप थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बिताएंगे, आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज शाम को आप माता जी से भविष्य को लेकर विचार-विमर्श करेंगे।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज किसी की मदद से आपके सरकारी कार्य बनेंगें। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज आपके नए व्यक्तियों के साथ सम्पर्क बनेगें, जो आपके व्यापार के लिए लाभदायक साबित होंगें।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप अपने कारोबार को आगे बढ़ाने का विचार कर सकतें हैं। आज आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। इस राशि के जो छात्र घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है | आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना बन रही है, आपके किसी काम से बॉस आपसे खुश रहेंगें। आज आपके कॉलेज का मित्र आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप बिजनेस में अच्छा धन लाभ कमायेंगें, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी | आज आप अपने खर्चों को नियंत्रित करें, जिससे आपको धन संचय करने में आसानी रहे। आज आपको किसी व्यक्ति से जीवन का अहम् सबक सीखने को मिलेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज रोजगार में आपके लिए नए रास्ते खुलेंगें, जिनका लाभ लेकर आप अपनी मंजिल तक पहुँच सकतें हैं। आज ऑफिस में आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग आपकी सहायता करेंगें। आज पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखेंगें, तो इससे आपके काम जल्दी निपट जायेंगें। आज आप किसी काम को करने में सफल रहेंगें, जिससे आपको तारीफ मिलेगी।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज पेंडिंग पड़े कार्यों को पूरा करने का दिन है, इसलिए आप दिन भर का शेड्यूल तैयार कर लें। आज आपका मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर किसी कारोबार की शुरुआत कर सकते हैं। आज आपको संतान से खुशखबरी प्राप्त होगी, ये उनके करियर को लेकर भी हो सकती है। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा।

**मीन :** आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज व्यापारिक से दृष्टि आपका दिन अच्छा है, आज आप बड़ा धन लाभ कमायेंगें। सेहत के लिहाज से आज आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। इस राशि के मार्केटिंग से जुड़े व्यक्तियों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज आप किसी मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश करे।

# डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 200% टैरिफ लगाने की धमकी दी...


## कहा- मेरे पास ऐसे कार्ड हैं, जिन्हें खोल दिया तो चीन बर्बाद हो जाएगा

**एजेंसी । वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन पर 200% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ट्रम्प ने कहा,' अगर चीन ने अमेरिका को पर्याप्त मात्रा में मैग्नेट (चुम्बक) की सप्लाई नहीं की, तो उनके आयात पर भारी टैरिफ लगाया जा सकता है। ट्रम्प ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि वह चीन के साथ बेहतर रिश्ता चाहते हैं, लेकिन व्यापारिक तनाव अभी भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि व्यापार विवाद में वॉशिंगटन की स्थिति से ज्यादा मजबूत है।

ट्रंप ने कहा, 'चीन के पास कुछ कार्ड हैं। हमारे पास भी कुछ कार्ड हैं, लेकिन मैं ये पत्ते नहीं खेलना चाहता। अगर मैंने ऐसा किया, तो चीन बर्बाद हो जाएगा। मैं ये पत्ते नहीं खेलूंगा।' ट्रम्प ने यह टिप्पणी साउथ कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ बैठक के दौरान की। ट्रंप ने आगे कहा कि उन्होंने हाल ही में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात की है और बीजिंग की यात्रा पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'किसी भी समय, शायद इसी साल या उसके तुरंत बाद, मैं चीन जा सकता हूं।' उन्होंने यह भी बताया कि शी जिनपिंग ने उन्हें न्यौता दिया है।

**अमेरिका ने चीन पर एक्स्ट्रा टैरिफ 90 दिन टाला था :** इससे पहले ट्रंप ने 12 अगस्त को 90 दिनों के लिए टाल दिया था। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया था कि उन्होंने यॅएस-चीन टैरिफ डेडलाइन 9 नवंबर तक बढ़ाने के एग्जीक्यूटिव ऑॅर्डर पर साइन किया है।



### ट्रंप का एक और अल्टीमेटम!

### 'गुल्लक नहीं अमेरिकी टेक कंपनियां' डिजिटल टैक्स पर होगी कार्रवाई...

- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने डिजिटल टैक्स लगाने वाले देशों को चेताया
- **कहा– ऐसे देशों को अपने निर्यात पर "अतिरिक्त शुल्क" झेलना पड़ेगा**
- ट्रंप के अनुसार, गूगल, फेसबुक, एप्पल, अमेज़न जैसी अमेरिकी कंपनियां निशाना बनीं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर डिजिटल कर लगाने वाले देशों को अमेरिका को अपने निर्यात पर "अतिरिक्त शुल्क" का सामना करना पड़ेगा, जब तक कि ये उपाय वापस नहीं लिए जाते। अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक लंबी पोस्ट में, ट्रंप ने कहा कि ये नीतियाँ अल्फाबेट की गूगल, मेटा की फेसबुक, एप्पल और अमेज़न जैसी अमेरिकी कंपनियों को अनुचित तरीके से निशाना बनाती हैं, जबकि चीनी तकनीकी दिग्गजों को छूट दी गई है। उन्होंने लिखा, "अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में, मैं उन देशों के खिलाफ खड़ा रहूँगा जो हमारी अद्भुत अमेरिकी तकनीकी कंपनियों पर हमला करते हैं।" "डिजिटल कर, डिजिटल सेवा कानून और डिजिटल बाज़ार नियमन, सभी अमेरिकी प्रौद्योगिकी को नुकसान पहुँचाने या उसके साथ भेदभाव करने के लिए बनाए गए हैं। ये अपमानजनक रूप से चीन की सबसे बड़ी तकनीकी कंपनियों को पूरी छूट भी देते हैं। यह सब खत्म होना चाहिए, और अभी खत्म होना चाहिए! राष्ट्रपति ने आगे कहा कि जब तक ये देश ऐसे कानूनों को वापस नहीं लेते, वह उनके उत्पादों पर "काफी अतिरिक्त शुल्क" और उन्हें मिलने वाली अमेरिकी तकनीक व चिप्स पर "निर्यात प्रतिबंध" लगा देंगे।

ट्रंप ने कहा, "अमेरिका और अमेरिकी तकनीकी कंपनियाँ अब दुनिया के लिए न तो 'गुल्लक' हैं और न ही 'दहलीज़'। अमेरिका और हमारी अद्भुत तकनीकी कंपनियों का सम्मान करें, वरना इसके परिणाम भुगतने होंगे!

## भारत का अमेरिकी कंपनी जीई से 8,300 करोड़ रू. का फाइटर जेट इंजन सौदा

***इसके लिए कहा जा रहा है :** 'यह सौदा वायुसेना की ताकत को बढ़ाने वाला, मेक इन इंडिया व आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए मील का पत्थर साबित होगा'*

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** उधर अमेरिका ने भारत पर 50% टैरिफ़ लगा दिया , इधर भारत, अमेरिकी कंपनी जीई से 1 बिलियन डॉलर का फाइटर जेट इंजन सौदा कर रहा है। जिसके बारे में कहा गया है कि यह सौदा वायुसेना की ताकत तो बढ़ाने वाला है ही , 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए भी मील का पत्थर साबित होगा। आने वाले दशक में भारत न सिर्फ लड़ाकू विमान बना सकेगा, बल्कि उनकी तकनीक में भी आत्मनिर्भर हो जाएगा। सो इस तरह भारत अपनी वायुसेना की ताकत को और मजबूत करने के लिए जल्द ही एक और बड़ा रक्षा सौदा अमेरिका से करने जा रहा है। इसी तरह के और भी कई सौदे पाइप लाइन में लाने की बात चल रही है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार भारत व अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के बीच लगभग 1 बिलियन डॉलर (लगभग 8,300 करोड़ रुपये) का समझौता सितंबर तक हो जाने की बात है।इस समझौते के तहत जीई, भारतीय लड़ाकू विमान एलसीए तेजस मार्क-1ए के लिए 113 नए जीई-404 इंजन उपलब्ध कराएगी। हाल ही में केंद्र सरकार ने 97 और एलसीए तेजस मार्क-1ए विमान खरीदने की मंजूरी दी थी। इससे पहले, 83 विमानों के लिए 99 जीई-404 इंजन का सौदा हो चुका है। अब जो 113 इंजन खरीदे जाएंगे, वे 97 नए विमानों में लगाए जाएंगे। इस तरह, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को कुल मिलाकर 212 इंजन लगातार सप्लाई मिल जाएंगे।

# ओपन एआई ने आईआईटी मद्रास के साथ लॉन्च किया लर्निंग एक्सेलरेटर

**ब्यूरो**




- ओपन एआई 5 लाख भारतीय छात्रों को मुफ्त में चैटजीपीटी का लाइसेंस व प्रशिक्षण देगा
- **भारत के कुल चैटजीपीटी यूजर में से 50 % यूजर की उम्र 24 साल से कम है , भारत में चैटजीपीटी के यूजर में छात्र ज्यादा हैं**
- भारत में लगभग 30 करोड़ छात्र हैं , इससे ज़्यादा चीन में हैं

**नई दिल्ली।** ओपन एआई की शिक्षा विभाग की प्रमुख लेह बेलस्की कहती हैं कि चैटजीपीटी जल्द ही भारतीय शैक्षणिक पाठ्यक्रमो से जुड़े जटिल सवालों के उच्च गुणवत्ता वाले जवाब भारतीय भाषाओं में देगा। भारत-प्रथम दृष्टि से लॉन्च किये गये ओपनएआई लर्निंग एक्सेलरेटर प्लेटफार्म और आईआईटी मद्रास के बीच एक नए साझा रिसर्च प्रोजेक्ट की भी घोषणा की। ओपेनएआई इस प्रोजेक्ट के लिए 5 लाख अमेरिकी डॉलर का अनुदान देगा। इस ग्रांट के तहत एआई से जुड़ी लम्बी अवधि का शोध होगा जिसमें इस बात का परीक्षण किया जाएगा कि एआई के प्रयोग से किस तरह सीखने की क्षमता बढ़ाई जा सकती है, शिक्षण के नए तरीके विकसित किये जा सकते हैं और इसमें कॉग्निनेटिव न्यूरोसाइंस से मिली अंतर्दृष्टि का उपयोग किया जा सकता है। लेह बेलस्की ने बताया कि अगले छह महीने में ओपनएआई 5 लाख भारतीय छात्रों को मुफ्त में चैटजीपीटी का लाइसेंस देगा व उन्हें इसका प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जिन लोगों को यह लाइसेंस मिलेगा उनमें छात्र व शिक्षक दोनों शामिल होंगे। ओपनएआई भारत के शिक्षा मंत्रालय व अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद तथा एराइज के सहयोग छात्रों व शिक्षकों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा। लेह बेलस्की ने कहा "एआई आजीवन मदद करने वाला निजी ट्यूशन टीचर बन सकता है। अध्यापकों के लिए एआई शिक्षण के मुख्य विषयों पर ज्यादा समय देने का अवसर उपलब्ध करा सकता है।" बेलस्की ने बताया, "हम ये इसलिए कर रहे हैं क्योंकि शिक्षा हमारे अभियान के केन्द्र में है। हमें सचमुच यकीन है कि एआई छात्रों के लिए शिक्षा का मतलब बदल सकता है। यह उनका आजीवन साथ रहने वाले निजी ट्यूटर बन सकता है। शिक्षकों के लिए एआई समय बचाने का माध्यम बन सकता है ताकि वो अपने विषय के मूल चीजों पर ध्यान दे सकें। संस्थानों के लिए एआई एक ऐसा मूलभूत ढाँचा बन सकता है जो उन्हें संस्थान के प्रबंधन में मदद कर सकता है साथ ही शिक्षण और शोध में भी सहायक हो सकता है।" भारत के लगभग 30 करोड़ छात्रों के बारे में टिप्पणी करते हुए बेलस्की ने कहा, "ओपनएआई भारत के शैक्षणिक परिदृश्य को सर्वाधिक विविधतापूर्ण मानता है। यहाँ आईआईटी जैसे विश्वस्तरीय संस्थानों से लेकर सीमित शैक्षणिक पहुँच वाले ग्रामीण स्कूल तक हैं जहाँ कम क्षमता वाले शिक्षक पढ़ाते हैं।" बेलस्की ने बताया कि चैटजीपीटी अब धरती का सबसे बड़ा लर्निंग प्लेटफार्म है। भारत के कुल चैटजीपीटी यूजर में से 50 % यूजर की उम्र 24 साल से कम है यानी भारत में छात्र चैटजीपीटी के यूजरों में छात्र ज्यादा हैं। हमारी टीम भारत में हफ्तों तक रहकर यह जानने का प्रयास किया कि यहां के छात्र और अभिभावक चैटजीपीटी का कैसे प्रयोग करते हैं। एक बात यह उभरकर आयी कि यहां अभिभावक चाहते हैं कि चैटजीपीटी बच्चों के लिए ट्यूटर की तरह काम करे न कि हर सवाल का जवाब देने वाली किसी मशीन की तरह।" बेलस्की ने बताया कि चैटजीपीटी को आईआईटी से लेकर सीबीएसई तक, विभिन्न भारतीय पाठ्यक्रमों के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है।


## वाजपेयी की 100वीं जयंती समिति में 128 नेता और प्रसिद्ध हस्तियां हुईं शामिल

# गडकरी का नाम नहीं होना संघ को खटक रहा

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भाजपा के पहले नेता जो भारत के प्रधानमंत्री बने थे वह थे अटल बिहारी वाजपेयी। उनका जन्म 25 अगस्त 2024 को ग्वालियर में हुआ था। भारत सरकार उनकी 100वीं जयंती को धूमधाम से मनाने की तैयारी शुरू की है। उनकी 100वीं जयंती के लिए 128 सत्ताधारी व पूर्व पदाधिकारी नेताओं , राज्यपालों व प्रसिद्ध लोगों की एक समिति बनाई गई है। जिसका अध्यक्ष भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी को बनाया गया है।इसके लिए भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की तरफ से जारी किए गए नोटिस में कहा गया है- "स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में, सक्षम प्राधिकारी ने एक उच्च स्तरीय समिति के गठन को अनुमोदित किया है। इस राष्ट्रीय स्तर की समिति का अधिदेश निम्नानुसार होगा -

1. स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के स्मरणोत्सव के लिए प्रारंभिक कार्यकलापों सहित नीतियां/योजनाएं, कार्यक्रम अनुमोदित करना तथा इनका पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन करना।
2. समारोह के विस्तृत कार्यक्रम के लिए सामान्य तारीखों पर निर्णय लेना। समिति की सिफारिशों पर सरकार द्वारा कार्यान्वयन हेतु विचार किया जाएगा जो वर्तमान नियमों, निर्देशों एवं प्रक्रियाओं के अध्यधीन होगा। संस्कृति मंत्रालय की तरफ से जारी की गई लिस्ट में समिति में भारत की पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, कृषि मंत्री शिवराज सिंह, नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, समेत कई अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री, कई पत्रकारों व अन्य महानुभावों के नाम हैं , लेकिन इसमें भाजपा के पूर्व अध्यक्ष तथा केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का नाम नहीं है। जिसको संघ के मुख्यालय नागपुर ने संज्ञान लिया है । इस लंबी -चौड़ी सूची में पूर्व भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का नाम नहीं होना संघ को खटक रहा है और इसे जानबूझकर किये जाने के तौर पर लिया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि अमूमन इस तरह की सूची केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा देखी जाती है , जो फिर संबंधित मंत्रालय द्वारा आगे आता है।फिलहाल इस सूची को लेकर कई तरह के निहितार्थ निकाले जा रहे हैं।



## अफगानिस्तान के विदेश मंत्री का भारत दौरा रद्द

**नई दिल्ली ।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की इस सप्ताह प्रस्तावित भारत यात्रा रद्द हो गई है। काबुल स्थित सूत्रों ने आईएएनएस से मंगलवार को इसकी पुष्टि की। 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद भारत और अफगानिस्तान के बीच रिश्तों में नया बदलाव देखने को मिला है। ऐसे में मुत्ताकी की दिल्ली यात्रा दोनों देशों के संबंधों के लिए अहम साबित हो सकती थी। यात्रा रद्द होने की वजह यह रही कि मुत्ताकी को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से यात्रा प्रतिबंध (ट्रैवल बैन) में छूट की मंजूरी नहीं मिली। एक सूत्र ने बताया, "भारत के विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को दिल्ली आने का निमंत्रण दिया था। सभी तैयारियां हो चुकी थीं, लेकिन अंतिम समय में यूएनएससी से अनुमति न मिलने के कारण यह दौरा रद्द करना पड़ा।



## कानपुर में नकली दवा के सबसे बड़े मार्केट पर छापा

# व्यापारी ने एसटीएफ औषधि विभाग की टीम को कार्रवाई रोकने के एवज में एक करोड़ रुपए रिश्वत पेशकश की

**संवाददाता**



**लखनऊ।** बिहार ,झारखंड , मध्य व पूर्वी उप्र में नकली दवाओं के तथाकथित बड़े सप्लायर सहित 6 लोगों को कानपुर में पकड़ा गया। इसमें नामजद मां मेडिकल एजेंसी का संचालक हिमांशु अग्रवाल ने एसटीएफ व औषधि विभाग की टीम को कार्रवाई रोकने के एवज में एक करोड़ रुपये रिश्वत की पेशकश की थी। टीम ने उसे रंगेहाथ पकड़कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में पहले ही केस दर्ज कराया। फिर उसे मेरठ की एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। वहीं अवैध कारोबार से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। टीम की जांच चौथे दिन भी जारी रही । एसटीएफ व औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने 22 अगस्त की शाम को सैय्यद गली, मोती कटरा स्थित 'हे मां मेडिको' पर छापा मारा था। उसके कार्यालय, प्रथम, द्वितीय और तृतीय तल पर टीम पहुंची थी। गोदाम पर सीजीएसटी की टीम पहले से कार्रवाई कर रही थी। इस कारण एसटीएफ की कार्रवाई नहीं हो सकी थी। तभी नकली दवाओं से भरे टेंपो को पकड़ा था। इसमें 87 लाख की दवाएं बरामद की गई थीं। इन दवाओं को 10 लाख के बिल पर लखनऊ भेजा जाना था। चालक आकिर मलिक ने बताया था कि वह कैंट स्टेशन से पार्सल लेकर आया है। टेंपो बरामद कर दवाओं की जांच दवा कंपनी ने की थी। इसमें दवाओं के नकली होने की पुष्टि की थी। अलेग्रा की टेबलेट बरामद हुई थीं। इस मामले में सोमवार को थाना कोतवाली में सहायक आयुक्त औषधि नरेश मोहन दीपक ने केस दर्ज कराया है। इसमें एमएस लॉजिस्टिक के संचालक यूनिस उस्मानी व वारिस, दवा कारोबारी हिमांशु अग्रवाल, फरहान, लखनऊ की फर्म के संचालक विक्की और सुभाष कुमार को नामजद किया है। आरोपी कुरियर कंपनी के संचालक फरार हैं। वहीं टीम लखनऊ की फर्मों के बारे में जानकारी जुटा रही है। एसटीएफ और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) की टीम को एक करोड़ रुपये की रिश्वत ऑफर करने के आरोपी दवा कारोबारी हिमांशु अग्रवाल को सोमवार को एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया गया। अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम अभिषेक उपाध्याय ने उसे 14 दिन न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोपी से बरामद एक करोड़ रुपये आगरा कोषागार में जमा कराने के आदेश दिए गए। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि बस्ती मंडल के एसएफडीए में सहायक आयुक्त नरेश मोहन दीपक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि आगरा के कमला नगर निवासी हिमांशु अग्रवाल बड़े पैमाने पर नकली दवाओं का कारोबार कर रहा है। वह अपनी टीम और एसटीएफ के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को आरोपी की हे मां मेडिको एजेंसी पर जांच के लिए पहुंचे थे। जांच के दौरान पता चला कि फर्म पर करोड़ों की जीएसटी चोरी और नकली दवाई का भंडारण किया जा रहा है। जांच के दौरान आरोपी एक करोड़ रुपये लेकर पहुंचा और टीम में शामिल अधिकारियों को रिश्वत लेकर उसे छोड़ने और किसी दूसरे का माल पकड़वाने की पेशकश की थी। एसटीएफ ने रिश्वत की रकम जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। एफएसडीए टीम ने भी बड़ी मात्रा में दवा जब्त की थी। दवा कारोबारी हिमांशु अग्रवाल को सोमवार को एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया गया। अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम अभिषेक उपाध्याय ने उसे 14 दिन न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। आरोपी से बरामद एक करोड़ रुपये कोषागार में जमा कराने के आदेश दिए हैं। वहीं एसटीएफ का कहना है कि आरोपी नकली दवाओं के मामले में दर्ज मुकदमे में नामजद किया है। इसमें भी उसकी रिमांड ली जाएगी।

# 'वह जो अपने मार्ग पर चलने में विश्वास रखता है व अलग-अलग मान्यताओं वाले लोगों का भी सम्मान करता है वह हिन्दू है' : भागवत



**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने '100 वर्ष की संघ यात्राः नए क्षितिज' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी यात्रा के 100 वर्ष पूरे कर रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सार हमारी प्रार्थना की अंतिम पंक्ति में निहित है, जिसे हम प्रतिदिन दोहराते हैं, 'भारत माता की जय'। मोहन भागवत ने कहा कि यह हमारा देश है और हमें इसकी प्रशंसा करनी चाहिए और इसे दुनिया में नंबर एक बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। मोहन भागवत ने कहा, "दुनिया करीब आ गई है, और इसलिए हमें वैश्विक स्तर पर सोचना होगा। स्वामी विवेकानंद ने एक बार कहा था प्रत्येक राष्ट्र का एक मिशन होता है जिसे पूरा करना होता है। भारत का भी अपना योगदान है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना का उद्देश्य भारत के लिए है, इसका कार्य भारत के लिए है, और इसका महत्व भारत के 'विश्वगुरु' बनने में निहित है। विश्व में भारत के योगदान का समय आ गया है।" हिंदू की परिभाषा बताते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख ने कहा, "हिंदू कौन है? वह जो अपने मार्ग पर चलने में विश्वास रखता है और अलग-अलग मान्यताओं वाले लोगों का भी सम्मान करता है।"मोहन भागवत ने कहा, "क्रांतिकारियों की एक और लहर आई थी। उस लहर से कई ऐसे उदाहरण निकले जो आज भी हमें प्रेरणा देते हैं। उस क्रांति का उद्देश्य आजादी के बाद समाप्त हो गया। वह लहर अब मौजूद नहीं है और उसकी आवश्यकता भी नहीं है, लेकिन वह लहर देश के लिए जीने व मरने की प्रेरणा थी। 1857 के विद्रोह के बाद कुछ लोगों ने राजनीति को आज़ादी हासिल करने का हथियार बनाया और इस नई लहर का नाम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस रखा गया। इससे कई राजनीतिक दल निकले। उन्होंने आजादी के अपने लक्ष्य को प्राप्त किया।


# सुप्रीम कोर्ट के एक पावरफुल सदस्य की ओर से केस को प्रभावित किया जा रहा था, इसलिए एक केस से खुद को अलग कर लिया' : एनसीएलएटी के जज

**ब्यूरो**



- **मामला है हैदराबाद स्थित रियल एस्टेट कंपनी, केएलएसआर इंफ्राटेक लिमिटेड के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही से संबंधित**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण के एक न्यायिक सदस्य जज शरद कुमार शर्मा ने एक मामले से खुद को अलग करने की वजह का खुलासा करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के एक सबसे सम्मानित सदस्य उस मामले के परिणामों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे।जस्टिस शरद कुमार शर्मा ने 13 अगस्त के अपने आदेश में कहा कि हमें यह देखकर अत्यंत दुःख हो रहा है कि हममें से एक सदस्य से इस देश की सर्वोच्च न्यायपालिका के सबसे सम्मानित सदस्यों में से एक ने एक विशेष पक्ष के पक्ष में आदेश प्राप्त करने के लिए संपर्क किया है। इसलिए मैं इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग करता हूं। मालूम हो कि मामले में 18 जून को आदेश सुरक्षित रख लिया गया था और पक्षों को अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने के लिए एक अतिरिक्त सप्ताह का समय दिया गया था। यह दिलचस्प मामला हैदराबाद स्थित रियल एस्टेट कंपनी, केएलएसआर इंफ्राटेक लिमिटेड के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही से जुड़ा है। इन्फ्रा-कंपनी ने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण की हैदराबाद पीठ के एक फैसले के खिलाफ अपील दायर की थी, जिसने एक लेनदार, एएस मेट कॉर्प प्राइवेट लिमिटेड को इसके खिलाफ कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू करने की अनुमति दी थी। अदालती रिकॉर्ड के अनुसार, एएस मेट कॉर्प ने आरोप लगाया कि केएलएसआर इंफ्राटेक ने रू. 2,88,79,417 की बकाया राशि, आपसी सहमति से तय ब्याज सहित, अभी तक अदा नहीं की है।दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता के अनुसार, एक परिचालन लेनदार भुगतान में चूक होने पर दिवालियापन की कार्यवाही शुरू कर सकता है, बशर्ते कि ऋण के अस्तित्व को लेकर कोई विवाद न हो। अदालती रिकॉर्ड बताते हैं कि कॉरपोरेट देनदार ( केएलएसआर इंफ्रा ) ने तर्क दिया कि वह "पिछले पांच वर्षों में 300 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार वाली एक लाभ कमाने वाली कंपनी है और इसलिए दिवालिया नहीं है।" उसने यह भी दावा किया कि 30 जून 2022 को लेनदार के निदेशकों के खिलाफ कदाचार का आरोप लगाते हुए एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी और दावा किया कि निदेशक फरार हैं।केस में यह भी तर्क दिया गया कि आपराधिक कार्यवाही के लंबित रहने से पक्षों के बीच विवाद का अस्तित्व दिखाई देता है, और इसलिए, दिवालियापन की कार्यवाही शुरू नहीं की जानी चाहिए। लेनदार ने जवाब दिया कि एफआईआर डिमांड नोटिस जारी होने के बाद ही दर्ज की गई थी और इसलिए यह पहले से मौजूद विवाद नहीं हो सकता। इसने यह भी स्पष्ट किया कि निदेशकों को तेलंगाना उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत मिल चुकी है और वे फरार नहीं हैं, और एफआईआर रद्द करने के लिए एक याचिका भी उच्च न्यायालय में लंबित है।

# नालसा योजना जागृति व संवाद से लाभांवित हो ग्रामीण : शिवानी सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर की देखरेख में नालसा द्वारा संचालित योजना -'संवाद' एवं 'जागृति' पर मांडर प्रखंड के महुआजरी पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी सहायक शिवानी सिंह, पीएलवी दानीश अंसारी, कालिंदर गोप, सोनी कुमारी, अफताब अंसारी, तालिब अंसारी, शामी अंसारी, राजा वर्मा एवं पंचायत भवन के कर्मचारी उपस्थित थे। शिवानी सिंह ने संविधान के अनुच्छेद-14,15 और अनुच्छेद 21 के बारे में लोगों को जागरूक किया तथा संविधान के अनुच्छेद 39ए के तहत सभी नागरिकों को विधिक सहायता दिये जाने के संबंध में गरीब, बेसहारा, जरूरतमंद लोगों को जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि वैसे व्यक्ति जो अपने बातों को न्यायालय में नहीं रख पाते हैं या न्याय पाने से वंचित रह जाते है, उनके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार हमेशा सेवारत है। सुश्री सिंह ने नालसा के द्वारा संचालित योजना घर-घर न्याय की जागृति, जो नालसा जागृति योजना - 2025 तथा नालसा संवाद योजना - 2025 के दोनों योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। इसी के साथ ही नालसा योजना संवाद एवं जागृति पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन का शुभारंभ बारीडीह पंचायत ओरमांझी से प्रारंभ किया गया। उक्त दोनों योजनाओं के तहत डालसा द्वारा पीएलवी के कार्यों के बारे में ग्रामीणों को बताया गया और उनकी समस्याओं का निदान किस प्रकार किया जाना है तथा सरकार द्वारा दी जानेवाली कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने पर चर्चा की गयी।

# पिता से मिला संस्कार हमारी ताकत व संबल : मथुरा महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक पूर्व मंत्री मथुरा प्रसाद महतो ने मंगलवार को अपने पिता ऋषिकेश महतो की 91वीं जयंती मनाई। दीनदयाल नगर स्थित आवास पर आयोजित इस जयंती समारोह में सबसे पहले उन्होंने अपने पिता के तस्वीर पर श्रद्धा के फूल अर्पित किया और शीश झुकाकर नमन किया। तत्पश्चात जयंती समारोह में उन्होंने कहा कि पिताजी भले ही हमारे बीच नहीं है मगर उनके दिए गए संस्कार हमारी ताकत व संबल है। आज बतौर विधायक टुंडी विधानसभा क्षेत्र सहित राज्य भर के लोगों की सेवा अपने पिताजी से मिले सद्गुणों व अच्छे आचरण की वजह कर रहा हूं। पिताजी हमेशा अन्याय व सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ रहते थे। पिताजी से मिली प्रेरणा के दम पर हमारा सामाजिक सरोकार भी बना हुआ है। इस अवसर पर मनोज महतो, मदन महतो, दिनेश महतो, दिवाकर महतो, सुमित महतो विकास महतो, अर्जुन महतो ,राजेश महतो और ऋतिक महतो सहित कई लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# छात्रवृत्ति को लेकर मंच के सदस्य आदिवासी कल्याण आयुक्त से मिले

**रांची।** अबुआ अधिकार मंच का प्रतिनिधि मंडल अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में झारखंड आदिवासी कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी से मुलाकात की। एंजेल नर्सिंग कॉलेज छात्रवृत्ति की समस्याओं अवगत कराया। मौके पर अभिषेक शुक्ला ने कहा कि कहा की सत्र 21–25 के छात्र छात्राओं का सत्र 23– 24 एवं 24 –25 का छात्रवृत्ति भुगतान अब तक नहीं हुआ है। शुक्ला ने कल्याण आयुक्त से कहा के जब इसकी मान्यता 2023 मे रद्द हुई तो सत्र 21– 25 के छात्र छात्राओं की छात्रवृत्ति को क्यों रोक दिया गया, इस मामले को गंभीरता से लेते हुए झारखंड राज्य आदिवासी कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी ने तुरंत सिमडेगा डीसी को इस पर संज्ञान लेने को कहा। प्रत्यानिधि मंडल मे मुख्य रूप से अभिषेक शुक्ला, अंकेश कुमार, पप्पू रजक, अस्मिता एक्का, निक्की करकेट्टा, विजेता करकेट्टा, नीलम सोरेंग, प्रशता तिर्की, नीना स्वेता, अंशु, शशि निकिता, सोरेंग आदि शामिल थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**फॉरेस्ट गार्ड नियुक्ति की नियमावली तीन...**

इस पर कोर्ट ने जेपीएससी और जेएसएससी से जानकारी मांगी। जेपीएससी की ओर से बताया गया कि रेंज फॉरेस्ट अफसर और असिस्टेंट कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट अफसर के लिए नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी माह में पीटी ली गयी है। शीघ्र ही नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। कर्मचारी चयन आयोग की ओर से बताया गया कि फॉरेस्ट गार्ड के लिए सरकार से अधियाचना आने के बाद नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। इसके बाद कोर्ट ने सरकार को तीन माह का समय दिया। मामले की अगली सुनवाई की तिथि 25 नवंबर निर्धारित की गई। बता दें कि लातेहार में हाथियों की मौत की खबरें प्रकाशित होने के बाद हाईकोर्ट इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है। पिछली सुनवाई में अदालत ने सरकार से यह बताने को कहा था कि राज्य में रेंजर और फॉरेस्टर के कितने पद रिक्त हैं। यह पद कब से रिक्त हैं और रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं।

**कार्यवाही शुरू होते सत्ता पक्ष ने लगाए...**

**सदन में अतिवृष्टि पर हुई विशेष चर्चा :** सदन में अतिवृष्टि पर विशेष चर्चा हुई। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा- कच्चे मकान को पक्का बनाना चाहिए। आज सरकार की ओर से यह घोषणा होनी चाहिए। गांव में पुल नहीं होने से पानी होने पर मरीज को खाट पर लेकर जाना पड़ रहा है। इस बरसात ने यह बता दिया है कि सरकार ने क्या काम किया है। रास्ते में नदी, नालों पर पुल पुलिया बनाना चाहिए। ताकि गांव में डॉक्टर पहुंच सके। बच्चे स्कूल जा सके। पक्की सड़क बना दें। उन्होंने कहा- इस प्राकृतिक आपदा ने जो इस बार हमें दिखाया है, उसे चुनौती के रूप में लेना चाहिए। अतिवृष्टि में कई लोगों की मौत हुई है। सरकार उनके परिवारों को जो सहयोग देती है, उसमें काफी समय लगता है। पीड़ित परिजनों को एक माह के अंदर वह मिलना चाहिए। लोग मुआवजे के लिए परेशान हो जाते हैं। वज्रपात में जानवरों की भी मौत हुई। इसमें भी पैसे मिलने में देरी होती है। ऐसे में मृत जानवर का मूल्य बिना विलंब किए एक सप्ताह में यह उपलब्ध करा देना चाहिए। इस अतिवृष्टि के कारण भदई फसल खत्म हो गई। किसानों को नुकसान की भरपाई जरूर करें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा- किसानों को खाद नहीं मिल रहा है। महंगे में मिल रहा है। कालाबजारी हो रही है। इसे भी ठीक करना चाहिए। अस्पताल के नाम पर किसानों की जमीन छिनी जा रही है। नगड़ी के लोग अपनी जमीन बचाने में लड़ेंगे तो खेती कब करेंगे। आदिवासी ही उजाड़ दिए जाएंगे तो फिर वह कहां जाएंगे। आदिवासियों की जमीन को ना उजाड़े।

**केंद्र से कम मिला यूरिया : कृषि मंत्री**

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा-झारखंड में पिछले साल से इस बार तीन गुणा ज्यादा बारिश हुई है। यह सामान्य से 70 प्रतिशत अधिक है। विभिन्न जगहों से नुकसान के आंकड़े आ रहे हैं। प्रभावित लोगों को आपदा निधि से मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा- यूरिया की खपत काफी बढ़ा है। हमें केंद्र से कम यूरिया मिला है। पूरे देश में यूरिया की कमी है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा-जनता को आज राहत चाहिए। राजनीति नहीं चाहिए। सभी जिलों के डीसी को निर्देश दिया गया है कि पूरे नुकसान का आंकड़ा पहुंचाइए। हमलोग मुआवजा देंगे। आपदा से निबटने के लिए हमने कई तैयारी की है।

**सुरज कुमार सिंह बने झारखंड चेयरमैन...**

मुख्यमंत्री कार्यालय, केंद्रीय चेयरमैन कार्यालय, केंद्रीय सचिवालय तथा राज्य स्तरीय कार्यालयों को भी भेज दी है। नियुक्ति की जिम्मेदारी मिलने के बाद सुरज कुमार सिंह गढ़वा जाने के क्रम में पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने संबंधित विषयों पर चर्चा की और पर्यावरण संवर्धन से जुड़े मुद्दों पर सहयोगात्मक प्रयासों पर विचार-विमर्श किया।

# लोक सेवा समिति के अध्यक्ष ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की शिष्टाचार मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लोक सेवा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्हें समिति की 34वीं वर्षगांठ पर आमंत्रित किया गया, जिसे सुनकर वे अत्यंत प्रसन्न हुए। संजय सेठ ने समिति को शुभकामनाएं दीं और आश्वस्त किया कि वे कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उनकी उपस्थिति से निश्चित रूप से समिति का यह महत्वपूर्ण अवसर और भी विशेष होगा। लोक सेवा समिति अपनी 34वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रही है। इस अवसर पर समिति ने पद्मश्री से सम्मानित महानुभावों, समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ-साथ झारखंड राज्य एवं देश के मंत्रियों को भी आमंत्रित किया है। यह आयोजन न केवल समिति के लिए बल्कि समाज के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। समिति की ओर से सभी आमंत्रित अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया जाएगा। लोक सेवा समिति की ओर से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का आभार व्यक्त किया जाता है कि उन्होंने अपना बहुमूल्य समय निकालकर हमें सम्मानित किया और हमारी वर्षगांठ में शामिल होने का वादा किया।


प्रपत्र VII **समाहरणालय, गढ़वा**

**(जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**अधिघोषणा**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या 918/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 21.08.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **NH-75** डेन्टल मोड़ से नावादोहरी पथ भाया हूर चार मुहान पथ चौडीकरण एवं मजबुतीकरण/पुर्ननिर्माण कार्य योजना हेतु ग्राम–झुरा, थाना–गढ़वा, थाना सं0–329, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा में कुल :– **1.78600** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **1.77500** एकड़ है और जो ग्राम–झुरा, थाना–गढ़वा, थाना सं0–329, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 25 | 297 | रैयती | – | 0.02000 | विजय कान्त दुबे व उमाकान्त दुबे पिता–स्व0 गुप्तेश्वर दुबे व आयूष दुबे पिता–स्व0 श्रीकान्त दुबे | उ0 रोड द0 पार्वती देवी पू0 नीज प0 रोड |
| 2 | 25 | 297 | रैयती | – | 0.03500 | पार्वती देवी पति–मुरारी तिवारी | उ0 गुप्तेश्वर दुबे द0 त्रिवेणी दुबे पू0 नीज प0 रास्ता |
| 3 | 25 | 297 | रैयती | – | 0.00400 | त्रिवेणी दुबे पिता–स्व0 लोचन दुबे | उ0 पार्वती देवी द0 रास्ता पू0 नीज प0 रोड |
| 4 | 92 | 291 | रैयती | – | 0.04000 | पंकज तिवारी पिता–उपेन्द्र तिवारी | उ0 ललन राम पू0 नीज द0 अजीत तिवारी प0 रोड |
| 5 | 92 | 291 | रैयती | – | 0.05000 | अजीत तिवारी पिता–उपेन्द्र तिवारी | उ0 पंकज तिवारी पू0 नीज द0 प्रदीप तिवारी प0 रोड |
| 6 | 92 | 291 | रैयती | – | 0.01000 | प्रदीप तिवारी पिता–उपेन्द्र तिवारी | उ0 अजीत तिवारी द0 सतेन्द्र कुमार तिवारी पू0 नीज प0 रोड |
| 7 | 92 | 291 | रैयती | – | 0.00900 | सत्येन्द्र कुमार वितारी | उ0 प्रदीप द0 पू0 प0 |
| 8 | 92 | 291 | रैयती | – | 0.01500 | जनार्द्धन तिवारी पिता–लक्ष्मी तिवारी | उ0 सत्येन्द्र तिवारी पू0 नीज द0 विजयकान्त दुबे प0 रोड |
| 9 | 92 | 291 | रैयती | – | 0.07200 | विजय कान्त दुबे व उमाकान्त दुबे पिता–स्व0 गुप्तेश्वर दुबे व आयूष दुबे पिता–स्व0 श्रीकान्त दुबे | उ0 जनार्द्धन तिवारी द0 रोड पू0 नीज प0 रोड |
| 10 | 92 | 291 | रैयती | – | 0.026 | अज्ञात | उ0 द0 पू0 प0 |
| 11 | 115 | 447 | रैयती | – | 0.01600 | सरस्वती देवी पति–विनोद कुमार ओझा | उ0 नीज द0 नीज पू0 रोड प0 नीज |
| 12 | 115 | 447 | रैयती | – | 0.01100 | पानपती देवी पति–उपेन्द्र पासवान | उ0 लक्ष्मण राम पू0 रोड द0 सरस्वती देवी प0 नीज |
| 13 | 115 | 447 | रैयती | – | 0.01200 | लक्ष्मण राम पिता–स्व0 विश्वनाथ राम | उ0 अनितराज देव पू0 रोड द0 लक्ष्मण राम प0 नीज |
| 14 | 115 | 447 | रैयती | – | 0.01600 | अनितराज देवी पति–सीता राम दुसाद | उ0 पतंजली केशरी पू0 रोड द0 लक्ष्मण राम प0 नीज |
| 15 | 115 | 447 | रैयती | – | 0.01200 | डॉ0 पतंजली केशरी पिता–डॉ आशोक केशरी | उ0 विनोद पासवान द0 अनितराज देवी पू0 रोड प0 नीज |
| 16 | 99 | 302 | रैयती | – | 0.001 | निरज कुमार तिवारी वगैरह पिता–स्व0 राम प्रवेश तिवारी | उ0 द0 पू0 प0 |
| 17 | 94 | 304 | रैयती | – | 0.00300 | उर्मिला देवी पति–प्रभु राम | उ0 दशरथ राम द0 नीज पू0 रोड प0 नीज |
| 18 | 91 | 224 | रैयती | – | 0.03900 | कईल राम पिता–स्व0 पलकनाथ राम व प्रभु राम पिता–स्व0 वटेमन राम | उ0 प्रभु राम द0 नीज पू0 रोड प0 नीज |
| 19 | 91 | 225 | रैयती | – | 0.01250 | धर्मदेव राम पिता–स्व0 असर्फी राम | उ0 ललन राम द0 प्रभु राम पू0 रोड प0 नीज |
| 20 | 91 | 225 | रैयती | – | 0.02950 | ललन राम पिता–तिलेश्वर राम | उ0 धर्मदेव राम द0 प्रभु राम पू0 रोड प0 नीज |
| 21 | 91 | 226 | रैयती | – | 0.02700 | प्रभु राम पिता–स्व0 बमेटन राम | उ0 उदय राम द0 ललन रा पू0 रोड प0 नीज |
| 22 | 91 | 227 | रैयती | – | 0.01500 | उदय राम वगैरह पिता–स्व0 रामदास राम | उ0 सुकन राम द0 प्रभु राम पू0 रोड प0 नीज |
| 23 | 86 | 228 | रैयती | – | 0.03100 | सुकन चमार पिता–स्व0 हिरामन राम | उ0 राघव राम द0 उदय राम पू0 रोड प0 नीज |
| 24 | 95 | 231 | रैयती | – | 0.00800 | राघव राम पिता–स्व0 परसु राम | उ0 शशि भूषण राम पू0 रोड द0 सुकन राम प0 नीज |
| 25 | 95 | 231 | रैयती | – | 0.01100 | शशि भूष राम पिता–स्व0 सरजु राम | उ0 राघव राम पू0 रोड द0 राघव राम प0 नीज |
| 26 | 95 | 231 | रैयती | – | 0.00700 | राघव राम पिता–स्व0 परसु राम | उ0 शशि भूषण राम द0 कृष्ण मुरारी प्रसाद पू0 रोड प0 नीज |
| 27 | 95 | 231 | रैयती | – | 0.00800 | कृष्ण मुरारी प्रसाद पिता–स्व0 रामगहन राम व गौरव कुमार पिता–स्व0 शिवनाथ प्रसाद | उ0 विश्वनाथ प्रसाद द0 राघव राम पू0 रोड प0 नीज |
| 28 | 95 | 231 | रैयती | – | 0.00700 | विश्वनाथ प्रसाद पिता–स्व0 सरजु राम | उ0 शशि भूषण द0 कृष्ण मुरारी प्रसाद पू0 रोड प0 नीज |
| 29 | 95 | 231 | रैयती | – | 0.01400 | शशि भूषण राम पिता–स्व0 सरजु राम | उ0 प्रमोद चौबे द0 विश्वनाथ प्रसाद पू0 रोड प0 नीज |
| 30 | 12 | 422 | रैयती | – | 0.04800 | लक्ष्मी नारायण तिवारी पिता–स्व0 रामजीत तिवारी | उ0 मालती देवी द0 रोड पू0 रोड प0 नीज |
| 31 | 01 | 420 | रैयती | – | 0.02800 | मालती देवी पति–कपिलदेव दुबे व तेतरी देवी पति–क्यास दुबे | उ0 लक्ष्मी नारायण तिवारी द0 पू0 प0 |
| 32 | 91 | 290 | रैयती | – | 0.01000 | अरविंद राम पिता–स्व0 सरेख राम | उ0 धर्मदेव राम पू0 नीज द0 मोतीलाल राम प0 रोड |
| 33 | 91 | 290 | रैयती | – | 0.01400 | मोतीलाल राम पिता–स्व0 नरेश राम | उ0 अरविंद राम पू0 नीज द0 ललन राम प0 रोड |
| 34 | 91 | 290 | रैयती | – | 0.01300 | ललन राम पिता–तिलेश्वर राम | उ0 मोतीलाल राम पू0 नीज द0 पंकज तिवारी प0 रोड |
| 35 | 72 | 266 | रैयती | – | 0.02300 | विजय राम पिता–सव0 करीमन राम | उ0 उदय राम द0 उदय राम पू0 नीज प0 रोड |
| 36 | 72 | 266 | रैयती | – | 0.01100 | उदय राम व विजय राम व संजय राम व अजय राम पिता–स्व0 रामदास राम | उ0 विजय राम द0 पिन्टू राम पू0 नीज प0 रोड |
| 37 | 69 | 269 | रैयती | – | 0.01700 | उदय राम व विजय राम व संजय राम व अजय राम पिता–स्व0 रामदास राम | उ0 विजय राम द0 पिन्टू राम पू0 नीज प0 रोड |
| 38 | 69 | 271 | रैयती | – | 0.00700 | उदय राम व विजय राम व संजय राम व अजय राम पिता–स्व0 रामदास राम | उ0 विजय राम द0 पिन्टू राम पू0 नीज प0 रोड |
| 39 | 65 | 272 | रैयती | – | 0.01800 | उदय राम व विजय राम व संजय राम व अजय राम पिता–स्व0 रामदास राम | उ0 विजय राम द0 पिन्टू राम पू0 नीज प0 रोड |
| 40 | 65 | 273 | रैयती | – | 0.01600 | उदय राम व विजय राम व संजय राम व अजय राम पिता–स्व0 रामदास राम | उ0 विजय राम द0 पिन्टू राम पू0 नीज प0 रोड |
| 41 | 64 | 274 | रैयती | – | 0.04800 | उदय राम व विजय राम व संजय राम व अजय राम पिता–स्व0 रामदास राम | उ0 विजय राम द0 पिन्टू राम पू0 नीज प0 रोड |
| 42 | 91 | 281 | रैयती | – | 0.02600 | पिन्टू राम व विरन राम पिता–स्व0 पलकनाथ राम | उ0 उदय राम द0 प्रभु राम पू0 नीज प0 रोड |
| 43 | 91 | 281 | रैयती | – | 0.02700 | प्रभु राम पिता–स्व0 बमेटन राम | उ0 पिन्टू राम द0 नानदेव राम पू0 नीज प0 रोड |
| 44 | 86 | 283 | रैयती | – | 0.03500 | नानदेव राम वगै0 पिता–स्व0 विपत राम | उ0 प्रभु राम द0 सुदेश राम पू0 नीज प0 रोड |
| 45 | 86 | 283 | रैयती | – | 0.00500 | सुदर्शन राम पिता–स्व0 फेकारू राम | उ0 नानदेव राम द0 रमझा राम पू0 नीज प0 रोड |
| 46 | 86 | 283 | रैयती | – | 0.02800 | रमझा राम वगै0 पिता–स्व0 समपत राम | उ0 सुदर्शन राम द0 प्यारी राम पू0 नीज प0 रोड |
| 47 | 97 | 285 | रैयती | – | 0.01400 | प्यारी राम पिता–स्व0 केश्वर राम | उ0 रमझा राम द0 पदुम राम पू0 नीज प0 रोड |
| 48 | 97 | 285 | रैयती | – | 0.01400 | पदुम राम पिता–स्व0 केश्वर राम | उ0 प्यारी राम द0 श्यामलाल राम पू0 नीज प0 रोड |
| 49 | 97 | 285 | रैयती | – | 0.00500 | श्याम लाल राम पिता–स्व0 प्रेम राम | उ0 पदुम राम द0 रोड पू0 नीज प0 रोड |
| 50 | 97 | 285 | रैयती | – | 0.01000 | विनोद पासवान पिता–स्व0 नथुनी राम | उ0 सुखाड़ी पासवान पू0 रोड द0 पतंजली केशरी प0 नीज |
| 51 | 117 | 436 | रैयती | – | 0.02300 | सुखाड़ी पासवान पिता–स्व0 लक्ष्मण पासवान | उ0 बसंत पासवान पू0 रोड द0 विनोद पासवान प0 नीज |
| 52 | 117 | 436 | रैयती | – | 0.01300 | बसंत पासवान पिता–स्व0 नथुनी राम | उ0 विजय कान्त दुबे वगै0 द0 सुखाड़ी पासवान पू0 रोड प0 नीज |
| 53 | 116 | 435 | रैयती | – | 0.01700 | विजयकान्त दुबे व उमाकान्त दुबे पिता–स्व0 गुप्तेश्वर दुबे व आयूष दुबे पिता–स्व0 श्रीकान्त दुबे | उ0 पुनदेव राम द0 बसंत पासवान पू0 रोड प0 नीज |
| 54 | 116 | 435 | रैयती | – | 0.00800 | पुनदेव राम पिता–स्व0 नन्देव राम | उ0 मुनारिक राम पू0 रोड द0 विजयकान्त दुबे प0 नीज |
| 55 | 116 | 435 | रैयती | – | 0.01200 | मुनारिक राम पिता–भोला राम | उ0 संतोष राम द0 पुनदेव राम पू0 रोड प0 नीज |
| 56 | 116 | 435 | रैयती | – | 0.01800 | संतोष राम पिता–स्व0 अकलू राम | उ0 रवि राम द0 मुनारिक राम पू0 रोड प0 नीज |
| 57 | 113 | 424 | रैयती | – | 0.02300 | रवि राम व विकास राम पिता–स्व0 कृष्ण देव राम | उ0 द0 पू0 प0 |
| 58 | 113 | 424 | रैयती | – | 0.01800 | अकलू राम | उ0 द0 पू0 प0 |
| 59 | 113 | 424 | रैयती | – | 0.03000 | नमी राम व प्रदीप राम व छोटन राम व अमर देव पिता–स्व0 तेतर राम | उ0 द0 पू0 प0 |
| 60 | 95 | 301 | रैयती | – | 0.01900 | दिनेश प्रसाद पिता–स्व0 सरजु राम | उ0 द0 पू0 प0 |
| 61 | 95 | 301 | रैयती | – | 0.01800 | विश्वनाथ चन्द्रवंशी पिता–स्व0 सरयू राम | उ0 द0 पू0 प0 |
| 62 | 95 | 301 | रैयती | – | 0.03000 | शशि भूषा राम पिता–स्व0 सरयू राम | उ0 द0 पू0 प0 |
| 63 | 95 | 301 | रैयती | – | 0.01000 | विश्वनाथ चंद्रवंशी पिता–स्व0 सरयू राम | उ0 द0 पू0 प0 |
| 64 | 95 | 301 | रैयती | – | 0.01300 | दिनेश प्रसाद पिता–स्व0 सरजु राम | उ0 द0 पू0 प0 |
| 65 | 93 | 300 | रैयती | – | 0.00800 | लाल बिहारी राम पिता–ऐतवारू राम | उ0 दिनेश प्रसाद पू0 द0 विजय प्रसाद प0 |
| 66 | 93 | 300 | रैयती | – | 0.00800 | विजय प्रसाद पिता–स्व0 बालधन चंद्रवंशी | उ0 द0 पू0 प0 |
| 67 | 46 | 181 | रैयती | – | 0.00800 | NH-75 प्रस्तावित रोड | उ0 द0 पू0 प0 |
| 68 | 92 | 232 | रैयती | – | 0.00600 | प्रमोद चौबे वगै0 पिता–स्व0 सुनर चौबे | उ0 उपेन्द्र तिवारी पू0 रोड द0 शशि भूषण राम प0 नीज |
| 69 | 92 | 232 | रैयती | – | 0.00600 | उपेन्द्र तिवारी पिता–स्व0 रामजी तिवारी | उ0 उदय राम वगै0 पू0 रोड द0 प्रमोद चौबे प0 नीज |
| 70 | 85 | 253 | रैयती | – | 0.01300 | उदय राम वगैरह पिता–स्व0 रामदास राम | उ0 नन्द गोपाल तिवारी पू0 रोड द0 उपेन्द्र राम प0 नीज |
| 71 | 85 | 253 | रैयती | – | 0.02800 | नन्द गोपाल तिवारी पिता–स्व0 गोविंद तिवारी | उ0 उदय राम वगै0 पू0 रोड द0 उदय राम वगै0 प0 नीज |
| 72 | 89 | 254 | रैयती | – | 0.06500 | उदय राम वगैरह पिता–स्व0 रामदास राम | उ0 रोड द0 नीज पू0 रोड प0 रोड |
| 73 | 89 | 255 | रैयती | – | 0.00600 | उदय राम वगैरह पिता–स्व0 रामदास राम | उ0 रोड द0 नीज पू0 नीज प0 रोड |
| 74 | 68 | 257 | रैयती | – | 0.10700 | शशिकान्त तिवारी व सुर्यकान्त तिवारी पिता–रामाधार तिवारी व दिलीप तिवारी व प्रदीप तिवारी व रीतीक तिवारी पिता–स्व0 नंद किशोर तिवारी व संतोष तिवारी व मनोज तिवारी व प्रमोद तिवारी पिता–गोरख तिवारी व सुरेश तिवारी व करेश तिवारी पिता–स्व0 कैलाश तिवारी | उ0 हूर सिवान द0 विजय गुप्ता पू0 नीज प0 रोड |
| 75 | 68 | 262 | रैयती | – | 0.01700 | शशिकान्त तिवारी व सुर्यकान्त तिवारी पिता–रामाधार तिवारी व दिलीप तिवारी व प्रदीप तिवारी व रीतीक तिवारी पिता–स्व0 नंद किशोर तिवारी व संतोष तिवारी व मनोज तिवारी व प्रमोद तिवारी पिता–गोरख तिवारी व सुरेश तिवारी व करेश तिवारी पिता–स्व0 कैलाश तिवारी | उ0 नीज द0 रोड पू0 नीज प0 रोड |
| 76 | 68 | 263 | रैयती | – | 0.01700 | शशिकान्त तिवारी व सुर्यकान्त तिवारी पिता–रामाधार तिवारी व दिलीप तिवारी व प्रदीप तिवारी व रीतीक तिवारी पिता–स्व0 नंद किशोर तिवारी व संतोष तिवारी व मनोज तिवारी व प्रमोद तिवारी पिता–गोरख तिवारी व सुरेश तिवारी व करेश तिवारी पिता–स्व0 कैलाश तिवारी | उ0 नीज द0 रोड पू0 नीज प0 रोड |
| 77 | 70 | 264 | रैयती | – | 0.02600 | शशिकान्त तिवारी व सुर्यकान्त तिवारी पिता–रामाधार तिवारी व दिलीप तिवारी व प्रदीप तिवारी व रीतीक तिवारी पिता–स्व0 नंद किशोर तिवारी व संतोष तिवारी व मनोज तिवारी व प्रमोद तिवारी पिता–गोरख तिवारी व सुरेश तिवारी व करेश तिवारी पिता–स्व0 कैलाश तिवारी | उ0 नीज द0 रोड पू0 नीज प0 रोड |
| 78 | 68 | 261 | रैयती | – | 0.01300 | विजय गुप्ता पिता–महेश साव | उ0 सुरेश तिवारी पू0 नीज द0 राजीव रंजन तिवारी प0 रोड |
| 79 | 66 | 261 | रैयती | – | 0.01200 | राजीव रंजन तिवारी व विपिन तिवारी | उ0 विजय गुप्ता द0 नीज पू0 नीज प0 रोड |
| 80 | 85 | 247 | रैयती | – | 0.02800 | जयमुनी तिवारी पिता–स्व0 रामलखन तिवारी व राजीव रंजन व विपिन तिवारी पिता–निवास तिवारी | उ0 मीरा कुंवर द0 नीज पू0 रोड प0 नीज |
| 81 | 63 | 526 | रैयती | – | 0.01600 | अज्ञात | उ0 रेनु तिवारी पू0 रोड द0 विकास महतो प0 नीज |
| 82 | 63 | 526 | रैयती | – | 0.01600 | अज्ञात | उ0 द0 पू0 प0 |
| 83 | 63 | 526 | रैयती | – | 0.01400 | रेणू तिवारी पति–दिपक तिवारी | उ0 नीज द0 दशरथ महतो पू0 रोड प0 नीज |
| 84 | 63 | 526 | रैयती | – | 0.13100 | पूर्व से रोड | उ0 द0 पू0 प0 |
| | | | | कुल :– | 1.77500 | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,

जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–झुरा, थाना–गढ़वा, थाना सं0–329, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

अमीन, जिला भू–अर्जन, गढ़वा | कानूनगो, जिला भू–अर्जन, गढ़वा | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

PR 360506 Land Reforms (25-26)_D

## ओमान ने किया टीम का ऐलान चार नए खिलाड़ियों को मौका




नई दिल्ली, 26 अगस्त (आईएएनएस)। ओमान क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप 2025 के लिए ओमान क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। जतिंदर सिंह की कप्तानी में 17 सदस्यीय टीम का ऐलान किया गया है। एशिया के इस सबसे बड़े और प्रतिष्ठित क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चुनी गई ओमान टीम में 4 नए खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। सुफियान यूसुफ, जिकरिया इस्लाम, फैसल शाह और नदीम खान को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। ओमान की टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का संतुलन है। टीम की घोषणा के बाद मुख्य कोच दलीप मेंडिस ने कहा, "हम एशिया कप में हिस्सा ले रहे हैं। यह एक बड़ा टूर्नामेंट है, जो हमारे खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का शानदार अवसर देगा। टी20 मैच में कुछ भी हो सकता है। एक ओवर का शानदार खेल सबकुछ बदल सकता है।" उन्होंने कहा, "हमारी तैयारी मजबूत रही है। एशिया कप ने हमें प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन का मौका दिया है।

## आईसीसी महिला विश्व कप 2025 ट्रॉफी दौरे ने इंदौर में उत्साह बढ़ाया




**इंदौर।** बीसीसीआई महिला विश्व कप 2025 का सह आयोजक है। विश्व कप ट्रॉफी टूर देश के प्रमुख शहरों में कराया जा रहा है। इसी सिलसिले में ट्रॉफी टूर इंदौर के प्रमुख स्थानों से गुजरा। इस दौरान क्रिकेट फैंस के बीच उत्साह देखा गया। इंदौर क्रिकेट के प्रति अपने जुनून के लिए जाना जाता है। शहर में विश्व कप ट्रॉफी का उत्साह के साथ स्वागत किया गया। ट्रॉफी को शहर के राजवाड़ा पैलेस, गांधी हॉल, केंद्रीय संग्रहालय, सिरपुर झील और पितृ पर्वत जैसे ऐतिहासिक और दर्शनीय स्थलों पर ले जाया गया। पांच दिवसीय दौरे में मुख्य आकर्षण इंदौर के स्कूलों का दौरा था। इसमें द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, निरंजना गर्ल्स स्कूल, एमराल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल, श्री सत्य साईं विद्या विहार, भवंस प्रॉमिनेंट इंटरनेशनल स्कूल और सन्मति हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल थे। छात्रों ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ ट्रॉफी का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने क्रिकेट-थीम वाले खेलों और क्विज में भाग लिया और विशेष आईसीसी मर्चेंडाइज और उपहार जीते। भारत की अंडर-19 क्रिकेटर आयुषी शुक्ला डीपी वर्ल्ड के साथ भवंस प्रॉमिनेंट इंटरनेशनल स्कूल में ट्रॉफी टूर में शामिल हुईं। उन्होंने बतौर क्रिकेटर अपनी अब तक की यात्रा को युवा क्रिकेटरों के साथ साझा किया और उन्हें इस खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।




### शूटिंग एशियन चैंपियनशिप

# सिफत कौर सामरा , अंजुम मुद्गिल आशी चौकसे की तिकड़ी ने जीता गोल्ड

**एजेंसी। शिमकेंट (कजाखस्तान)**

ओलंपियन सिफत कौर सामरा , अंजुम मुद्गिल और आशी चौकसे की तिकड़ी ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में मंगलवार को महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। विश्व रिकॉर्डधारी सामरा ने 589 स्कोर किया जबकि आशी का स्कोर 586 और अंजुम का 578 रहा। तीनों ने कुल 1753 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। जापान 1750 अंक लेकर दूसरे और दक्षिण कोरिया 1745 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। सामरा और आशी क्वालीफिकेशन में क्रमशः दूसरे और पांचवें स्थान पर रहकर व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में भी पहुंचे। भारत की श्रियांका साडंगी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी, लेकिन वह सिर्फ रैंकिंग अंकों के लिए खेल रही थी लिहाजा सामरा और आशी पहले और चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे। दो बार की ओलंपियन अंजुम 41 निशानेबाजों में 22वें स्थान पर रही। सोमवार को राष्ट्रीय खेल चैंपियन नीरू ढांडा ने महिला ट्रैप वर्ग में स्वर्ण जीता था।

### कज़ाकस्तान में छा गईं भारत की बेटियां

- 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता
- विश्व रिकॉर्डधारी सामरा ने 589 स्कोर किया जबकि आशी का स्कोर 586 और अंजुम का 578 रहा
- तीनों ने कुल 1753 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया
- दो बार की ओलंपियन अंजुम 41 निशानेबाजों में 22वें स्थान पर रही
- जापान 1750 अंक लेकर दूसरे और दक्षिण कोरिया 1745 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

### एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए टीम गोल्ड मेडल सिफत कौर सामरा कौन हैं?

*सिफत कौर सामरा ने 2022 एशियाई खेलों में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोज़िशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। वह 2024 के पेयर्स ओलंपिक में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व भी कर चुकी हैं।*

### एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए टीम गोल्ड मेडल जीतने वाली अंजुम कौन हैं?

*5 जनवरी, 1994 को जन्मी अंजुम मुद्गिल भारतीय शूटर हैं। वह 10 मीटर एयर राइफल और 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में भारत के लिए कई इंडिविजुअल और टीम मेडल जीत चुकी हैं। 2019 में वह अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित की गई थीं।*

### एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए टीम गोल्ड मेडल आशी कौन हैं?

*आशी चौकसे भारत की सबसे उभरती हुई शूटरों में शामिल हैं। 2022 में चौकसे ने बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप में मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था, जबकि इसी साल उन्होंने चांगवोन में आयोजित ISSF विश्व कप में टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीता।*

## प्रशसंको के लिए खुशखबरी, हॉकी इंडिया ने मुफ्त टिकटों की घोषणा की

**एजेंसी। राजगीर**


एशिया कप हॉकी का आगाज 29 अगस्त से बिहार के नालंदा जिले के राजगीर में हो रहा है। प्रशंसकों के लिए हॉकी इंडिया ने एक बड़ी सौगात दी है। हॉकी इंडिया ने घोषणा की है कि मैचों के लिए प्रशंसकों को निशुल्क प्रवेश टिकट दिया जाएगा। फैंस हॉकी इंडिया ऐप पर जाकर मुफ्त टिकट के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। उन्हें वर्चुअल टिकट दिया जाएगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा, "राजगीर में पुरुष एशिया कप की मेजबानी भारतीय हॉकी के



लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, और हम चाहते हैं कि हर प्रशंसक इस यात्रा का हिस्सा बने। प्रवेश निःशुल्क रखकर, हमारा उद्देश्य खेल को और अधिक सुलभ बनाना और परिवारों, छात्रों और युवा एथलीटों को विश्व स्तरीय हॉकी देखने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## कैरोलिना मुचोवा से हारकर वीनस विलियम्स का सफर समाप्त

**न्यूयॉर्क।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स का यूएस ओपन 2025 का सफर निराशाजनक तरीके से समाप्त हो गया। वीनस को कैरोलिना मुचोवा के खिलाफ तीन लगातार सेटों में हार का सामना करना पड़ा। 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा ने वीनस विलियम्स को 6-3, 2-6, 6-1 से हराया। सात बार की ग्रैंड स्लैम विजेता वीनस विलियम्स के सामने 2 घंटे तक चले मुकाबले में कमजोर साबित हुई। शुरुआती गेम में वीनस की सर्विस टूट गई और वह जल्दी ही 0-2 से पीछे हो गईं। उन्हें अपने दूसरे सर्विस गेम में तीन ब्रेक पॉइंट का सामना करना पड़ा, जिससे शुरुआत में ही डबल ब्रेक से पिछड़ने का खतरा था।



लेकिन उन्होंने तीनों बचा लिए और लगातार तीन गेम जीतकर 3-2 की बढ़त बना ली, लेकिन अगले चार गेम हारकर पहला सेट हार गईं। उन्होंने पहले गेम में सात डबल फॉल्ट किए। दूसरे सेट में उन्होंने शुरुआती गेम में मुचोवा की सर्विस तोड़ी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए नीदरलैंड ने 17 साल के खिलाड़ी को दिया मौका

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड की टीम तीन टी20 मैचों की सीरीज के लिए बांग्लादेश के दौरे पर आने वाली है। इस सीरीज के लिए नीदरलैंड ने 17 साल के खिलाड़ी सेड्रिक डी लांगे को मौका दिया है। डी लांगे ने क्लब और अंडर-19 दोनों स्तरों पर लगातार अच्छे प्रदर्शन के साथ-साथ हाल ही में प्रो सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन के दम पर अपनी जगह बनाई है। सेड्रिक डी लांगे को टीम में मौका दिए जाने पर कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने प्रसन्नता जताई। स्कॉट एडवर्ड्स ने कहा, "किसी युवा खिलाड़ी को टीम में शामिल करना हमेशा रोमांचक होता है। सेड्रिक ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। इसी आधार पर उन्हें मौका दिया गया है। हम यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि वह इस दौरे पर और अपने करियर में हमें क्या दे पाते हैं।" दाएं हाथ के तेज गेंदबाज सेबेस्टियन ब्राट और ऑलराउंडर सिकंदर जुल्फिकार को भी टीम में जगह दी गई है। ब्राट 2021 में नेपाल में डच टीम के साथ अपने पिछले दौरे के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहे हैं। उनका चयन प्रो सीरीज और घरेलू क्लब क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ है।



# भारत में 70,000 करोड़ का निवेश करेगी सुजुकी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मारुति सुजुकी की पहली इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर जापानी कंपनी सुजुकी के ग्लोबल प्रेसिडेंट तोशिहिरो सुजुकी ने कहा कि कंपनी अगले पांच से छह साल में भारत में 70,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी यह पैसा प्रोडक्शन बढ़ाने, नए मॉडल लॉन्च करने और भारतीय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए लगाएगी। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कार बाजार है। मोदी ने हंसलपुर प्लांट में पहली ई-विटारा को हरी झंडी दिखाई। सुजुकी ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने अपनी हाइब्रिड कारों के लिए लिथियम-आयन बैटरी सेल का प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। यह बैटरी कारों को चलाने में मदद करेगी। मारुति सुजुकी अपनी इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा को गुजरात प्लांट से 100 देशों में एक्सपोर्ट करेगी।

### शेयरों में उछाल

मारुति सुजुकी के शेयर की बात करें तो बाजार में गिरावट के बावजूद कंपनी का शेयर आज 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंच गया। बीएसई पर कंपनी का शेयर 1.82% तेजी के साथ 14721.30 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। कारोबार के दौरान यह 14721.30 रुपये तक गया जो इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर है। इसका 52 हफ्ते का न्यूनतम स्तर 10,725 रुपये है।




## एप्पल पुणे में 4 सितंबर को खोलेगा अपना चौथा रिटेल स्टोर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी एप्पल ने मंगलवार को कहा कि वह 4 सितंबर को पुणे में अपना पहला स्टोर खोलने जा रही है। यह कंपनी का देश में चौथा रिटेल स्टोर होगा। कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, यह एप्पल स्टोर पुणे के कोरेगांव पार्क में होगा। आईफोन बनाने वाली कंपनी की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया कि यह उद्घाटन देश में एप्पल के लिए एक महत्वपूर्ण विस्तार का प्रतीक है, जो पुणे में ग्राहकों को एप्पल उत्पादों को जानने और खरीदने के नए तरीके प्रदान करता है, और व्यक्तिगत रूप से एप्पल की असाधारण सेवा का अनुभव करता है। इससे पहले कंपनी दिल्ली और मुंबई में रिटेल स्टोर खोल चुकी है। वहीं, बेंगलुरु के हेब्बल में



2 सितंबर को नया रिटेल स्टोर खोलने का ऐलान किया है। अमेरिकी कंपनी ने कहा, "हेब्बल और कोरेगांव पार्क में खुलने जा रहे एप्पल रिटेल स्टोर्स में ग्राहक नई प्रोडक्ट लाइनअप के बारे में जानकारी प्राप्त करने, नई सुविधाओं का अनुभव करने और विशेषज्ञों, क्रिएटिव, जीनियस और समर्पित बिजनेस टीमों से विशेषज्ञ सहायता प्राप्त करने में सक्षम होंगे।"

## भारतीय उद्योगों को वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में 5-6 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि की उम्मीद: आईसीआरए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय उद्योग जगत को वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 5-6 प्रतिशत की मामूली राजस्व वृद्धि की उम्मीद है, जबकि वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही यह आंकड़ा 5.5 प्रतिशत पर था। यह जानकारी मंगलवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में दी गई। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वृद्धि को ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी मांग, प्रीमियमाइजेशन और संगठित क्षेत्र की कंपनियों की ओर बढ़ते रुझान से समर्थन मिलने की संभावना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस दौरान देश के क्रेडिट मेट्रिक्स भी स्थिर रहने की उम्मीद है, ब्याज कवरेज अनुपात 4.9 से 5.1 गुना के बीच अनुमानित है, जबकि वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में यह 4.9 गुना था। रिपोर्ट में कहा गया, "कमोडिटी की कीमतों में सालाना आधार पर नरमी आने से परिचालन लाभ मार्जिन में मजबूती दिखने की उम्मीद है। त्योहारी सीजन से मांग में तेजी और नीतिगत दरों में कटौती का असर उधारी दरों पर पड़ने से वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में ब्याज कवरेज अनुपात में थोड़ा सुधार हो सकता है।"



## अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ लागू होने से पहले शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स एक प्रतिशत फिसला

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली हुई। दिन के अंत में सेंसेक्स 849.37 अंक या 1.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 80,786.54 और निफ्टी 255.70 अंक या 1.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,712.05 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 935.30 अंक या 1.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,766.20 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 362.95 अंक या 2.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,548.60 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा लाल निशान में बंद हुआ। केवल एफएमसीजी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एचयूएल, मारुति सुजुकी, आईटीसी, टीसीएस और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप गेनर्स थे। सन फार्मा, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, एमएंडएम, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, एलएंडटी, टाइटन, बीईएल, टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड टॉप लूजर्स थे। व्यापक बाजार का रुझान भी नकारात्मक था। 728 शेयर हरे निशान में, 2,280 शेयर लाल निशान में और 78 शेयरों में बिना किसी बदलाव के कारोबार हो रहा है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी टैरिफ की समय सीमा कल समाप्त होने के कारण घरेलू बाजार में सतर्कता का माहौल है। रुपए में लगातार गिरावट से दबाव बढ़ रहा है और विदेशी संस्थागत निवेश पर और असर पड़ सकता है। निवेशक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के प्रयासों पर कड़ी नजर रख रहे हैं, जिसमें प्रस्तावित जीएसटी दरों में संशोधन और उच्च शुल्कों से प्रभावित उद्योगों के लिए क्षेत्र-विशिष्ट राहत उपाय शामिल हैं। एफएमसीजी को छोड़कर, सभी क्षेत्रों में व्यापक बिकवाली देखी गई, जिसमें खपत बढ़ने की उम्मीदों के चलते तेजी आई है।"

## फोनपे से लें होम इंश्योरेंस प्लान, 181 की प्रीमियम पर 12.5 करोड़ रुपए के कवरेज की सुविधा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

फिनटेक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फोनपे ने घरों की सुरक्षा के लिए एक सरल और किफायती समाधान खोज निकाला है। कंपनी ने आपके घरों और उसमें रखे कीमती सामान को आग, बाढ़, भूकंप, दंगे और चोरी जैसे गंभीर जोखिमों से बचाने के लिए नया होम इंश्योरेंस प्लान लॉन्च किया है। इसकी शुरुआती कीमत सिर्फ 181 रुपए है।

आपको 10 लाख से लेकर 12.5 करोड़ रुपए तक के कवरेज के लिए 181 रुपए (जीएसटी सहित) का प्रीमियम देना होगा। फोनपे ऐप पर इस किफायती प्लान के जरिए कस्टमर अपने घर और उसमें रखे फर्नीचर समेत कीमती वस्तुओं, दोनों का बीमा करा सकते हैं। फोनपे इंश्योरेंस ब्रोकिंग सर्विसेज के सीईओ विशाल गुप्ता ने कहा, "हमारा मानना है कि भारत में घर खरीदने की आकांक्षाएं पहले से कहीं अधिक हैं और फोनपे अपनी विशेषज्ञता के साथ इस यात्रा का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक है। हम हर भारतीय के लिए बीमा को सुलभ और किफायती बनाने के लिए




प्रतिबद्ध हैं।"

उन्होंने कहा, "हमारी नई गृह बीमा पेशकश का शुभारंभ इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो घर के मालिकों को अपनी सबसे प्रिय संपत्ति की आसानी से सुरक्षा करने में सक्षम बनाता है। हमारा विश्वसनीय समाधान सुरक्षा के भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है। फोनपे ऐप व्यापक और किफायती कवरेज के साथ मिनटों में डिजिटल रूप से बीमा मुहैया कराता है।" विशाल गुप्ता ने कहा कि हमने इसे देश की महत्वाकांक्षाओं के साथ विकसित करने के लिए बनाया है, जिससे ग्राहकों को ऑनलाइन सही पॉलिसी तलाशने और चुनने की सुविधा मिलती है।